CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 23°C

देहरादून, मंगलवार 5 अगस्त 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 363 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 10 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा कब मिलेगा: फारूक अब्दुल्ला पेज 2



ओवल टेस्ट: भारत की रोमांचक जीत, सिराज का पंजा खेल टाइम्स



अगस्त क्रांति: स्मृतियों के बीच राष्ट्रभक्ति पर सुलगते सवाल सम्पादकीय



रूस और ईरान से तेल खरीदना बंद नहीं करेगा चीन पेज 12

# मेरठ की तस्वीर बदल देगी नई टाउनशिप: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मेरठ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मेरठ को एक बड़ी सौगात दी। उन्होंने शहर में नई टाउनशिप परियोजना का भूमि पूजन किया और इसे नए मेरठ की तस्वीर की शुरुआत बताया। सीएम योगी ने कहा कि आज मेरठ में न्यू टाउनशिप की नींव रखी गई है और अब नए मेरठ की तस्वीर जल्द ही सभी के सामने होगी। यह योजना मेरठ के नागरिकों के लिए आधुनिक और सस्ती जीवनशैली लेकर आएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन के अंतिम सोमवार को शिलान्यास कर सभी को बधाई देता हूं। यह एनसीआर की ऐसी परियोजना है जिसे आज यहां प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि



मेरठ: भूमि पूजन करते हुए सीएम योगी व साथ में बैठे संसदीय राज्य मंत्री।

- मेरठ की पहचान अब एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल और खेल
- नई टाउनशिप परियोजना का भूमि पूजन किया

2517 करोड़ की इस परियोजना को 750 एकड़ भूमि में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत आवासीय, औद्योगिक और कमर्शियल सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे लोगों को रहने, व्यापार और रोजगार की सभी जरूरतें एक ही क्षेत्र में मिलेंगी, जो शहर की पहचान को पूरी तरह से बदल देगा। उन्होंने कहा कि इस टाउनशिप में लोगों को सस्ते दामों में घर उपलब्ध कराए जाएंगे और यह -शेष पृष्ठ दो पर

## आतंक को संरक्षण देती है सपा व कांग्रेस कोर्ट के हालिया फैसले इसका सबूत: योगी

**सहारनपुर (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा विरासत के संरक्षण के साथ-साथ विकास के लिए भी संकल्पित है। विरासत के संरक्षण के लिए मां शाकंभरी देवी कॉरिडोर बन रहा है। किसी भी मौसम में देशभर के श्रद्धालु आ सकते हैं। इसी तरह महाकुंभ में इतने श्रद्धालु आए, इससे कांग्रेस और उसके सहयोगी दल परेशान हैं। उन्हें परेशानी यह हो रही है कि सनातन धर्म का वैभव इतना ऊपर क्यों हो रहा है। उन्हें भारत की विरासत पर गौरव की अनुभूति नहीं हो रही है। कांग्रेस और सपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकी वारदात होती है, तो यह संरक्षण देने के लिए छाती चौड़ी करके आगे बढ़ने का काम करते हैं। हाल ही में दो घटनाओं पर न्यायालय ने निर्णय दिया। महाराष्ट्र के मालेगांव में कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने हिंदुओं को अभियुक्त बनाया था, जिसके खुलासे अब हो रहे हैं।

# रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए तीन दिन रोडवेज की यात्रा फ्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

- आठ अगस्त की सुबह से 10 अगस्त की रात्रि तक मिलेगी सेवा

**लखनऊ।** रक्षाबंधन के पर्व को देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने आठ अगस्त की सुबह से 10 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक यूपीएसआरटीसी की बसों व नगरीय बस सेवा की बसों में महिलाओं को नि:शुल्क यात्रा के लिए व्यवस्था करने के निर्देश परिवहन विभाग को दिए हैं।

अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि वर्ष 2017 में प्रदेश की बागडोर संभालने के बाद मुख्यमंत्री का रक्षाबंधन के पर्व के मद्देनजर माताओं और बहनों को नि:शुल्क यात्रा कराने का क्रम जारी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में माताओं और बहनों को नि:शुल्क यात्रा कराने का निर्देश दिया है। वर्तमान में उप्र परिवहन निगम के बेड़े में 13850 बसें शामिल हैं। जबकि 2022 में इनकी संख्या 12758 थी। बीते वर्ष रक्षाबंधन केवल एक दिन का था। इस बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 3 दिन नि:शुल्क यात्रा कराने का निर्देश दिया है। ऐसे में परिवहन निगम ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

## मालेगांव विस्फोट में भगोड़ों पर आरोप तय करने का रास्ता साफ

**मुंबई।** एनआईए की एक विशेष अदालत ने एजेंसी को फरार आरोपियों रामचंद्र कलसांगरा और संदीप डांगे की गिरफ्तारी के बाद उनके खिलाफ अलग-अलग आरोपपत्र दाखिल करने की अनुमति दे दी है। यह निर्देश 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में सात लोगों को बरी करने के अदालत के फैसले के साथ आया है। मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी कलसांगरा और डांगे, एनआईए द्वारा जांचे गए इस मामले में आधिकारिक तौर पर वांछित आरोपी (एए-1 और एए-2) के रूप में सूचीबद्ध हैं।

## दिल्ली में सांसद सुधा रामकृष्णन से चेन छीनी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कांग्रेस सांसद सुधा रामकृष्णन से चेन छीनने का मामला सामने आया है। घटना सोमवार सुबह 6 बजे तमिलनाडु भवन के पास की है। वे डीएमके सांसद रजती के साथ सैर कर थीं, तभी जब स्कूटी पर सवार बदमाश ने घटना को अंजाम दिया। चेन खींचने की वजह सांसद की गर्दन पर चोट आ गई है। दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सुधा ने सुधा ने लेटर लिखकर पुलिस, स्पीकर और गृह मंत्रालय को शिकायत की है। गृह मंत्री अमित शाह को लिखे लेटर में कहा, श्मेरी चार से ज्यादा सावरेन (करीब 32 ग्राम) वजन की सोने की चेन खो गई और मैं इस आपराधिक हमले से बहुत सदमे में हूं।

## बिहार में मतदाता सूची के मसौदे पर किसी दल की ओर से कोई आपत्ति नहीं

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार में नई मतदाता सूची के मसौदे पर सोमवार अपराह्न तीन बजे तक किसी भी राजनीतिक दल की ओर से नाम काटने या जोड़ने को लेकर कोई दावा या आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है पर मतदाताओं की ओर से तीन दिन में 1900 से अधिक दावे और आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। आयोग ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि एक अगस्त अपराह्न तीन बजे (मसौदा सार्वजनिक होने का समय) से चार अगस्त अपराह्न तीन बजे तक राजनीतिक दलों की ओर से एक भी दावा या आपत्ति नहीं दर्ज काराई गई है।

# चीन ने जमीन हड़पी, सबूत कहां?, SC ने राहुल से पूछा

## विश्वसनीय जानकारी क्या है, अगर आप सच्चे भारतीय होते, तो ऐसा नहीं कहते

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में लखनऊ कोर्ट में राहुल के खिलाफ चल रही कार्रवाई पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भारतीय सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष व लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को फटकार लगाई।

सुप्रीम कोर्ट ने पूछा आपको कैसे पता चला कि चीन ने भारत की 2000 वर्ग किमी जमीन पर कब्जा कर लिया है, विश्वसनीय जानकारी क्या है, अगर आप सच्चे भारतीय होते, तो ऐसा नहीं कहते। कोर्ट ने कहा कि जब सीमा पार संघर्ष चल रहा हो, तो क्या आप ये सब कह सकते हैं। आप संसद में सवाल क्यों नहीं पूछ सकते? आप (राहुल गांधी) विपक्ष के नेता हैं, संसद में बोलें, सोशल मीडिया पर नहीं बोलें। इसके साथ, सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में लखनऊ की कोर्ट में राहुल के खिलाफ चल रही कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। कोर्ट ने इस मामले में शिकायतकर्ता (उदय -शेष पृष्ठ दो पर

## भूपेश बघेल की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2160 करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाला समेत अन्य मामलों से जुड़े संबंधित धन शोधन के आरोपों में घिरे छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल को कोई राहत न देते हुए उनकी याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हालांकि पिता-पुत्र से कहा कि वे इस मामले में पहले हाईकोर्ट या निचली अदालत के समक्ष राहत की गुहार लगा सकते हैं।



## तमिलनाडु में विज्ञापन विवाद : सुप्रीम कोर्ट सरकार की याचिका पर शुक्रवार को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में जीवित व्यक्तियों के नाम और तस्वीरें लगाने पर रोक के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की ओर से दायर याचिका पर छह अगस्त को सुनवाई करेगा। पीठ ने राज्य सरकार की अपील पर शीघ्र सुनवाई करने की गुहार स्वीकार की। राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने मामले को अति महत्वपूर्ण बताते हुए याचिका पर तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया। मद्रास हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में तमिलनाडु की सरकार की विभिन्न विज्ञापनों में कल्याणकारी योजनाओं में जीवित व्यक्तियों, पूर्व मुख्यमंत्रियों, पार्टी नेताओं या राजनीतिक दलों के नामों और तस्वीरों के इस्तेमाल पर अंतरिम रोक लगा दी थी।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रणेता शिबू सोरेन नहीं रहे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/रांची।** पृथक झारखंड आंदोलन के अग्रदूत एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का सोमवार को यहां निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। श्री सोरेन एक माह से भी अधिक समय से यहां सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती थे।

उनका किडनी तथा हृदय संबंधी बीमारियों का इलाज चल रहा था। उन्होंने सोमवार सुबह अस्पताल में ही अंतिम सांस ली। श्री सोरेन के पुत्र एवं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर उनके निधन की जानकारी देते हुए लिखा कि आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सभी को छोड़कर चले गए हैं। आज मैं शून्य हो गया हूं। दिशोम गुरुजी के नाम से लोकप्रिय श्री सोरेन के निधन की खबर मिलते ही समूचे झारखंड में शोक की लहर दौड़ गई। पिछले कई दिनों से राज्य में उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना व दुआएं की जा रही थी।



## मुर्मू, मोदी व राहुल गांधी ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी, राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों तथा कई अन्य वरिष्ठ नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया के एक्स पर लिखा कि श्री सोरेन का निधन सामाजिक न्याय के क्षेत्र की एक बड़ी क्षति है। उन्होंने आदिवासी अस्मिता और झारखंड राज्य बनाने के लिए संघर्ष किया। प्रधानमंत्री मोदी ने शोक व्यक्त करते हुए लिखा कि श्री सोरेन जमीनी नेता थे। उनका जनता के प्रति अटूट समर्पण था। श्री मोदी ने अस्पताल पहुंच कर श्री सोरेन को श्रद्धासुमन अर्पित किए और शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। श्री गांधी ने कहा कि आदिवासी समुदाय की सशक्त आवाज रहे श्री सोरेन ने अपना जीवन उनके अधिकारों और हकों के लिए संघर्ष में खपा दिया।

## बांके बिहारी मंदिर विवाद: उप्र सरकार के अध्यादेश पर सुप्रीम कोर्ट का सवाल

- हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में समिति गठित करने का प्रस्ताव रखा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उप्र में वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर विवाद मामले में राज्य सरकार के अध्यादेश जारी करने पर सवाल उठाया और हाईकोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का भी प्रस्ताव रखा।

पीठ ने कहा कि श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास अध्यादेश, 2025 की वैधता पर उच्च न्यायालय द्वारा जब तक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक मंदिर के प्रबंधन की देखरेख के लिए एक सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित एक समिति को अपना काम करना चाहिए।

## जातीय रैलियों पर रोक मामले में सुनवाई तीन सितम्बर को

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने जातीय रैलियों पर रोक के मामले में केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने को समय देकर अगली सुनवाई तीन सितम्बर को नियत की है। पहले कोर्ट ने केंद्र सरकार को मामले में जवाब पेश करने का मौका दिया था। साथ ही कोर्ट ने याची को भी पिछले 10 साल में राजनीतिक दलों द्वारा आयोजित की गई जातीय रैलियों का ब्योरा नए हलफनामे पर दाखिल करने को कहा था।

## 'आप' के पूर्व मंत्री जैन को मिली बड़ी राहत

- चार साल चली जांच में नहीं मिले सीबीआई को भ्रष्टाचार के सबूत, राउज एवेन्यू कोर्ट ने बंद किया केस

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में पेशेवरों की अनियमित नियुक्ति और असंबंधित परियोजना निधि से भुगतान के आरोपों से संबंधित एक मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की तरफ से दायर क्लोजर रिपोर्ट राउज एवेन्यू कोर्ट ने स्वीकार कर ली है। मामला दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन और अन्य के खिलाफ था।

विशेष न्यायाधीश दिग्विनय सिंह ने कहा कि कई वर्षों की जांच के बावजूद आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम या किसी अन्य अपराध के तहत आरोपों का समर्थन करने के लिए कोई सुबूत नहीं मिला। कोर्ट ने कहा कि इतने लंबे समय बाद भी जांच एजेंसी को कोई सुबूत नहीं मिला ऐसे में आगे की कार्यवाही किसी काम की नहीं है। भ्रष्टाचार के प्रावधानों को लागू करने के लिए कुछ सामग्री तो होनी ही चाहिए। केवल कर्तव्य की उपेक्षा या कर्तव्य का अनुचित प्रयोग ही अधिनियम के तहत उल्लंघन नहीं माना जा सकता।

## पहलगाम हमले के आतंकी पाकिस्तानी थे, लोकल नहीं

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन महादेव में 28 जुलाई को मारे गए तीन आतंकी लोकल नहीं, पाकिस्तानी थे। यह जानकारी सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी ने सबूतों के आधार पर एक न्यूज एजेंसी को दी है। अधिकारी ने बताया कि आतंकियों और एनकाउंटर साइट से मिले 6 सबूत से स्पष्ट हुआ है कि वे पाकिस्तान से थे। एनकाउंटर साइट से सुरक्षाबलों को आतंकियों के पास से पाक वोटर आईडी समेत अन्य सबूत मिले थे। सुरक्षा एजेंसी ने इन सबूतों को पाकिस्तान के नेशनल डेटाबेस एंड रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी से मैच किया। आतंकियों के वोटर आईडी, बायोमेट्रिक रिकॉर्ड पाकिस्तान सरकार की ओर से जारी डिटेल्स से मैच हुए। इनमें सैटेलाइट फोन और जीपीएस डेटा भी शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि ये सबूत आतंकियों की पाकिस्तानी नागरिकता साबित करते हैं। जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के दाचीगाम नेशनल पार्क के पास हरवान इलाके में 28 जुलाई को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन पाकिस्तानी आतंकी मारे गए थे।

# शेख अली की गुमटी में पार्क का इस्तेमाल बैडमिंटन या बास्केटबॉल कोर्ट के रूप में न हो

- सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को कियोस्क या दुकानों सहित किसी भी व्यावसायिक गतिविधि के खिलाफ भी दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** लोधी-कालीन स्मारक 'शेख अली की गुमटी' परिसर के अंदर स्थित पार्क का इस्तेमाल बैडमिंटन या बास्केटबॉल कोर्ट के निर्माण के लिए नहीं किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यह आदेश दिया। इससे पहले शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार को लोधी-कालीन स्मारक 'शेख अली की गुमटी' को कानून के तहत संरक्षित स्मारक घोषित करने के लिए एक नई अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया था।

जस्टिस सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने अधिकारियों को इस क्षेत्र में कियोस्क या दुकानों सहित किसी भी व्यावसायिक गतिविधि के खिलाफ भी निर्देश दिया। शीर्ष अदालत को यह भी आश्वासन दिया गया कि चार खंडों वाले इस पार्क का रखरखाव और सौंदर्यकरण किया जाएगा, ताकि इसकी प्राकृतिक सुंदरता बनी रहे। इसका उपयोग आम जनता के लाभ के लिए किया जा सके। पीठ के 31 जुलाई के आदेश में कहा गया कि यहां केवल यही निर्देश दिया जाना चाहिए कि इसका उपयोग किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाना चाहिए। इसके साथ ही क्षेत्र की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट आदि का निर्माण जैसी कोई भी गतिविधि नहीं की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कोर्ट कमिश्नर को पार्क के रखरखाव और सौंदईकरण के लिए बागवानी विभाग सहित संबंधित विभागों के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया। मामले की सुनवाई 28 अगस्त के लिए निर्धारित की गई है। स्मारक को लेकर विवाद तब सामने आया, जब शीर्ष अदालत ने डिफेंस कालोनी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को अपने ढांचे खाली करने और 1960 के दशक से इस ऐतिहासिक स्थल पर कब्जे के लिए मुआवजे के रूप में दिल्ली सरकार के पुरातत्व विभाग को 40 लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत डिफेंस कॉलोनी निवासी राजीव सूरी की ओर से दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने प्राचीन स्मारक और पुरातात्विक स्थल एवं अवशेष अधिनियम, 1958 (एएमएएसआर अधिनियम) के तहत गुमटी को संरक्षित स्मारक घोषित करने की मांग की थी। दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से 2019 में उनकी याचिका खारिज करने के बाद शीर्ष अदालत में यह याचिका दायर की गई थी। शीर्ष अदालत नियमित रूप से अतिक्रमण हटाने, अवैध कब्जे हटाने और स्मारक या उसके आसपास के क्षेत्र के सौंदईकरण को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देती रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### काशी में छत और गलियों में हो रहा दाह संस्कार

**वाराणसी।** वाराणसी में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। अस्सी घाट, सामने घाट, शीतला घाट और दशाश्वमेध घाट से गंगा का पानी अब सड़कों की ओर बढ़ रहा है। मणिकर्णिका घाट पर छत पर और हरिश्चंद्र श्मशान घाट पर बाढ़ के कारण गलियों में शवदाह किया जा रहा है। अंतिम संस्कार के लिए दो से तीन घंटे इंतजार करना पड़ रहा है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार सोमवार को गंगा का जलस्तर 72.03 मीटर दर्ज किया गया। गंगा का जलस्तर एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। चेतावनी बिदु 70.26 मीटर, खतरे का बिंदु 71.26 मीटर और अधिकतम जलस्तर 73.90 मीटर है। मणिकर्णिका घाट पर शवदाह के लिए बलिया से आए सोहन कुशवाहा ने बताया कि उन्हें ढाई घंटे इंतजार करना पड़ा। गंगा के बढ़ते जलस्तर ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शवयात्री मुन्ना पाल ने बताया कि शवों की कतार लग रही है और गलियों में भी पानी प्रवेश कर चुका है।

### सोरेन के निधन पर योगी ने जताया दुख

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जनजातीय समुदाय के कल्याण के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सोमवार को लिखा, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का निधन अत्यंत दुखद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति एवं उनके शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## पूर्वी व पश्चिमी यूपी के 45 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

# प्रयागराज में गंगा-यमुना ऊफनी, घरों में पानी

**लखनऊ, वार्ता**

यूपी के अधिकांश जिलों में मूसलाधार बारिश की वजह से नदियों और नालों का जलस्तर बढ़ गया है। प्रदेश के 17 से ज्यादा जिले बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। सैकड़ों गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है, जिसकी वजह से अन्य गांवों से संपर्क कट गया है। बाढ़ के चलते हालात बिगड़ते दिखाई दे रहे हैं।

मौसम विभाग की चेतावनी और बारिश से हुए नुकसान को देखते हुए 23 जिलों में सभी स्कूल और कॉलेज को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 48 घंटों तक 45 जिलों में भारी से अति भारी बारिश और गरज-चमक के साथ बिजली



■ 23 जिलों में सभी स्कूल और कॉलेज को बंद रखने का आदेश, 250 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में

गिरने की चेतावनी जारी की है।

गंगा, यमुना, केन, सरयू और मंदाकिनी समेत तमाम नदी और नालों का जलस्तर बढ़ा हुआ है। प्रयागराज में गंगा-यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। 180 से अधिक मोहल्ले और गांवों में बिजली आपूर्ति और पठन-पाठन बाधित हो गया है। इसे देखते हुए प्रशासन की ओर से हाई अलर्ट घोषित किया गया है। चेतावनी बिंदु को पार करने के बाद गंगा-यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से कई मीटर ऊपर पहुंच गया है। प्रयागराज और कौशांबी में 250 से अधिक गांव और मोहल्ले बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इनमें ज्यादातर गांव-मोहल्ले प्रयागराज के हैं। कानपुर, लखीमपुर खीरी, बांदा, चित्रकूट, आगरा, चंदौली, वाराणसी, प्रयागराज, हमीरपुर, इटावा, गाजीपुर, मीरजापुर, औरैया और फतेहपुर जिलों के चार सौ गांव बाढ़ की चपेट में है। बारिश और बाढ़ की वजह से इन इलाकों में 80,392 लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि 343 मकान क्षतिग्रस्त हो गए। प्रशासन की ओर से बाढ़ से राहत दिलाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में नाव के जरिए खाने-पीने का सामान और दवाइयां पहुंचाई जा रही हैं।

### मुजफ्फरनगर, शामली व सहारनपुर में भारी बारिश की चेतावनी जारी

आईएमडी ने 45 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है, जिनमें लखनऊ, अयोध्या, रायबरेली, अमेठी, प्रयागराज, मिर्जापुर, संभल, बाराबंकी, भदोही, कानपुर, बरेली, मुरादाबाद, अंबेडकर नगर, सीतापुर, लखीमपुर, गाजीपुर, बांदा, चित्रकूट, एटा, रामपुर, बदायूं, अमरोहा, सोनभद्र, संत रविदास नगर, बलिया, देवरिया, उन्नाव, बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, आजमगढ़, मऊ, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मैनपुरी, इटावा, औरैया, कासगंज, जौनपुर, बस्ती और फतेहपुर शामिल हैं।

## उप्र में बाढ़ प्रभावित इलाकों में उतरे प्रभारी मंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र में खासतौर से पूर्वांचल के कई जिलों में बाढ़ के हालात के बीच योगी सरकार के मंत्रियों ने अपना काम शुरू कर दिया है। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री बाढ़ की स्थिति पर कड़ी नज़र रख रहे हैं और प्रभावी राहत प्रयासों को सुनिश्चित करने के लिए समय पर निर्देश जारी कर रहे हैं, जबकि राज्य के मंत्री प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे हैं।

प्रवक्ता ने कहा कि 'हर पीड़ित तक सरकार' के सिद्धांत के प्रति प्रतिबद्धता, मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि हर प्रभावित व्यक्ति तक सहायता पहुंचनी चाहिए। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीएसी द्वारा बचाव अभियान जारी है, स्थानीय प्रशासन जमीनी स्तर पर चौबीसों घंटे समन्वय सुनिश्चित कर रहा है।

राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने कहा कि बाढ़ ने 37 तहसीलों और 402 गांवों को प्रभावित किया है, जिससे 84,392 लोग प्रभावित हुए हैं। इनमें से 47,906 को पहले ही सहायता मिल चुकी है और 2,759 जानवरों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी ने अपने मंत्रियों को भी जिम्मेदारी दी है। उन्होंने संबंधित मंत्रियों और अधिकारियों से कहा है कि यह सहानुभूति, सतर्कता और जनसेवा का समय है। हर सरक. ारी अधिकारी और संसाधन ज़रूरत की घड़ी में लोगों के साथ खड़े होने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा कब मिलेगा: फारूक

**श्रीनगर, वार्ता**

5 अगस्त को भारत के संविधान से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के भारत सरकार के फैसले को 6 साल पूरे होने वाले हैं, जिसे लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने भाजपा की तरफ इशारा करते हुए कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर को बेहतर बनाने की दिशा में क्या प्रयास किए हैं?

भाजपा सरकार ने पिछले छह सालों में जम्मू-कश्मीर में सुधार के नाम पर क्या किया है। मुझे ये पूरा भरोसा है कि एक दिन उनको ये फैसला करना ही पड़ेगा। इसके अलावा कोई और रास्ता नहीं बचा। यहां जम्मू-कश्मीर में राजभवन में एक वायसराय बैठे हैं, लेकिन



मुख्य व्यक्ति राजभवन में बैठे वायसराय ही हैं। इस व्यवस्था को बदलने का समय आ गया है, यह एक लोकतांत्रिक देश है। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में जारी मुठभेड़ पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मैंने कभी नहीं कहा कि आतंकवाद पूरी तरह खत्म हो गया है, लेकिन जो लोग ये कहते थे कि अनुच्छेद 370 आतंकवाद के लिए जिम्मेदार है, वो कई सालों तक यहां प्रभारी थे। पहलगाम हमले से पहले उन्होंने दावा किया था कि उन्होंने सभी आतंकी शिविरों को खत्म कर दिया है।

### मानसून सत्र का छोटा रखना जनसमस्याओं पर चर्चा से भागना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 11 अगस्त से विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होने जा रहा है। यह सत्र केवल चार दिन ही चलेगा। छोटे सत्र को लेकर अब समाजवादी पार्टी ने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि सरकार जनता की समस्याओं पर चर्चा से भाग रही है। सरधना विधानसभा से सपा विधायक अतुल प्रधान ने विधानसभा सत्र की समयावधि को कहा कि उत्तर प्रदेश 403 विधानसभाओं का एक विस्तृत राज्य है। प्रदेश की जनता और जनप्रतिनिधि इंतजार करते है कि विधानसभा सत्र चलेगा और आम जन की समस्याओं और परेशानियों के निराकरण के लिए एक मंच तैयार होगा, लेकिन उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार नही चाहती कि प्रदेश की जनता की समस्याओं का निराकरण हो।

## पहली सितम्बर से बंद हो जाएगी डाक विभाग की रजिस्ट्री सेवा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** दो दशक से भी ज्यादा समय बाद 1877 में डाक विभाग की तरफ से शुरू की गई रजिस्ट्री पोस्ट सेवा पहली सितंबर से इतिहास के पन्नो में दर्ज हो जाएगी। भारतीय डाक विभाग ने रजिस्ट्री सेवा को बंद करने का निर्णय लिया है। विभाग की तरफ से विकल्प के तौर पर स्पीड पोस्ट सेवा जारी रहेगी।

डाक विभाग ने सभी विभागों, अदालतों, संस्थानों और लोगों को 1 सितंबर से नई व्यवस्था का उपयोग करने को कहा है। हालांकि 31 अगस्त तक यह सेवा पहले की तरह चलती रहेगी। लखनऊ के पोस्ट मास्टर जनरल सुनील कुमार ने बताया कि यह मंत्रालय का निर्णय है। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्री सेवा को स्पीड पोस्ट में मर्ज कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्पीड पोस्ट सेवा कम समय मे डिलीवर होने के साथ ही इसकी ट्रैकिंग भी आसान है। शायद इस वजह से मंत्रालय ने निर्णय लिया है।

गौरतलब है कि 2000 के दशक तक डाकघरों में रजिस्ट्री चिट्ठी या रजिस्टर्ड पार्सल का अपना एक अलग रुतबा होता था। रजिस्ट्री वाली चिट्ठी भेजने के लिए अलग से काउंटर होता था। डाकघर वाले उसके लिए आपको एक रसीद काट कर देते थे। उस चिट्ठी के डिलीवर होने पर आपको पावती या एकनॉलेजमेन्ट भी मिलता था। कुल मिला कर यह डाकघर की प्रीमियम सर्विस थी। इस सर्विस को डाक विभाग ने अब बंद करने का फैसला किया है। वही रजिस्ट्री चिठी या रजिस्टर्ड पोस्ट की अभी तक बड़ी इज्जत रही है। कोई महत्वपूर्ण कागजात भेजना हो, बाहर पढ़ने वाले बच्चों को बैंक ड्राफ्ट बना कर भेजना हो या रक्षा बंधन पर राखी, सबके लिए रजिस्टर्ड पोस्ट का इस्तेमाल होता है। आजादी के बाद से ही रजिस्टर्ड पोस्ट बेहद भरोसेमंद माना जाता था। सरकार भी अपाइन्टमेंट लेटर भेजने में इसका इस्तेमाल करती रही है। साथ ही अदालत भी कानूनी नोटिस इसके जरिए भेजा करती थी।

## बगैर यूजीसी की मान्यता के ड्यूल डिग्री प्रोग्राम चलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बगैर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मान्यता के ड्यूल डिग्री प्रोग्राम चलाने शिक्षण संस्थानों सहित एडटेक कम्पनियों को यूजीसी ने चेतावनी दी है। यूजीसी ने कहा है कि दोषी उच्च शिक्षा संस्थानों और एडटेक कंपनियों के विरुद्ध लागू कानूनों/नियमों/विनियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही आयोग ने छात्रों को भी सतर्क रहने को कहा है। यूजीसी के सचिव प्रो मनिष आर जोशी के स्तर से जारी नोटिस में कहा गया है कि कई उच्च शिक्षा संस्थानों/कॉलेजों ने आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त न होने वाले विदेशी-आधारित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोगात्मक समझौते किए हैं। ऐसे विदेशी-आधारित शैक्षणिक संस्थानों/कॉलेजों में नामांकित छात्रों को डिग्री जारी करने की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। इसी प्रकार कुछ एडटेक कंपनियां भी कुछ विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों के सहयोग से ऑनलाइन माध्यम से डिग्री और डिप्लोमा कार्यक्रमों की पेशकश करते हुए समाचार पत्रों/सोशल मीडिया/ टेलीविज़न आदि में विज्ञापन दे रही हैं। नोटिस में सचिव ने कहा है कि जबकि इस प्रकार का कोई भी व्यवस्था विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है। साथ ही इन संस्थानों की डिग्रियां भी आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं हैं।



सेंसेक्स 81081.72
निफ्टी 24722.75

सोना रु. 99759
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 111508
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी, सेंसेक्स 0.52 व निफ्टी 0.64 प्रतिशत लाभ में बंद

**मुंबई, वार्ता**

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बावजूद भारतीय शेयर बाजारों ने सप्ताह के पहले दिन सोमवार को मजबूती दिखाई और बीएसई का 30 प्रमुख शेयरों वाला सेंसेक्स 418.81 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,018.72 अंक और एनएसई का निफ्टी.50 भी 157.40 अंक (0.64 प्रतिशत) सुधरकर 24,722.75 अंक पर बंद हुआ।

स्थानीय बाजारों में धातु, वाहन, मीडिया, निर्माण और आईटी कंपनियों के शेयरों में निवेशकों का विश्वास बढ़ा हुआ था, जबकि बैंकिग क्षेत्र के शेयरों में मिला-जुला रुख दिखा। बीएसई के 30 में से 26 शेयर लाभ और चार हानि में बंद हुए। लाभ में रहे प्रमुख शेयरों में टाटा मोटर्स में 4.31 प्रतिशत, बीईएल में 3.55



प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स में 3.24 प्रतिशत और टेक महिंद्रा में 2.53 प्रतिशत की अच्छी तेजी दर्ज की गयी। टीसीएस, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स तथा मारुति सुजुकी भी लाभ में रहे। एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और स्टेट बैंक में भी हल्की तेजी रही। इसके विपरीत, पावर ग्रिड 1.10 प्रतिशत टूट गया। एचडीएफसी बैंक में करीब एक प्रतिशत और आईसीआईसीआई बैंक में 0.60 प्रतिशत की गिरावट रही। हिदुस्तान यूनीलिवर लीवर में 0.25 प्रतिशत घाटे में रहा। सेंसेक्स सुबह 80,765.83 अंक पर तेजी की धारणा के साथ खुला और बीच में ऊपर में 81,093.19 तथा नीचे में 80,500.51 तक गया था। पिछले सप्ताहांत यह 80,599.91 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी-50 सुबह 24,596.05 अंक पर खुलने के बाद नीचे 24,554 अंक और ऊपर 24,736.25 अंक तक जाने के बाद अंत में 24,722.75 अंक पर बंद हुआ जो पिछले बंद से 157.40 (0.64 प्रतिशत) अधिक है। निफ्टी बैंक पिछले स्तर पर बना रहा जबकि अपेक्षाकृत व्यापक बाजार का प्रतिनिधित्व करने वाले निफ्टी-100 में 0.72 प्रतिशत का सुधार दर्ज किया गया। एनएसई में कुल 3,093 शेयरों में खरीद-फरोख्त हुई जिनमें से 1,833 लाभ में और 1,168 हानि में बंद हुए।

### सोने का दाम बढ़कर 99,759 प्रति 10 ग्राम हुआ

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने-चांदी के दाम में बढ़त देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 1,506 रुपए बढ़कर 99,759 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने का भाव 98,253 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 1,862 रुपए बढ़कर 1,11,508 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,09,646 रुपए पर थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,100 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,450 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,000 रही। सोना केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है।

## एफडीआई में हुई कई गुना वृद्धि, यूपी बना निवेशकों की पहली पसंद

**लखनऊ।** 2017 से पहले यूपी निवेश मानचित्र पर मुश्किल से स्थान पा रहा था, वहीं अब यह राज्य वैश्विक निवेशकों के लिए पहला विकल्प बन गया है। पिछले आठ वर्षों में लाखों करोड़ का निवेश और दुनिया भर के निवेशकों का उत्तर प्रदेश की ओर रुझान इसी ओर इशारा कर रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वर्ष 2000 से 2017 तक 17 वर्षों में यूपी को महज तीन हजार करोड़ रुपए का एफडीआई प्राप्त हुआ था। 2016-17 में यह आंकड़ा गिरकर 50 करोड़ रुपए तक सिमट गया था, जो राज्य की छवि और औद्योगिक अभाव को दर्शाता है। राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिग औसत थी, सिगल विडो सिस्टम जैसी बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी थी। यही नहीं, औद्योगिक विकास के लिए न तो स्पष्ट विज़न था और न ही स्थिर कानून व्यवस्था, जिससे निवेशकों में विश्वास की कमी बनी रही। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने 'निवेश के लिए सर्वश्रेष्ठ गंतव्य' बनने का संकल्प लिया। इसके चलते 2019 से 2023 के बीच यूपी ने हजारों करोड़ से अधिक के एफडीआई को आकर्षित किया, जो पूर्व की तुलना में कई गुना अधिक वृद्धि रही। सरकार ने दो इन्वेस्टर्स समिट (2018 यूपी इन्वेस्टर्स और 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट) सफलतापूर्वक आयोजित किए। 2018 जीआईएस से 4.28 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जबकि 2023 जीआईएस से रिकॉर्ड 33.50 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव हासिल हुए। योगी सरकार ने इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) का सफलतापूर्वक आयोजन किया और अब जीबीसी-5 की तैयारी ज़ोरों पर है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक जो चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित की गई हैं, उनके माध्यम से 16,000 से अधिक परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। इनमें 8,000 से अधिक में वाणिज्यिक संचालन शुरू हो चुका है, जबकि 8,000 से अधिक कार्यान्वयनाधीन हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मेरठ की...** योजना मेरठ के स्मार्ट सिटी मिशन को भी मजबूती देगी। अपने संबोधन में सीएम योगी ने मेरठ के अतीत को याद करते हुए कहा कि याद कीजिए, ये वही मेरठ है, जो कभी सोतीगंज के नाम से जाना जाता था। लेकिन आज सोतीगंज अपने आकाओं के साथ सो गया है... सोतीगंज समाप्त। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस दंगा भी करते हैं और सोतीगंज के व्यापारियों की चरण वंदना करते हैं। सोतीगंज उनकी पहचान थी, हमारी पहचान विकास, खुश हाली की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें स्वदेशी को अपनाना होगा। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट भी स्वदेशी का अभियान है। उन्होंने आगे कहा कि अब मेरठ की पहचान बदल चुकी है- 12 लेन एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल प्रोजेक्ट, और 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना में खेल सामग्री के उत्पादन केंद्र के रूप में मेरठ की पहचान बन रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि आने वाले समय में मेरठ, पश्चिमी उत्तर प्रदेश का विकास केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में प्रशास. निक अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में शहरवासियों की भागीदारी रही। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे मेरठ के सुनहरे और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम बताया।

**चीन ने...** शंकर श्रीवास्तव) और यूपी सरकार को नोटिस भेजा है। 16 दिसम्बर 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल ने विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि लोग भारत जोड़ो यात्रा के बारे में पूछेंगे, लेकिन चीन ने 2000 वर्ग किमी भारतीय जमीन पर कब्जा किया है, 20 भारतीय सैनिक मारे गए और हमारे सैनिकों को अरुणाचल में पीटा जा रहा है। राहुल गांधी के बयान पर बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव ने लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट में मानहानि केस दर्ज कराया था। इसी साल 29 मई को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गांधी की याचिका खारिज कर दी थी और समन भेजा था। राहुल गांधी ने समन और शिकायत को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा कि शिकायत दुर्भावनापूर्ण तरीके से और बदनीयती के तहत दर्ज कराई गई थी।

### मौद्रिक नीति समिति रेपो में 0.25 प्रतिशत कमी के आसार

**नई दिल्ली।** भारत के निर्यात पर अमेरिका में प्रशुल्क बढ़ाए जाने और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच ज्यादातर बाजार विश्लेषकों का मानना है कि भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) इस सप्ताह तटस्थ नीतिगत रुख बरकरार रखते हुए फौरी उधार के लिए अपनी ब्याज दर (रेपो) को वर्तमान स्तर पर बनाए रख सकती है। इसके विपरीत कुछ को नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की 'अप्रत्याशित' कमी किए जाने की संभावना भी दिखती है। खुदरा मुद्रास्फीति के जून में करीब साढ़े छह साल के न्यूनतम स्तर आने से रिजर्व बैंक को मिले सुकून और वैश्विक चुनौतियों के बीच आर्थिक वृद्धि को संभालने की आवश्यकताओं के मद्देनजर कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि केंद्रीय बैंक रेपो 0.25 प्रतिशत और कम कर सकता है।

## सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने के आरोप में एटीएस ने दो को किया गिरफ्तार

**लखनऊ, वार्ता**

उप्र में आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने सोशल मीडिया पर देश विरोधी अपरा. धिक षड्यंत्र रचने और सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने के आरोप में अमरोहा से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में अमरोहा के नौगांव थाना क्षेत्र निवासी अजमल और महाराष्ट्र के ठाणे जिले का निवासी डॉ. उसामा माज शेक शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्त विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से राष्ट्र विरोधी व गैर मुस्लिम के प्रति कट्टरपंथी विचारधारा को प्रसारित कर रहे थे। एटीएस की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि अजमल अली 'रिवाइविग इस्लाम' नाम से एक व्हाट्सएप



ग्रुप चलाता है। जिसके तीन एडमिन है। साथ ही इसमें लगभग 400 पाकिस्तानी सदस्य शामिल है। पूछताछ के लिए इन्हें मुख्यालय पर बुलाया गया था। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि व्हाट्सएप ग्रुप पर रिवाइविंग इस्लाम ग्रुप के अलावा वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई पाकिस्तानी व्यक्तियों के संपर्क में थे। पूछताछ में उसने बताया कि वह एक इंस्टाग्राम आईडी, जिसका उपयोग डॉक्टर उसामा माज कर रहा था। अजमल ने पूछताछ में बताया कि वह डॉक्टर उसामा को अपना सीनियर मेंटोर मानता है। डॉक्टर उसामा उसे इंस्टाग्राम व सिग्नल एप के माध्यम से भारत विरोधी बातें करता था तथा देश की चुनी हुई सरकार गिर कर शरिया लागू करने की बात कही जाती थी। गौरतलब है कि एटीएस ने एक अगस्त को लखनऊ में मामला दर्ज करने के बाद अभियुक्त अजमल को गिरफ्तार किया था। इसी क्रम में आज अभियुक्त डॉक्टर उसामा माज शेख को भी महाराष्ट्र के गिरफ्तार किया गया है। यह दोनों सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से कई पाकिस्तानियों व्यक्तियों के संपर्क में थे। साथ हिंसात्मक जिहाद के माध्यम से भारत में गजवा-ए-हिद करके सरिया कानून लागू करना चाहते थे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ग्राउंड जीरो पर बने रहें सभी जिलाधिकारी

## लगातार हो रही बारिश से प्रभावित व्यवस्थाओं को कराएं दुरुस्तः सीएम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को वर्चुअल माध्यम से जुड़े सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में लगातार हो रही वर्षा के दृष्टिगत वे अपनी पूरी टीम के साथ लगातार ग्राउंड जीरो पर रहें। अतिवृष्टि के कारण सड़कों के बाधित होने की स्थिति में उन्हें शीघ्र सुचारु किया जाए। पेयजल और विद्युत की लाइनें क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में यथाशीघ्र व्यवस्थाएं सुचारु की जाएं। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि ग्रामीण संपर्क मार्ग बाधित होने की स्थिति में लोगों के आवागमन की वैकल्पिक व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित की जाए। जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए सभी तैयारियां पूर्व से की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षा के कारण फसलों को हुई क्षति का शीघ्र आकलन किया जाए।

### ऑपरेशन कालनेमिः संदिग्धों के जांचे दस्तावेज

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन लोगों ने गलत तरीके से राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, आयुष्मान कार्ड और अन्य दस्तावेज प्राप्त किए हैं, तथा ऐसे कार्ड बनाने में संलिप्त व्यक्तियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही, जनपदों में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही भी नियमित रूप से की जाए। 'ऑपरेशन कालनेमी' के अंतर्गत भी आस्था की आड़ में जनता को गुमराह करने वालों पर नियमित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

### शासकीय अस्पतालों का नियमित निरीक्षण

मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जनपदों के शासकीय अस्पतालों का नियमित निरीक्षण करें। इसमें दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों की उपस्थिति, उपकरणों की स्थिति और स्वच्छता व्यवस्था जैसे विषय सम्मिलित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं भी समय-समय पर अस्पतालों का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे।

### बारिश के बाद मार्गों को जल्दी करें ठीक

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश के बाद अवस्थापना विकास से संबंधित कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। सड़कों, पुलों, नालियों एवं अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही राज्य और केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की नियमित समीक्षा की जाए।

### सरकारी कार्यालयों में हों स्वदेशी उत्पाद

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही आमजन को भी स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाए। इसके लिए जनजागरूकता अभियानों का संचालन किया जाए। 'आत्मनिर्भर भारत' और 'वोकल फॉर लोकल' की दिशा में नियमित प्रयास किए जाएं।

### चुनावों में लगे कार्मिकों को धन्यवाद

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग और निर्वाचन प्रक्रिया में लगे समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षा कर्मियों को भी इस अवसर पर धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि सभी की कर्तव्यनिष्ठा एवं सहयोग से पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक वातावरण में संपन्न हुए हैं।

# टैक्सी पर बोल्डर गिरने से 2 की मौत, 6 घायल

## कोटद्वार दुगड्डा मार्ग पर सिद्धबली मंदिर से करीब 2 किलोमीटर आगे हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** मॉनसून सीजन में पहाड़ी क्षेत्रों में सफर करना जानलेवा साबित हो रहा है। कोटद्वार दुगड्डा मार्ग पर पहाड़ी से टैक्सी के ऊपर बोल्डर गिरने से दो लोगों की मौत के साथ 4 लोग घायल होने की सूचना है।

जानकरी के अनुसार, कोटद्वार दुगड्डा मार्ग पर सिद्धबली मंदिर से करीब 2 किलोमीटर आगे एक टैक्सी वाहन के ऊपर बोल्डर गिर गया। जिससे टैक्सी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है। इस हादसे में वाहन सवार दो लोगों सतवीर पुत्र राजेन्द्र लाल, उम्र - 20 वर्ष, निवासी ग्राम लेकूली, पटटी किल्वोखाल, तहसील - रिखणीखाल व रविन्द्र उर्फ मोटू पुत्र लक्ष्मण, उम्र - 30 वर्ष, निवासी - ग्राम बगल्यू, तहसील - रिखणीखाल की मौत



होने के साथ ही चार लोग देवेन्द्रसिह पुत्र वीरेन्द्रसिह, उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम लेकूली, पट्टी किल्वोखाल, तहसील रिखणीखाल, पंकज पुत्र हरीश, उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम लेकूली, पट्टी किल्वोखाल, तहसील रिखणीखाल, पियुष पुत्र सुरेन्द्रकुमार, उम्र 17 वर्ष, निवासी ग्राम डिमकी, पटटोटिया, तहसील रिखणीखाल, मिनाक्षी पुत्री वीरेन्द्रकुमार, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम डिमकी पटटोटिया, तहसील रिखणीखाल, सिमरन पुत्री मनीराम, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम डिमकी पटटोटिया, तहसील रिखणीखाल, दिनेश पुत्र सोहनलाल, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम बामणखोला तहसील रिखणीखाल घायल हुए है। सीओ कोटद्वार निहारिका सेमवाल ने बताया कि सभी को उपचार के लिए बेस हॉस्पिटल ले जाया गया है। उन्होंने अगले 48 घंटों तक भारी बारिश का अलर्ट बताते हुए सुरक्षा की दृष्टि से पहाड़ी मार्गों पर न जाने की अपील की है, वही इस मार्ग पर पुलिस फोर्स तैनात करने के साथ ही रेस्क्यू ऑपरेशन की तैयारियों को लेकर मार्ग पर एसडीआरएफ यूनिट भी तैनात कर दी गई है और बुद्धा पार्क के साथ ही सिद्धबली बैरियर पर सभी वाहनों को रोकते हुए फिलहाल केवल आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहन जैसे राशन, दूध, पेट्रोल, एंबुलेंस, क्रेन जैसे वाहनों को ही दुगड्डा मार्ग पर जाने की अनुमति दी जा रही है।

# महिलाओं को लखपति से करोड़पति दीदी बनाने की तैयारी

## मातृशक्ति ही आर्थिक व सामाजिक क्रान्ति की सबसे बड़ी संवाहकः मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** सीएम धामी ने राज्य के सभी सरकारी कार्यक्रमों व समारो. हों में केवल महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए स्मृति चिन्ह, शॉल व भेंट आदि ही उपयोग में लाने के शासनादेश को जारी करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी सभी महिलाओं को ग्रोथ सेन्टर में प्रशिक्षण दिलवाने, महिला स्वयं सहायता समूहो द्वारा तैयार उत्पादों को राज्य के अम्ब्रैला ब्राण्ड हॉउस ऑफ हिमालयाज से जोड़ने, सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा बनाए गए उत्पादों की क्वालिटी कण्ट्रोल पर विशेष ध्यान देने तथा उत्पादों की बेहतरीन पैंकेजिंग व मार्केटिंग को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शासन-प्रशासन को राज्य की महिलाओं को लखपति दीदी से करोड़पति दीदी बनाने के विजन के साथ मिशन मोड पर कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के बाद उत्तराखंड में दूसरी औद्योगिक क्रांति आई है जिसका लाभ महिला स्वयं सहायता समूह को भी उठाना चाहिए। बैठक में प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, अपर सचिव झरना कमठान एवं वर्चुअल माध्यम से सभी जिलों के जिलाधिकारी एवं 95 विकासखण्डों से विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूह उपस्थित थे।

### महिला समूहों से वर्चुअल संवाद

मुख्यमंत्री धामी ने प्रत्येक जनपद की विभिन्न विकासखण्डों के बहुत से महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं से संवाद करते हुए उनके स्वयं सहायता समूहों द्वारा कौन-कौन से उत्पाद बनाए जा रहे हैं, स्वयं सहायता समूहों को कितना लाभ हो रहा है, हर स्वयं सहायता समूहों से कितनी महिलाएं जुड़ी हैं, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने के बाद महिलाओं की आय में कितनी वृद्धि हुई, समूहों में कार्य करने से महिलाओं को क्या लाभ हुआ, महिलाओं द्वारा बनाएं गए उत्पादों की आपूर्ति की क्या स्थिति है, जैसी विस्तृत जानकारी ली।

### मुख्यमंत्री धामी का स्वदेशी आग्रह

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी से ये आग्रह भी करना चाहता हूं, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देशवासियों से ये आह्वान किया कि वे स्वदेशी उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग करें, जिससे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हमारा संकल्प और भी सशक्त हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की हमारी सभी माताओं और बहनों को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि आपका ये भाई, आपका ये बेटा, आपके अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए पूरी शक्ति, निष्ठा और समर्पण के साथ निरंतर कार्य करता रहेगा।

**68 हजार समूह, 5 लाख महिलाएंः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महिला स्वयं सहायता समूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और सहयोग से हमारी राज्य सरकार भी मातृशक्ति के कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने उत्तराखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रदेश की महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें संगठित करने का काम किया है, ताकि उनके जीवन में आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और गरिमा का नया अध्याय जुड़ सके। आज राज्य में 68 हजार स्वयं सहायता समूह बनाकर लगभग 5 लाख महिलाएँ संगठित होकर अपना व्यवसाय कर रही हैं।

# राज्य के कई जनपदों में आज भारी बारिश की चेतावनी

## सचिव आपदा प्रबंधन ने सभी तैयारियां पूर्ण रखने दिए निर्देश, चौबीस घंटे अलर्ट पर रहें क्विक रिस्पांस टीमें: विनोद सुमन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मौसम विभाग द्वारा देहरादून सहित राज्य के कई जनपदों में अतिवृष्टि की चेतावनी जारी की गई है, इसलिए अलर्ट रहना आवश्यक है। वहीं मौसम विभाग द्वारा टिहरी, देहरादून, पौड़ी और बागेश्वर के लिए रेड अलर्ट तथा हरिद्वार, नैनीताल और चंपावत के लिए ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। इस संबंध में राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से सभी जनपदों को पत्र जारी किया गया है। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने सोमवार को राज्य में वर्तमान में हो



रही वर्षा से उत्पन्न स्थिति का जायजा लिया तथा सभी जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि जनता को राशन, दवा, पेयजल तथा अन्य आवश्यक सेवाओं की कोई कमी न हो। प्रभावित क्षेत्रों में इन सेवाओं की निरंतर आपूर्ति प्राथमिकता से की जाए। इस अवसर पर अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन आनंद स्वरूप, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी डीआईजी राज. कुमार नेगी, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो. ओबैदुल्लाह अंसारी, ड्यूटी अधिकारी अनु सचिव विकास कुमार श्रीवास्तव, यूएसडीएमए के विशेषज्ञ मौजूद थे।

### आवागमन पर निरंतर अपडेट

देहरादून। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने प्रदेश में अवरुद्ध मार्गों की भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अवरुद्ध मार्गों को जल्द से जल्द सुचारु किया जाए और जनता को सड़कों की स्थिति से अवगत कराया जाए ताकि लोग मार्गों की स्थिति के अनुसार ही आवागमन करें।

### पावर हाउस की विशेष निगरानी

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने पावर हाउसों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां-जहां पावर हाउस है, वहां यदि पानी भरने की आशंका हो तो बिजली आपूर्ति को समय रहते बंद कर दिया जाए ताकि जन और धन की हानि रोकी जा सके।

**यूएसडीएमए की नागरिकों से अपील:** मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों को पूरी गंभीरता से लें। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और केवल प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें। नदी किनारे न जाएं, जलभराव वाले क्षेत्रों में ना रुकें, अनावश्यक यात्रा से बचें और आसपास किसी खतरे की आशंका हो तो तुरंत स्थानीय प्रशासन को सूचित करें। भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में संभलकर वाहन चलाएं। किसी आपात स्थिति में कॉल करें 112, 1070, 1077 मार्ग बंद होने पर सुरक्षित स्थान पर रुक जाएं और मार्ग खुलने पर ही आगे बढ़ें। बरसाती नालों-रपटों में पानी के तेज बहाव के दौरान वाहन न चलाएं।

# इच्छा मृत्यु की गुहार लगाने वाली महिला निकली ब्लैकमेलर

## मुकदमे से छुटकारा और ब्लैकमेलिंग के जाल में फंसा रही है पीड़ित को महिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** दो दिन पूर्व देहरादून में रहने वाली एक महिला जिसने अपना नाम सरोज वाला बताकर राष्ट्रपति को इच्छा मृत्यु के लिए पत्र लिखा था। सूत्रों के अनुसार पता चला है कि महिला द्वारा राष्ट्रपति को लिखे गए पत्र में उसने बताया की पुलिस के एक अधिकारी द्वारा उसका शोषण किया जा रहा है। जैसे चलते वह मानसिक रूप से परेशान हो कर इच्छा मृत्यु चाहती है।

जब इस मामले की छानबीन की गयी तो उक्त महिला महकमे में परिचायका का काम करती है। पुलिस अधिकारी ओर उनकी पत्नी पर शोषण के आरोप लगा रही है, उसकी वाइरल ऑडियो मे महिला अधिकारी का नाम लेकर 5 साल मे 6 लाख रुपये को डिमांड कर रही है। जबकि कुछ धन लेना भी स्वीकार किया है। वाही पुलिस अधिकारियों द्वारा उसका शोषण किया जा रहा है। जिससे वह मान. सिक रूप से परेशान हो चुकी है, और इच्छा मृत्यु की मांग की थी। जबकि उसे महिला की कई अखबारों में भी खबरें छपी थी और उसके ऑडियो रिकॉर्डिंग भी वायरल हुए हैं। जिसमें वह पुलिस अधिकारी के अलावा एक शिक्षक से भी लाखों रुपए की मांग करती हुई सुनाई दी। पुलिस के अनुसार यह महिला ब्लैकमेलिंग के इल्जाम में एक महीने जेल भी काटकर आई है। शिक्षक की पत्नी ने पुलिस में तहरीर देकर बताया था कि उक्त महिला उसके पति से 10 लाख रुपए की डिमांड कर रही थी। और एक फ्लैट भी मांग रही थी। ऐसे में जब महिला के ब्लैकमेलिंग करने के कई मामले उजागर हुए। उसके बाद उसने अपने आप को मजबूत करने और बचाने के लिए राष्ट्रपति को ही पत्र लिखकर इच्छा मृत्यु की मांग कर दी जिससे उसके ऊपर दया खाकर उसके खिलाफ चल रही सभी जांच बंद करवा दी जाए।ऑडियो रिकॉर्डिंग वाइरल हुयी थी जिसमे वह अपने जानकार व्यक्ति से बात कर रही है कैसे उसने क्या डिमांड की ओर क्या मिला। इस मामले में पुलिस के एक बड़े अधिकारी ने बताया कि यह पूरा मामला ब्लैकमेलिंग का है जिसके चलते हुए हैं पीड़ित पक्ष पर दबाव बनाने के लिए यह काम कर रही है।

# देहरादून के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राजधानी का सभी स्कूलों में मंगलवार (आज) को अवकाश घोषित किया गया है। इसके साथ ही सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में भी अवक. াश रहेगा। जिला अधिकारी सविन बंसल ने सभी स्कूलों में और आंगनबाड़ी केंद्रों में छुट्टी के लिए आदेश जारी कर दिए हैं। मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर ये छुट्टी के आदेश जारी किए गये हैं। मौसम विभाग ने पांच अगस्त मंगलवार को लिए देहरादून सहित राज्य के कई जिलों में ऑरेंज एलर्ट जारी किया है। जिसको देखते हुए स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। ताकि किसी प्रकार की अनहोनी स्कूली बच्चों के साथ ना हो पाए।

गौरतलब है कि आज सोमवार को भी राज्य के कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट के मद्देनजर स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश रहा था। सोमवार को सुबह से ही देर रात तक रुक रुक कर भारी बारिश होती रही। जिसके चलते आम जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। देहरादून शहर में बहने वाली रिस्पना नदी और बिंदाल नदी सहित जनपद के अंतर्गत आने वाली सभी नदियों में जलस्तर बढ़ा हुआ है। जिला प्रशासन ने नदी किनारे बसे लोगों से सावधानी बरतने को कहा है। साथ ही नदी किनारों पर जाने से बचने की सलाह भी दी गई है।

# गलत तरीके से सरकारी दस्तावेज बनवाने पर होगी कार्रवाई

## मुख्यमंत्राी पुष्कर धामी ने सभी जिलाधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा सभी जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि प्रदेश में जिन लोगों ने गलत तरीके से राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, आयुष्मान कार्ड और अन्य दस्तावेज प्राप्त किए हैं, तथा ऐसे कार्ड बनाने में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारियों द्वारा इस संबंध में कार्यवाही की जा रही है। अब तक जिलाधिकारी पौड़ी, बागेश्वर एवं देहरादून द्वारा निरस्त किए गए अपात्र राशन कार्डों का विवरण उपलब्ध कराया गया है। जिसमें जनपद पौड़ी में राशन कार्ड सत्यापन के अंतर्गत 961 अपात्र कार्डधारकों के राशन कार्ड निरस्त किए गए हैं। जनपद बागेश्वर में 5307 तथा देहरादून में 3332 राशन कार्ड निरस्त किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड आदि धारकों की सही पहचान करना जरूरी है, ताकि पात्र व्यक्तियों को ही योजनाओं का लाभ अनुमन्य हो सके। इससे प्रदेश में योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में मदद मिलेगी तथा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जन सुविधाएं प्राप्त करने वालों की पहचान हो सकेगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी जिलाधिकारियों द्वारा जनपद स्तर पर राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड का सत्यापन अभियान सघनता से संचालित किया जा रहा है।

### सशक्त बहना उत्सव योजना में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ, धामी ने 95 विकासखंड में होने वाले कार्यक्रम किया शुरु

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रही हैं महिलाएंः सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादन।** मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम का समस्त 95 विकासखंड में सीएम पुष्कर धामी ने शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय परिसर में कार्यक्रम का शुभारम्भ एवं महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा रक्षाबंधन पर्व हेतु लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी को विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी बहनों ने राखी बाँधी। मुख्यमंत्री ने उपस्थित महिला स्वयं सहायता समूहों को रक्षाबंधन की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



मुख्यमंत्री ने महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्वरोजगार, महिला स्वावलंबन, स्थानीय उत्पादों व हस्तशिल्प में किये जा कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विधायक मुन्ना सिंह चौहान, ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारी एवं विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी उद्यमी महिलाये उपस्थित थी।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य की महिलाओं ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर यह सिद्ध कर दिया है, कि यदि मातृशक्ति को अवसर, संसाधन और सहयोग मिले तो वो न केवल स्वयं को सशक्त बना सकती है, बल्कि अपने परिवार, समाज और प्रदेश के विकास में भी अहम भूमिका निभा सकती है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आप सभी ने जो आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम की है, वो उत्तराखंड की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा देने का माध्यम बन रही है।


मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश की 1 लाख 63 हजार से अधिक बहनों ने लखपति दीदी बनकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक नया इतिहास रचा है। हमारी सरकार ने मातृशक्ति द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और बिक्री के लिए भी एक सशक्त इकोसिस्टम विकसित किया है, जिसके अंतर्गत जहां एक ओर महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रोसेसिंग एवं मार्केटिंग हेतु 49 ग्रोथ सेंटर की स्थापना की गई है।

# राहुल गांधी की भारत विरोधी मानसिकता पर लगी सुप्रीम मुहरः महेंद्र भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर न्यायालय की सख्त टिप्पणी को उनकी भारत विरोधी मानसिकता पर कोर्ट की सुप्रीम मुहर बताया है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने आरा. ेप लगाया कि कांग्रेस समेत विपक्षी नेताओं के बयान अक्सर सेनाओं का मनोबल गिराने वाले होते हैं।

उन्होंने कहा कि चीन को लेकर राहुल गांधी की विवादित टिप्पणी को लेकर आज जो सुप्रीम कोर्ट ने कहा, वो भाजपा और देश की जनता लगातार कहती आ रही है। न्यायालय की यह नाराजगी कि



बिना किसी तथ्य और सबूत के कोई कैसे चीन द्वारा हजारों एकड़ जमीन हड़पने की देशविरोधी बात कह सकता है, वो भी नेता प्रतिपक्ष । उन्होंने तंज किया कि कोर्ट ने तो फटकार लगाई है कि अगर वे सच्चे भारतीय होते तो ऐसी टिप्पणी नहीं करते। लेकिन देश की जनता और भारतीय जनता पार्टी अच्छी तरह से मानती है कि कांग्रेस नेता के लिए देश से बढ़कर राजनीति है।

उन्होंने आक्रोश व्यक्त किया कि राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं के बयान अक्सर सेना की तैयारी के लिए नुकसानदेह और मनोबल गिराने वाली होते हैं। भाजपा बार बार उनसे इस तरह के निराधार बयान न देने की अपील करती रही है, लेकिन उनके लिए मोदी प्राथमिकता में रहते हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी पर खुशी जताते हुए कहा कि इस सीधी फटकार के बाद उन्हें एक भारतीय होने के नाते ऐसे बयानों और कृत्यों से बचना चाहिए।

# उच्च प्राथमिकता वाले कार्य शीघ्र किए जाएं:डीएम

## जिला निज फाउंडेशन न्यास की शासी परिषद की जिलाधिकारी ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को जिला खनिज फाउंडेशन न्यास के शासी परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागों की ओर से प्रस्तुत प्रस्तावों का प्राथमिकता के आधार पर अनुमोदन किया गया। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संस्थान, सिंचाई विभाग के उच्च प्राथमिकता वाले प्रस्तावों को लेकर चर्चा की गई।



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों को शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी को सिमली अस्पताल के लिए प्रस्तावित योजना के तहत आवश्यक उपकरणों की खरीद शीघ्र करने के आदेश दिए। साथ ही नगर पंचायत पीपलकोटी के अधिशासी अधिकारी को नगर क्षेत्र में आपदा से प्रभावित भवनों सहित अन्य प्रस्तावित सुरक्षा कार्यों को तत्काल शुरू करने के भी निर्देश दिए। बैठक में विद्यालयों के सुधारीकरण और वर्तमान स्थिति की जानकारी न देने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।

बैठक में खान अधिकारी अंकित चंद ने बताया कि जनपद के सभी विभागों की ओर से उच्च प्राथमिकता वाली 8 योजनाएं प्रस्तावित की गई हैं। जिनमें से शिक्षा विभाग की ओर से 125.3 लाख की चार, स्वास्थ्य विभाग की ओर से 38.93 लाख की दो, जल संस्थान और पेयजल निगम की ओर से 8.08 लाख की एक और सिंचाई विभाग की 19.80 लाख की एक योजना अनुमोदित की गई है। इसके साथ अन्य 8 योजनाओं के लिए 88.50 लाख की धनराशि अनुमोदित की गई है।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अभिषेक गुप्ता, परियोजना निदेशक आनंद सिंह भाकुनी, मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग अरविंद नेगी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# सीतापुर में अस्थाई दुकान के ऊपर गिरे बोल्डर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** रुद्रप्रयाग में दो दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण हालात अस्त-व्यस्त हो गये हैं। बारिश का असर केदारनाथ धाम की यात्रा पर भी पड़ रहा है। सोनप्रयाग-गौरीकुंड और गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में यात्रियों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। भूस्खलन प्रभावित स्थानों पर एसडीआरएफ, एनडीआरएफ के अलावा अन्य सुरक्षा जवानों की तैनाती गई है।

लगातार बारिश का कहर जारी है। दिन-रात लगातार दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण हालात अस्त-व्यस्त हैं। बद्रीनाथ सहित केदारनाथ हाईवे पर जगह-जगह बोल्डर गिर रहे हैं। रविवार दोपहर बाद बद्रीनाथ हाईवे पर सिरोबगड़ में पहाड़ी से मलबा आ गया। जिस कारण घंटों तक हाईवे पर वाहनों की



आवाजाही बंद रही और हाईवे के दोनों छोरों पर यात्री फंसे रहे हैं। वहीं सोमवार सुबह सोनप्रयाग-गौरीकुंड मोटरमार्ग पर मलबा आ गया। जिस कारण यात्रियों को कुछ देर के लिये रोका गया। बाद में मोटरमार्ग पर आये मलबे को साफ करने के बाद यात्रा शुरू हो पाई। लगातार हो रही बारिश के बाद यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुये सोनप्रयाग, गौरीकुंड सहित पैदल यात्रा मार्ग पर सुरक्षा जवानों की संख्या बढ़ा दी गई है। इसके अलावा बद्रीनाथ व केदारनाथ हाईवे पर भी भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में हर समय जेसीबी व पोकलैंड मशीने तैनात की गई हैं, जिससे भूस्खलन होने पर हाईवे खोला जाय। वहीं दूसरी ओर केदारनाथ यात्रा के मुख्य पड़ाव सीतापुर में पहाड़ी से विशालकाय बोल्डर गिर गये। जिस कारण पूरे सीतापुर में अफर-तफरी मच गई। पहाड़ी से गिरे बोल्डर केदारनाथ हाईवे किनारे स्थित अस्थाई दुकान के ऊपर गिर गये। जिस कारण दुकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और दुकान में रखा सामान भी बोल्डरों के नीचे दब गया। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाया। दुकान संचालक सूझबूझ दिखाते हुये मौके से जान बचाने में कामयाब रहा। वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था।

# स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने वर्चुअल माध्यम से सीएम से किया सीध संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना के अंतर्गत आयोजित संवाद कार्यक्रम में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से सीधा संवाद कर महिला सशक्तिकरण को राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। इस दौरान सीएम ने योजनाओं के प्रभाव को प्रत्यक्ष रूप से समझने को लेकर महिला उद्यमियों से विशेष बातचीत की।

सीएम धामी ने जय मां वैष्णव स्वयं सहायता समूह की सदस्य गीता पेलड़ा से संवाद करते हुए उनसे राखी और मिठाई निर्माण की प्रक्रिया, उनकी आमदनी, और वर्तमान में आने वाली चुनौतियों के विषय में विस्तार से जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने गीता पेलड़ा के कार्य की सराहना करते हुए आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनके जैसे उद्यमशील लोगों के साथ खड़ी है।

कार्यक्रम स्थल पर ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की ओर से निर्मित राखियों और पारंपरिक मिठाइयों का स्टॉल भी लगाया गया, जिसने आगंतुकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इन उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने को लेकर प्रशासन की ओर से विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे महिला समूहों की आमदनी में इजाफा हो रहा है। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने बताया कि यह पहल न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि उनके परिवारों की आर्थिक स्थिरता का मजबूत आधार भी बन रही है। प्रशासन हर संभव सहयोग देने को प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में उपस्थित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं बताया कि इस प्रकार की प्रदर्शनियों और योजनाओं से उन्हें स्थायी बाजार और आत्मविश्वास मिला है।

# गैरहाजिर अभियंताओं पर डीएम की सख्ती, वेतन रोकने के निर्देश

**■ पेयजल शिकायतों की अनदेखी पर दो अभियंताओं को नोटिस, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर नहीं हुआ समाधान,जनहित मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, डीएम ने चेताया: समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार, 4 अगस्त 2025 को आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने जनसमस्याओं के प्रति लापरवाह रवैया अपनाने वाले दो अभियंताओं पर सख्त रुख अपनाते हुए उनके अगस्त माह के वेतन को रोकने और तीन दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने के निर्देश जारी किए।

पेयजल से संबंधित शिकायतों की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता जल संस्थान नई टिहरी, प्रशांत भारद्वाज के कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़े मामलों में कोई भी लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रशांत भारद्वाज से तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए और तब तक उनका वेतन रोका जाए।

इसी बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के समयबद्ध और संतोषजनक निस्तारण न होने पर अधीक्षण अभियंता पेयजल निगम नई टिहरी, संदीप कश्यप के खिलाफ भी कार्यवाही की गई। जिलाधिकारी ने उनके स्पष्टीकरण को लौटती डाक से तलब करने के निर्देश दिए।

नितिका खंडेलवाल ने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं आम जनता के जीवन से सीधा संबंध रखती हैं, ऐसे में किसी भी अधिकारी द्वारा लापरवाही बरतना अत्यंत गंभीर मामला है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए और प्राथमिकता के आधार पर उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने यह भी दोहराया कि सीएम हेल्पलाइन और जनता मिलन जैसे प्लेटफार्म नागरिकों की समस्याओं को सीधे प्रशासन तक पहुंचाने के महत्वपूर्ण माध्यम हैं, और इन पर दर्ज शिकायतों की उपेक्षा न केवल शासन के प्रति गैरजिम्मेदार रवैया है, बल्कि यह जनता के विश्वास को भी ठेस पहुंचाता है।

**एक नजर .......**

## डुंड क्षेत्र पंचायत प्रमुख राजदीप परमार का बनना तय

**उत्तरकाशी :** विकास खंड डुंडा की अनारक्षित ब्लॉक प्रमुख पद पर भाजपा युवा नेता की राजनीतिक हैट्रिक लगनी तय हो गई है। युवा तेज तर्रार भाजपा नेता राजदीप परमार को 36 क्षेत्र पंचायत सदस्यों के समर्थन प्राप्त होने से एकतरफा जीत से अब कोई रोक नहीं सकता है। आंकड़ों पर यदि गौर करें तो डुंडा ब्लॉक की कुल 40 क्षेत्र पंचायतें सीटें हैं इन में से अकेले 36 सदस्य भाजपा नेता राजदीप परमार के साथ खडे जो बहुमत से कहीं आगे है। गौरतलब है कि हैप्पी भाई नाम से प्रसिद्ध राजदीप परमार बहुमत के आंकड़ों को पार करते हुए जिस तरह से सदस्यों ने उनका समर्थन किया है, वह न सिर्फ उनके लोकप्रिय नेतृत्व की बानगी है, बल्कि उनके समाज सेवा, सरल स्वभाव और सजगता-जागरूकता को भी दर्शाता है।

## राइका रामाश्रम में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**रुद्रप्रयाग।** जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश के अनुपालन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पायल सिंह की अध्यक्षता में राइका रामाश्रम में 'विधिक जागरूकता शिविर' का आयोजन किया गया।इस दौरान छात्रों को साइबर क्राइम, बाल सुरक्षा यात्रा, हेल्पलाइन नंबर 1930, यौन उत्पीड़न, नागरिकों के मौलिक अधिकार, कर्तव्य व सालसा का टोल फ्री नंबर 15100, साइबर अपराध के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सालसा की ओर से निर्देशित सुरक्षित दवा सुरक्षित जीवन अभियान की जानकारी दी गई। नालसा मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं योजना 2024, साइबर क्राइम, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, यौन उत्पीड़न, नागरिकों के मौलिक अधिकार, कर्तव्य व सालसा का टोल फ्री नंबर 15100 और नशीली दवाईयों के दुष्परिणाम साइबर अपराध आदि के बारे में जानकारी दी गई साथ ही बाल सुरक्षा यात्रा अभियान के तहत रैली का आयोजन भी किया गया। वहीं छात्र छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक का भी प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर उक्त विधिक शिविर में रिटेनर अधिवक्तायशोदा खत्री, विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित भट्ट अन्य अध्यापकगण, छात्र छात्राओं सहित पैरा विधिक स्वयं सेवक एवं अन्य आम जनमानस उपस्थित थे।

## चिकित्सालय में पहुंचने वाले मरीजों को न हो कोई परेशानी

**रुद्रप्रयाग।** सोमवार को जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागों में पहुंचकर मरीजों एवं चिकित्सकों से संवाद स्थापित किया तथा अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली की जानकारी ली।नरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में संचालित ऐसे प्राइवेट अस्पतालों की सूची उपलब्ध कराई जाय, जहां सर्जरी एवं सिजेरियन ऑपरेशन किए जाते हैं।

# डीएम ने जनता दर्शन कार्यक्रम में सुनी 28 जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिला सभागार में सोमवार, 4 अगस्त को जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में जिलेभर से आए नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की गई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 28 जन समस्याएं दर्ज की गईं, जिनमें पुनर्वास, लोनिवि, नगरपालिका, जल संस्थान और वन विभाग से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। जिलाधिकारी ने जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन और पूर्व में दर्ज जनता दर्शन की लंबित शिकायतों की भी समीक्षा की गई, जिनके समाधान के लिए विभागीय समन्वय को और मजबूत करने की आवश्यकता जताई गई।

चंबा ब्लॉक के ग्राम कुठ्ठा निवासी भगवत सिंह रावत ने जाख-कुठ्ठा मोटर मार्ग पर पुस्ता टूटने और भूस्खलन से उनके आवासीय भवन को खतरा होने की शिकायत दर्ज कराई।

इस पर जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को तत्काल मौके का निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम भेडुड़ी, चंबा निवासी पूर्णानंद चमोली ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में मनरेगा मद से बनाए गए आवास की मजदूरी का भुगतान न होने की शिकायत की। जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को जांच कर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

चंबा नगर पालिका के वार्ड संख्या 02 के सभासद शक्ति प्रसाद जोशी ने नगर क्षेत्र में बंदरों के बढ़ते आतंक से आमजन को हो रही परेशानी का मुद्दा उठाया। इस पर ईओ नगर पालिका को कार्रवाई करने और समस्या का समाधान निकालने के निर्देश दिए गए।विकासखंड भिलंगना के ग्राम अगुंडा (पोस्ट थाती) निवासी विशन सिंह रावत ने वर्ष 2022 में सिंचाई विभाग द्वारा बनाई गई नहर का भुगतान न होने की शिकायत की, जिस पर संबंधित विभाग को एक सप्ताह के भीतर भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया।

विकासखंड प्रतापनगर के पुजार गांव निवासी चवनी देवी ने कोटेश्वर मंदिर मार्ग निर्माण से उनके मकान को खतरा उत्पन्न होने की शिकायत दर्ज कराई। इस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम प्रतापनगर और लोनिवि बौराड़ी के अधिशासी अभियंता को संयुक्त रूप से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# नौगांव में बदलाव की हवा, शीतल गौड़ का ब्लॉक प्रमुख पद पर मजबूत दावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** नौगांव ब्लॉक प्रमुख पद पर इस बार बदलाव की हवा और विकास की बात तेजी से जोर पकड़ने लगी है।



गौरतलब है कि नौगांव ब्लॉक प्रमुख पद पर इस बार ओबीसी महिला सीट पर कण्डारी वार्ड की निर्विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्वाचित शीतल गौड़ की क्षेत्र पंचायत प्रमुख पद पर मजबूत दावा ठोक दिया है। वहीं चुनाव मैदान में निवर्तमान क्षेत्र पंचायत प्रमुख श्रीमती सरोज भी पुन: चुनाव मैदान में खड़ी है। सूत्रों की मानें तो शीत गौड़ को भाजपा नौगांव ब्लॉक प्रमुख पद के लिए प्रत्याशी घोषित करने की जल्द घोषणा कर सकती है। इधर शीतल गौड़ समर्थकों की मानें तो शीतल गौड़ बहुत के आंकड़े को पार कर चुकी है।

# कोटेश्वर मंदिर मोटर मार्ग पर भूस्खलन से संकट, कई परिवारों के घर खतरे में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रतापनगर क्षेत्र में सोमवार सुबह से हो रही लगातार बारिश के चलते कोटेश्वर महादेव मंदिर पुजारगांव को जोड़ने वाली निर्माणाधीन मोटर मार्ग पर भारी भूस्खलन हो गया, जिससे सड़क के ऊपर बसे गांवों में रहने वाले कई परिवारों के मकानों को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।यह मार्ग लंबगांव-कोटालगांव-चमियाला मोटर मार्ग से कोटेश्वर मंदिर को जोड़ता है और वर्तमान में निर्माणाधीन है। लगातार हो रही



बारिश के कारण मार्ग के ऊपरी हिस्से से भारी मात्रा में मलबा नीचे गिरा, जिससे गांव के बासुदेव सेमवाल, नागेंद्र नौटियाल, शालिकराम नौटियाल, कैलाश नौटियाल, रमेश जोशी और दिनेश जोशी के मकानों पर खतरा मंडराने लगा है।

नव निर्वाचित ग्राम प्रधान दिनेश जोशी ने लोनिवि से प्रभावित मोटर मार्ग का तत्काल मौका मुआयना करने और प्रभावित परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सुरक्षात्मक कदम नहीं उठाए गए तो जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता है।

ग्राम प्रधान दिनेश सेमवाल ने बताया कि जिस हिस्से में भूस्खलन हुआ है, वहां मिट्टी अत्यधिक ढीली है और लगातार बारिश के कारण किसी भी समय और अधिक भू-स्खलन हो सकता है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से आग्रह किया है कि प्रभावित गांवों के निवासियों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जाए और दीर्घकालिक समाधान के तहत सुरक्षात्मक दीवारों और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए।

इस संबंध में लोनिवि के सहायक अभियंता सतीश भट्ट ने जानकारी देते हुए कहा कि कोटेश्वर महादेव मंदिर को जाने वाला यह मोटर मार्ग फिलहाल निर्माणाधीन है और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों की पहले से पहचान की जा चुकी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षात्मक कार्य शुरू किए जाएंगे और भूस्खलन की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# लगातार बारिश से बढ़ी दिक्कतें, घोल्डाणी गांव में चार मकानों पर भूस्खलन का खतरा

**शाह टाइम्स संवादाता**

**नई टिहरी।** जिले में लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। जगह-जगह हो रहे भू-धंसाव और भूस्खलन की घटनाएं लोगों के लिए खतरे का संकेत बन गई हैं। रविवार सांय प्रतापनगर विकासखंड के घोल्डाणी गांव में हुए भू-धंसाव के कारण चार भाइयों के आवासीय मकान खतरे की जद में आ गए हैं, जिससे प्रभावित परिवारों में दहशत का माहौल है।

घोल्डाणी गांव निवासी उम्मेद सिंह, वीर सिंह, करण सिंह और भरत सिंह के मकानों के नीचे रविवार शाम भारी भूस्खलन हुआ, जिससे मकानों की नींव असुरक्षित हो गई है। लगातार हो रही बारिश के बीच जमीन खिसकने की आशंका बढ़ती जा रही है। स्थानीय निवासी जेठू सिंह बगियाल ने बताया कि मंदार-मांजफ मार्ग की सुरक्षा दीवार पहले से ही क्षतिग्रस्त थी, और अब भारी वर्षा के चलते वहां की भूमि तेजी से धंस रही है। इससे मकानों को सीधा खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने प्रशासन से तुरंत सुरक्षात्मक कदम उठाने की मांग की है, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके।

इसी तरह, भिलंगना ब्लॉक के पौखाल क्षेत्र में भी 25 जुलाई को आई तेज बारिश से तोनगढ़-पौखाल मुख्य पैदल मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। ग्रामीणों का आवागमन इस मार्ग से बुरी तरह प्रभावित हुआ है और लोग जान जोखिम में डालकर किसी तरह रास्ता पार करने को मजबूर हैं।

# ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा- ग्राम पंचायत नहीं तो वोट नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली** नगर पंचायत के वार्ड संख्या 2 देवराडा को नगर पंचायत में आयोजित जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने रक स्वर में वार्ड 02 देवराडा को पूर्व की भांति ग्राम पंचायत बनाये जाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक देवराडा को पूर्व की भांति ग्राम पंचायत नही बनाया जाता है तब तक ग्रामीण चुनाओँ के बहिष्कार के साथ साथ सरकार के कार्यक्रमो में सहयोग भी नही करेंगे।



सोमवार को देवराडा के राजराजेश्वरी मंदिर परिसर में आयोजित जनसुनवाई की अध्यक्षता उप-जिलाधिकारी थराली पंकज भट्ट की अध्यक्षता में संपन्न हुई । जिसमें देवराडा के ग्रमीणों की राय ली गई और उनकी समस्याओं तथा मांगों को विस्तारपूर्वक समझा जाएगा। जनसुनवाई में बवक्ताओ ने कहा कि देवराडा के ग्रामीण लंबे समय से यह मांग कर रहे हैं कि उनके क्षेत्र को नगर पंचायत थराली से अलग कर पुन: ग्राम पंचायत का दर्जा दिया जाए। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा कई बार प्रशासन को ज्ञापन सौंपे गए, प्रदर्शन किए गए, और शासन स्तर पर पत्राचार किया आ गया। इसके बावजूद जब उनकी मांगों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2024 में लोक सभा एव 2025 में नगर पंचायत चुनाव का बहिष्कार भी किया था। इसका सीधा असर यह हुआ कि वार्ड संख्या 2 में मतदान नहीं हुआ और आज तक इस वार्ड से कोई पार्षद निर्वाचित नहीं हो पाया है। फलस्वरूप, नगर पंचायत के इस वार्ड को योजनाओं के लाभ से भी वंचित रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों की ओर से यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया है कि नगर पंचायत में सम्मिलित होने के कारण उन्हें कई प्रकार के करों का भुगतान करना पड़ रहा है, जो उनकी आर्थिक स्थिति के अनुकूल नहीं है। विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं और कमजोर आय वर्ग के लोगों को यह बोझ उठाना कठिन हो गया है। उनका कहना है कि जब वे ग्राम पंचायत में थे, तब उन्हें मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) ,जल जीवन मिशन के अंतर्गत रोजगार के अवसर मिलते थे, लेकिन नगर पंचायत में सम्मिलित होने के बाद यह सुविधा लगभग समाप्त हो गई है। इससे ग्रामीण महिलाएं बेरोजगारी और आर्थिक संकट का सामना कर रही हैं।

देवराडा के ग्रामीणों का कहना है कि नगर पंचायत क्षेत्र में रहकर वे ना तो मूलभूत सुविधाएं प्राप्त कर पा रहे हैं, नाही शहरी विकास की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर, उन्हें ग्राम पंचायत से मिलने वाली योजनाओं से भी वंचित कर दिया गया है। इस दोहरी मार के चलते अब गांव के अधिकतर लोग पुन: ग्राम पंचायत का दर्जा दिलाने के लिए संगठित हो गए हैं।

जनसुनवाई कार्यक्रम में बीडीओ थराली ,काननगो थराली जगदीश गैरोला,अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अकबीर सिंह,महिला मंगल दल की अध्यक्ष गीरा देवी, लाल सिंह, हरिचंद सती, तेजपाल, केदार पंत,अब्बल सिंह, सरपंच वीरेंद्र सिंह,मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र हटवाया, हरेंद्र सिंह(पपू बाबा),मोहन प्रसाद देवराड़ी, पारेश्वर प्रसाद देवराड़ी, खिलाप सिंह आदि मौजूद थे।

# चमोली के 14 गांव वाइब्रेंट विलेज योजना में शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत सीमांत गांवों के विकास को लेकर जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

जिलाधिकारी ने आर्मी और आईटीबीपी अधिकारियों से कहा कि वाइब्रेंट विलेज के अंतर्गत जो भी निर्माण कार्य उनके द्वारा किये जा रहे हैं, प्रस्तावित हैं या पूर्ण हो चुके हैं,उनका फोटो सहित विवरण जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं। इससे कार्यों में डुप्लीकेसी (दोहराव) नहीं होगी और संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सकेगा। मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी ने सुझाव दिया कि आर्मी और आईटीबीपी के साथ जिला प्रशासन के समन्वय के लिए सेना की ओर से एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए, जो सभी संबंधित कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर डिटेल जिला प्रशासन को समय समय पर उपलब्ध करा सकें।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को समायोजित कर वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत सीमांत गावों का समग्र विकास किया जाए।उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर योजनाओं को समयबद्ध ढंग से क्रियान्वित करने के निर्देश दिये।

# टोंस नदी में फंसे तीन लोगों का किया रेस्क्यू

## नदी के तेज बहाव के कारण बाहर नहीं निकल पा रहे थे तीनों व्यक्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रेमनगर के टोंस नदी में तीन व्यक्तियों के टापू में फसे होने की जानकारी के बाद हरकत में आई स्थानीय पुलिस ने दमकल कर्मचारियों के साथ मिलकर टापू में फंसे तीनों व्यक्तियों को बाहर निक. ालने के लिए रेस्क्यु ऑपरेशन चलाया लेकिन बाद में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की मदद लेकर राहत एवं बचाव सामग्री के साथ तीनों को सकुशल बाहर निकाला गया।

कुदरत के कहर के आगे किसी की नहीं चलती। प्रेमनगर की टोंस नदी में भारी बारिश के कारण जल स्तर बढ़ जाने के बाद कुछ लोग वहां पर स्नान करने के लिए गए थे। देर रात्रि से लगातार हो रही तेज बारिश के कारण टोंस नदी का जलस्तर समान्य से अधिक हो गया था। इस दौरान प्रेमनगर थानाध्यक्ष को जानकारी मिली की टोंस नदी में तीन व्यक्ति जो कि बारिश का पानी अधिक हो जाने के कारण भी वहां पर नहाने गए थे। पानी का स्तर बढ़ जाने के कारण तीनों व्यक्ति एक टापू में फस गए।

सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष भारी पुलिस बल और राहत एवं बचाव सामग्री लेकर टोंस नदी में पहुंच गए तथा वहां पर बने टापू में फंसे तीनों व्यक्तियों को बाहर निकालने के प्रयास किये लेकिन



टोंस नदी का जलस्तर अधिक होने के कारण राहत एवं बचाव कार्य में बाधा आने लगी तो उन्होंने उच्चाधिकारियों की मदद से एनडीआरएफ और एसडीआरएफ से संपर्क कर मौके पर आने की बात कही।

इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने भी अपने स्तर से दोनों टीमों के अधिकारियों से संपर्क कर उन्होंने बताए गए स्थान पर भेजे जाने का आग्रह किया।वहीं दमकल विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी मामले की गंभीरता को देखते हुए राहत एवं बचाव सामग्री के साथ टोंस नदी पर भेजा गया। सभी टीमों ने एक दूसरे से समन्व्य स्थापित कर राहत एवं बचाव कार्यक्रम प्रारंभ किया।

टोंस नदी के टापू में फंसे तीनों लोगों को बचाने के लिए रेस्क्यु टीमों द्वारा करीब दो घण्टे की मशक्त के बाद उन्हे पानी के तेज बहाव से बाहर निकाला गया। रेस्क्यु टीमों द्वारा टोंस नदी में फंसे गए तीनों व्यक्तियों ने अपने नाम वीरेंद्र साहनी पुत्र सागर सहानी निवासी मुजफ्फरपुर बिहार,राजकिशोर सहानी पुत्र जोगिन्द्र साहनी निवासी शुकरहाट मैदापुर जिला मुजफ्फरपुर बिहार और राकेश सहानी पुत्र जोगिन्द्र सहानी निवासी दुर्गा मंदिर ठाकुरपुर प्रेमनगर बताया।

# जुगरान ने हाईकोर्ट में विचाराधीन भर्ती परीक्षाओं के मसलों को उठाया

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा नेता रवीन्द्र जुगरान ने सोमवार को उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष गणेश मार्तोलिया से भेंट की। रवीन्द्र जुगरान ने आयोग के अध्यक्ष को बताया कि विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के मसले उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड में विचाराधीन हैं, जिनको आठ से दस माह हो गए हैं और आयोग द्वारा उनकी लचर पैरवी हो रही है जिसके कारण हजारों-हजार अभ्यर्थियों के अंतिम परीक्षा रूके हुए हैं और हजारों-हजार अभ्यर्थी प्रभावित हैं उनकी नियुक्तियों पर रोक लगी हुई है। सहायक अध्यापक एल टी 1371 पद लगभग 04 माह से भी अधिक समय से कोर्ट में विचाराधीन हैं। अनुदेशक पद 370 का प्रकरण भी लगभग 06 माह से कोर्ट में विच. ाराधीन है। रवीन्द्र जुगरान ने इसी प्रकार के अन्य विषयों पर भी



आयोग के अध्यक्ष का ध्यानाकर्षण किया। आयोग के अध्यक्ष ने जुगरान को आश्वस्त किया कि आने वाले दिनों में उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड में विचाराधीन सभी मसलों पर आयोग पूरी गंभीरतापूर्वक पैरवी करेगा ,इसकी आयोग मॉनिटरिंग कर रहा है।

# चमोली के प्रभारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हसन निलंबित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चमोली / देहरादून।** उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग ने एक अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए जनपद चमोली में प्रभारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मो. शाह हसन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। ये कार्रवाई मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्पष्ट निर्देशों पर की गई है। गौरतलब है कि, डॉ. हसन द्वारा हाल ही में जनपद रुद्रप्रयाग के तिलणी क्षेत्र में स्कॉर्पियो वाहन से दो बाइक सवार व्यक्तियों को टक्कर मार दी गई, जिसके चलते उन्हें गंभीर चोटें आईं। यह घटना डिप्टी सीएमएचओ चमोली के पद पर

## डॉ. हसन की गाड़ी से हुई थी टक्कर

इस घटना से संबंधित रिपोर्ट महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को 3 अगस्त 2025 को प्राप्त हुई, जिसमें डॉ. हसन के शराब सेवन का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट के आधार पर यह पाया गया कि उनका आचरण उत्तराखंड राज्य कर्मचारियों की आचरण नियमावली 2002 का उल्लंघन है। सरकार ने उत्तराखंड अपील एवं अनुशासन नियमावली 2003 के नियम-4 के तहत राज्यपाल की स्वीकृति प्राप्त कर डॉ. मो. शाह हसन को निलंबित कर दिया है।

तैनात एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा की गई, जिससे स्वास्थ्य सेवा की गरिमा और जनता का विश्वास प्रभावित हुआ। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा हमारी प्रतिबद्धता केवल इलाज तक सीमित नहीं, बल्कि सेवा व्यवस्था में भरोसा कायम रखने की भी है। इस प्रकार की घटनाएं किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं हैं। शासन इस दिशा में कठोर और अनुशासनात्मक कदम उठाता रहेगा ताकि स्वास्थ्य तंत्र में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और सेवा भावना बनी रहे।

## अनुशासन, सेवा नैतिकता से समझौता नहीं

**चमोली / देहरादून।** स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, जवाबदेही और अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इस मामले में स्पष्ट रूप से आचरण का उल्लंघन हुआ है और शासन ने इसे अत्यंत गंभीरता से लिया है। विभाग में किसी भी स्तर पर अनुशासनहीनता, गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार या सेवा दायित्वों की अनदेखी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निलंबन के दौरान डॉ. हसन को रुद्रप्रयाग मुख्यालय पर पदस्थापित रखा गया है, जहां से वह विभागीय जांच में पूर्ण सहयोग करेंगे।

# बारिश से प्रभावित दून विहार व नीलकंठ विहार का जोशी ने किया निरीक्षण

## कैबिनेट मंत्री ने पीड़ितों को राहत राशि के चेक किए वितरित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को विजय कॉलोनी वार्ड अंतर्गत नीलकंठ विहार और दून विहार क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री जोशी ने बारिश से प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जलभराव, क्षतिग्रस्त मार्गों और जल निकासी की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। साथ ही क्षतिग्रस्त



सुरक्षा दीवारों के निर्माण कार्य को भी शीघ्रता से पूरा किया जाए।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने दून विहार क्षेत्र में बारिश से प्रभावित लोगों को राहत स्वरूप तात्कालिक सहायता राशि के चेक भी वितरित किए। इनमें सुनीता देवी और प्रमिला चौहान को 6500-6500 रुपए तथा चन्दन सिंह बिष्ट को 13000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। इस मौके पर जोशी ने कहा कि प्रदेश सरकार आपदा की हर घड़ी में आमजन के साथ खड़ी है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को सतर्क रहते हुए राहत कार्यों को युद्ध स्तर पर जारी रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष प्रदीप रावत, मण्डल महामंत्री भावना चौधरी, संजय नौटियाल, दीपक बहुखंडी, कविता तड़ियाल, कुसुम रावत समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मकान में हुई चोरी का खुलासा, एक शातिर गिरफ्तार

## पकड़े गए चोर के पास से बीस लाख की ज्वैलरी और अन्य सामान बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने एक ऐसे शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता होसिल की है जो दिन के समय गली मोहल्लों में घूमकर बंद पड़े मकानों की रैकी करता था और रात्रि में उक्त मकानों को निशाना बनाकर वहां पर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस ने पकड़े गए चोर के पास से करीब बीस लाख रुपये की ज्वैलरी और अन्य सामान बरामद किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने सोमवार को अपने कार्यालय में मीडियाकर्मियों को जानकारी देते हुए बतया कि जीवनी मार्ग निवासी



ओमप्रकाश बत्रा पुत्र स्व. कुंदन लाल बत्रा ने बताया था कि वह विगत माह 25 जुलाई को अपने परिजनों के साथ दिल्ली गए थे। ओमप्रकाश ने बताया कि वह 31 जुलाई को जब अपने मकान पर पहुंचे तो वहां का ताले टूटे देखकर उनकों होश फाख्ता हो गए थे मकान के अंदर जाकर देखा तो वहां पर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला तथा अलमारी से सोने-हीरे और चांदी के जेवरात गायब मिले थे जिनकी कीमत करीब बीस लाख रुपये से अधिक थी। एसएसपी ने बताया कि बंद पड़े मकान में चोरी हो जाने पर संबंधित धाराओं में कोतवाली ऋषिकेश में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया था और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप राणा के नेतृत्व में चोरी का खुलासा करने के लिए पुलिस टीम का गठन कर दिया गया था। प्रदीप राणा और उनकी टीम ने मकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को खंगालकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वालों का पता लगने का काम किया। उधर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राणा और उनकी टीम ने सोमवार को बंद पड़े मकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक व्यक्ति को इंदिरा नगर की ओर जाने वाले रास्ते से हिरासत में ले लिया। कोतवाली लाकर पूछताछ करने पर हिरासत में लिए गए व्यक्ति ने अपना नाम सूरज कुमार वर्मा पुत्र सुरेश कुमार वर्मा निवासी हरद्वार ऋषिकेश बाईपास बताया। पुलिस ने उसके पास से ओमप्रकाश के मकान के ताले तोड़कर की गई करीब 20 लाख रुपये की ज्वैलरी बरामद की।

# पुलिस ने तीन वारदातों का किया खुलासा, दो को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** नगर क्षेत्र से दो मोबाइल फोन लूट की वारदातां को अंजाम देने तथा लूट की वारदात में चोरी की बाई का प्रयोग करने वाले दो शामिर लुटेरों को आखिरकार नेहरू कालोनी पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से लूटे गए दोनों मोबा. इल फोन और चोरी की बाईक बरामद कर ली है।

विगत माह नेहरू कॉलोनी थाना क्षेत्र सरस्वती विहार के समीप बाईक सवार दो लुटेरों ने महिला शकुंतला देवी पत्नी जयप्रकाश निवासी अजबपुर खुर्द के हाथों से उसका मोबाइल फोन लूट लिया था। इससे पहले की लूट का शिकार हुई महिला कुछ समझ पाती दोनों बाईक सवार लुटेरे उसकी आंखों से ओझल हो गए थे। वहीं विगत एक अगस्त को पटेलनगर कोतवाली क्षेत्र बंजारावाला में भी एक महिला के हाथों से मोबा. इल फोन लूट कर फरार हो जाने की वारदात की खबर से पुलिस विभाग में हडकंप मच गया था। दो दिन में दो मोबाइल फोन लूट की वारदात घटित हो जाने के बाद एसएसपी अजय सिंह ने इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए दोनों वारदातों का खुलासा करने के निर्देश दिए थे। इस दौरान एसएसपी द्वारा कोतवाली पटेलनगर और थाना नेहरू कॉलोनी में पुलिस टीम का गठन कर दिया गया था। मोबाइल लूट की वारदातों का खुलासा करने के लिए गठित की गई पुलिस टीमों ने घटनास्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला।

विगत रविवार को पुलिस टीम ने बाईक सवार दो लोगों को संदिग्धता के आधार पर बाईपास फ्लाई ओवर के नीचे से अपनी हिरासत में ले लिया। थाने लाकर हिरासत में लिए गए दोनों लोगों से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपने नाम सत्यम राठौर और प्रदीप कश्यप बताये।

## एमडीडीए ने अवैध निर्माणों पर की सीलिंग की कार्रवाई

**देहरादून।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों देहरादून व मसूरी में किये जा रहे अवैध निर्माणों पर सीलिंग की कार्यवाही की गयी। संगीत गोयल व प्रवीण कुमार गर्ग ने ब्योमप्रस्थ कॉलोनी जीएमएस स्वीकृत मानचित्र से भिन्न किये जा रहे निर्माण पर संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आदेशों पर कार्यवाही करते हुए सीलिंग की कार्यवाही की गयी। इस कायवाही में सहायक अभियन्ता अभिषेक भारद्वाज, अवर अभियन्ता अभिजीत थलवाल व सुपरवाईजर सुरेश मौजूद रहे। साथ ही प्राधिकरण ने मसूरी रोड इस्टेट कोला हाथीपांव में मुकेश राणा द्वारा किये जा रहे अवैध निर्माण पर सीलिंग की कार्यवाही की ।

# विद्युत खम्बे चोरी करने वाली दो महिलाओं समेत तीन चढ़े पुलिस के हत्थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** देहात क्षेत्र से विद्युत विभाग के तार और खम्बों को चोरी करने वाली दो महिलाओं समेत तीन चोरों को रायवाला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोरों के पास से पुलिस ने चोरी में इस्तेमाल की जाने वाली ई-रिक्शा को भी बरामद किया है।

रायवाला थाने पर जीआईसी उपसंस्थान वीरभद्र के 33/11 के.वी के अवर अभियंता नरेश कुमार ने अभियोग पंजीकृत करवाते हुए बताया था कि खैरीकला फ्लाई ओवर के नीचे से चोरों द्वारा विद्युत विभाग के बिजली के खम्बे और तार चोरी कर लिए गए जिनकी कीमत लाखों रुपये है। विद्युत विभाग के अवर अभियंता की तहरीर पर सुसंगतधाराओं में दर्ज किए गए अभियोग के बाद पुलिस अधीक्षक देहात प्रथम जया बलूनी ने क्षेत्राधिकारी ऋषिकेश संदीप नेगी को उक्त चोरी का खुलासा करने के निर्देश दिए थे। इस दौरान पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर रायवाला थाने पर चोरी की वारदात का खुलासा करने के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। अभी पुलिस टीम विद्युत खम्बे और तार चोरी करने वालों की तलाश कर ही रही थी कि पुलिस टीम ने तीन वाली फ्लाई ओवर के नीचे से दो महिलाओं समेत तीन लोगों को संदिग्धता के आधार पर अपनी हिरासत में ले लिया।

थाने लाकर हिरासत में लिए गए तीनों से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपने नाम सरित पत्नी कमलू और कलादेवी उर्फ संगीता पत्नी राजू साहनी निवासीगण केश्वपुरी बस्ती कोतवाली डोईवाला बताया। इतना ही नहीं दोनों महिलाओं के साथ हिरासत में लिए गए व्यक्ति ने अपना नाम मनोज रावत पुत्र स्व. लक्ष्मण सिंह रावत निवासी रेशम माजरी डोईवाला बताया।

## परिवारवाद को आगे बढ़ा रही कांग्रेस की करतूतों से जनता वाकिफ: खजान दास

**देहरादून ।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता खजान दास ने कहा कि परिवारवाद को बढ़ावा दे रही कांग्रेस की करतूतों को जनता बेहतर जानती है और वह उसे माफ नही करेगी। खजान दास ने तंज कसा कि तमाम कांग्रेस नेता, अपने नेताओं के परिवार की राजनैतिक नींव रखने के लिए बेताब हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस को महिला, एससी एसटी, ओबीसी किसी भी वर्ग को प्रतिनिधित्व मिलने की नहीं है, बल्कि अपने अपने परिवार को राजनीति में आगे बढ़ाने की चिंता है। जबकि सच यह है कि प्रदेश में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस के लिए एक भी जिला पंचायत अध्यक्ष सीट को जीतना मुश्किल है।

# श्री ब्रह्म निवास आश्रम कार्यक्रम में शामिल हुए धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को श्री ब्रह्म निवास आश्रम, सप्त सरोवर रोड, भूपतवाला में 50वाँ निर्वाण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूज्य सतगुरु लाल दास महाराज ने अपने जीवन में आध्यात्मिकता को प्राथमिकता देते हुए समाज को सेवा, सत्य और भक्ति के मार्ग पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने भक्ति को जन जन तक पहुँचाया है। उनकी वाणी में अद्भुत शक्ति थी और दृष्टि में भगवान बुद्ध के समान असीम करुणा थी। पूज्य सतगुरु ने समाज को जोड़ने का काम किया।



उन्होंने जीवन भर यही सिखाया कि सेवा सबसे बड़ा धर्म है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सनातन संस्कृति का संपूर्ण विश्व में व्यापक प्रचार प्रसार हो रहा है। दुनिया हमारी प्राचीन संस्कृति और दर्शन से परिचित हो रही है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार देवभूमि की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया राज्य में ऋषिकेश-हरिद्वार कॉरिडोर का निर्माण कराया जाना भी प्रस्तावित है। कॉरिडोर के निर्माण के पश्चात धर्मनगरी हरिद्वार भी काशी और अयोध्या की भांति अपने भव्य स्वरूप में नजर आएगी। इस अवसर पर महंत ललितानंद गिरी महाराज, पंजाब विधानसभा उपाध्यक्ष जय कृष्ण सिंह, हरियाणा के राज्यमंत्री राजेश नागर, स्थानीय विधायक मदन कौशिक, मेयर रुड़की अनीता देवी, दर्जा राज्यमंत्री शोभाराम प्रजापति, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल, उपाध्यक्ष एचआरडीए अंशुल सिंह, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।



**राज्यपाल से की प्रधान आयकर आयुक्त ने शिष्टाचार मुलाकात**

**देहरादून ।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में प्रधान आयकर आयुक्त, देहरादून सुनीता सिंह ने शिष्टाचार भेंट की।

# चिट फण्ड कंपनियों के भाग जाने पर अधिकारियों ने दिए कार्रवाई के निर्देश

## गैर बैंकिंग कंपनियां भी अधिक प्रलोभन देकर भाग गई, निवेशकों व स्थानीय जनता में रोष व्याप्त

**मयूर गुप्ता**

**देहरादून।** भोले भाले लोगों और निवेशकों को अपनी मीठी बातों में फंसाकर उनसे अपनी कंपियों में निवेश करवाकर करोड़ों रुपये लेकर रातों-रात बोरियां बिस्तारा लेकर फरार हो जाने वाली चिट फंड कंपियों और गैर बैंकिंग कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने से इस पर नाराजगी जाहिर करते हुंए डीआईजी एलओं ने राज्य के सभी जनपदों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों को पत्र लिखकर ऐसी कंपनियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करने के लिए कई मर्तबा पत्र लिखे लेकिन देहरादून पुलिस अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। डीआईजी की नारा. जगी को देख दून पुलिस अधिकारियों ने सभी क्षेत्राधिकारियों को पत्र लिखते हुए ऐसी कंपनियों और उनके संचालकों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

उत्तराखण्ड राज्य के सभी 13 जनपदों में वहां पर निवास करने वाले भोले-भाले लोगों को अपनी जालों में फंसाकर उनकों धन दुगना करने का लालच देकर उनकी महंत की कमाई को दो चार करने और अपनी कंपनियों में निवेश करने की बात कहकर निवेशकों से भारी-भरकम रकम को अपने खाते में जमा करवाने वाली चिट फण्ड कंपनियों द्वारा राज्य के सभी जनपदों के निवेशकों और वहां पर निवास करने वाले लोगों के करोड़ों रुपये लेकर रातों-रात फरार हो जाने की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय जनता और निवेशकों काफी रोष है। अपने साथ करोड़ों की धोखाधड़ी हो जाने की लिखित शिकायत स्थानीय जनता और निवेशकों द्वारा पुलिस अधिकारियों और संबंधित कोतवाली तथा थाने की पुलिस को दी गई लेकिन कुछ मामलों में मुक. दमा दर्ज करने के बाद पुलिस द्वारा गैर बैंकिंग और चिट फण्ड कंपनियों के संचालकों को तलाश कर उनकी गिरफ्तारी करने और निवेशकों के धोखाधड़ी कर हड़पे गए रुपयों को



वापस दिलवाने का कोई प्रयास नहीं किया गया। चिट फण्ड कंपनियों द्वारा लोगों को अपनी मीठी बातों में फंसाकर आरडी,एफडी और ऋण आदि पर अत्याधिक ब्रूज दर का लालच देकर बाद में कंपनियों को बंद कर फरार हो जाने की वारदातों के घटित हो जाने पर पुलिस उपमहानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था ने राज्य के सभी जनपदों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों को पत्र लिखकर अवगत करवाया कि ऐसी घटनाएं घटित हो जाने पर निवेशकों और स्थानीय जनता द्वारा अपनी वहां पर जमा की गई धनराशी को वापस दिलवाने के लिए आंदोलन का रास्ता अपनाया है। अपने पत्र में डीआईजी अपराध एवं कानून व्यवस्था ने लिखा की इस तरह के आंदोलनों से कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो रही है। अपने पत्र में डीआईजी ने उल्लेख किया कि उपरोक्त संवेदनशीलता के दृष्टिगत ऐसी कंपनियों के क्रियाकलापों की सत्यता,बैधता,केंद्र सरकार और राज्य सरकार से संबंधित विभागों और आरबीआई रजिस्टार कार्यालय और सोसाइटी कार्यालय,बीयूडीएस एक्ट और यूपीआईडी एक्ट प्रावधानों के अंतर्गत रजिस्टर्ड कंपनियों की जांच करवार वैधानिक कार्यवाही की जाए। एसएसपी अजय सिंह ने अपने अधीनस्थों पुलिस अधीक्षक नगर और देहात को पत्र लिखकर कार्रवाई की बात कही। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक नगर प्रमोद कुमार ने अपने अधीनस्थ सभी क्षेत्राधिकारियां को लिखे अपने पत्र के पत्रांक संख्या वाचक-पु0अ0न0-04/25 दिनांक 1 अगस्त को अवगत करवाया कि वह उक्त प्रकरण में कार्यवाही कर अपनी रिपोर्ट पेश करें।

जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिवस

# जड़ी-बूटियां मात्र उपचार के लिए नहीं, अपितु आत्म साक्षात्कार के लिए भी हैं : स्वामी रामदेव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिवस जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया गया। पतंजलि वैलनेस, पतंजलि योगपीठ-2 के योगभवन सभागार में आयोजित जड़ी-बूटी दिवस के अवसर पर पौधारोपण और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण ने भी पौध रोपण और रक्तदान किया। इस दौरान आचार्य बालकृष्ण द्वारा रचित 11 ग्रंथों का विमोमन भी किया गया। साथ ही 588 लोगों का नि:शुल्क नेत्र परीक्षण किया गया तथा 207 लोगों को नि:शुल्क चश्मे दिए गए। 470 लोगों का दंत परीक्षण करने के उपरांत नि:शुल्क डेंटल किट वितरित की गयी। पतंजलि योग समितियों के माध्यम से देश के लगभग सभी जिलों में तहसील, ब्लॉक व ग्राम स्तर पर जड़ी-बूटियों का नि:शुल्क वितरण किया।

आचार्य बालकृष्ण को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्वामी रामदेव ने कहा कि जन्म दिवस मुख्य उद्देश्य जड़ी बुटी आधारित भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति को पूरे विश्व में फैलाना है। उन्होंने कहा कि जड़ी बूटियाँ प्रकृति और परमेश्वर के अनुग्रह को अनुभव करने का एक माध्यम हैं। जड़ी-बूटियां मात्र उपचार के लिए ही नहीं अपितु आत्म साक्षात्कार के लिए भी हैं। स्वामी रामदेव ने कहा कि अपने ऋषियों की विरासत को गौरव के साथ प्रतिष्ठापित करने वाले आचार्य बालकृष्ण इस अखंड और प्रचंड पुरुषार्थ के जीवंत प्रतिमान हैं। पतंजलि के विभिन्न सेवा परिसरों में आचार्य उनका बहुत बड़ा तप निहित है।

आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि जड़ी-बूटियां हमसे नहीं हैं अपितु जड़ी-बूटियों से हम हैं। हमें अपने जीवन की रक्षा करनी है तो जड़ी बूटियों को बचाना जरूरी है। इसलिए आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में जड़ी-बूटियाँ रोपित कर स्वास्थ्य व पर्यावरण की रक्षा करें। इसके सत्र में नाट्य प्रस्तुति ने उपस्थित गणमान्यों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में पतंजलि योगपीठ से



पतंजलि का जड़ी-बूटी दिवस सम्पूर्ण मानवता के जीवन को बचाने का एक उपक्रम है। जड़ी बूटियां नही होंगी, पेड़ पौधे नहीं होंगे, तो मानव का जीवन का अस्तित्व भी नहीं रह सकता। उन्होंने सम्पूर्ण देशवासियों से उपरांत पतंजलि विश्वविद्यालय सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गयाफ जिसमें पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम्, पतंजलि विश्वविद्यालय, पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज के विद्यार्थियों ने मोहक प्रस्तुतियाँ दीं। सायंकालीन सम्बद्ध सभी प्रकल्पों तथा शिक्षण संस्थानों के संन्यासी, ईकाई प्रमुख, अधिकारी, कर्मयोगी, शिक्षक तथा विद्यार्थियों ने आचार्य को जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# प्रसव के दौरान दो महिलाओं की मौत के बाद मां गंगा मैटरनिटी एंड आई केयर अस्पताल सील

## चिकित्सकों और स्टाफ के लिए खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र में रविवार देर रात अत्मलपुर बोंगला मां गंगा मैटरनिटी एन्ड आई केयर में प्रसव दो महिलाओं की मौत होने के बाद परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और परिजनों को समझने का प्रयास किया और अस्पताल पर कार्रवाई करने की बात कही। पुलिस ने दोनों महिलाओं के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद सोमवार को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।रात को ही उप जिलाधिकारी और तहसील प्रशासन ने अस्पताल को रात जांच पूरी होने तक सील कर दिया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी महिलाओं की मौतों में जांच कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपेंगे। पुलिस ने पीड़ित परिवारों की शिकायत के आधार पर डॉक्टर और स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। हरिद्वार एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि टीनू पुत्र नाथीराम निवासी ननोता, जिला सहारनपुर (उत्तर प्रदेश), हाल निवासी डेंसों चौक सलेमपुर, थाना




सिडकुल जनपद हरिद्वार ने लिखित तहरीर देकर बताया कि गर्भवती पत्नी मीनाक्षी उम्र-30 वर्ष को माँ गंगा मैटरनिटी एण्ड आई केयर अस्पताल में प्रसव के भर्ती कराया गया मीनाक्षी की डिलीवरी हुई जिस पर डॉक्टरों द्वारा जच्चा व बच्चा दोनों को स्वस्थ बताया गया। थोड़ी देर बाद डॉक्टरों ने मीनाक्षी को खून की कमी होना बताया गया खून चढ़ाया गया उसी दौरान मीनाक्षी की तबीयत बिगड़ने लगी और उसकी मृत्यु हो गई। वही दूसरी और मोंटी पुत्र सुमन निवासी ग्राम नारसन खुर्द, तहसील रुड़की, जनपद हरिद्वार ने लिखित शिकायत देकर बताया कि गर्भवती पत्नी खुशबू को डिलीवरी हेतु माँ गंगा मैटरनिटी एण्ड आई केयर अस्पताल में भर्ती कराए ऑपरेशन के कुछ समय पश्चात खुशबू की भी तबीयत बिगड़ने लगी और उसकी भी मृत्यु हो गई।दोनों महिलाओं की मौत के बाद परिजनों के हंगामा करना शुरू कर दिया कुछ ना मिलते ही पुलिस ने मौके पर जाकर परिजनों को शांत कराते हुए दोनों मृत महिलाओं के शवों को पंचायतनामा जिला अस्पताल हरिद्वार की मोर्चरी में रखवाया गया है। पंचायतनामा व पोस्टमार्टम कार्रवाई के बाद शवों को सोमवार को परिजनों को सौंप दिया।घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम की उपस्थिति में माँ गंगा मैटरनिटी एण्ड आई केयर अस्पताल को सील कर दिया गया है। दोनों मामलों में प्रथम दृष्टया अस्पताल के चिकित्सकों व स्टाफ की लापरवाही के कारण मीनाक्षी व खुशबू की मृत्यु होना प्रकाश में आया है। माँ गंगा मैटरनिटी एण्ड आई केयर में नियुक्त डॉक्टरों व स्टाफ केखिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दोनों बच्चे स्वस्थ हैं और परिजनो को सौंप दें है। आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट पर हरिद्वार प्रशासन सतर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** मौसम विभाग द्वारा जारी ऑरेंज अलर्ट के जरिए जनपद में भारी वर्षा की संभावनाओ के दृष्टिगत जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देश में हरिद्वार जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिलाधिकारी द्वारा समस्त संबंधित विभागों, आईआरएस से जुड़े अधिकारियों तथा कर्मचारियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। जनपद आपातकालीन परिचालन केंद्र के साथ ही बाढ़ नियंत्रण चौकियां 24×7 सक्रिय हैं, वहीं सभी तहसीलदारों, खंड विकास अधिकारियों और नगर निकायों को सतत निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने जलभराव संभावित क्षेत्रों और संवेदनशील घाटों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा जल निकासी हेतु समुचित व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में फील्ड के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में निरीक्षण एवम् निगरानी करते हुए जिलाधिकारी को फोटो व वीडियो के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों की स्थिति की पल पल की जानकारी देते रहे और किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते रहे। जिलाधिकारी ने जनमानस से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें, बिजली के खंभों व पेड़ों से दूरी बनाए रखें और मौसम विभाग या जिला प्रशासन द्वारा जारी किए जा रहे दिशा-निर्देशों का पालन करें। किसी भी आपात स्थिति में जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

## डीएम ने विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों में किया अवकाश घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जिला मजिस्ट्रेट एवं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि भारतीय मौसम विज्ञान केन्द, देहरादून द्वारा 4 अगस्त को जनपद हरिद्वार हेतु (ऑरेंज अलर्ट) तथा 5 अगस्त को (येलो अलर्ट) के तहत जनपद में कहीं-कहीं पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की सम्भावना व्यक्त की गयी हैं। तद्क्रम में वर्तमान मानसूनकाल के मध्येनजर विद्यालयों में जाने वाले छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिगत 5 अगस्त को जनपद हरिद्वार के समस्त ऑगनबाड़ी केन्द्र, शासकीय, अर्द्धशासकीय, सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालय बन्द रहेंगे। इसके अतिरिक्त जिन विद्यालयों में बोर्ड की अंक सुधार परीक्षायें संचालित है ये यथावत् खुले रहेंगे। अत: भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के दृष्टिगत जनपद हरिद्वार अन्तर्गत 5 अगस्त को समस्त ऑगनबाड़ी केन्द्र, शासकीय, अर्द्धशासकीय, सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया जाता है। उल्लंघन की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 की सुसंगत धाराओ के अन्तर्गत कार्यवाही अम्ल में लायी जायेगी। उन्होंने मुख्य शिकशिक्षा अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी को आदेश का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

# उत्तरी हरिद्वार में हुए जलभराव के लिए सीवर कार्यदायी एजेंसी पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** महानगर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सुनील सेठी ने उत्तरी हरिद्वार में सड़कों और कालोनियों में हुए जलभराव के लिए क्षेत्र में सीवर लाईन बिछाने का कार्य कर रही एजेंसी पर कार्रवाई की मांग की है। जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग करते हुए सुनील सेठी ने सीवर कार्यदायी एजेंसी पर अनुभवहीन होने का आरोप लगाया और कहा कि कार्यदायी एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करने के साथ एसी कमरों में बैठकर



मॉनिटरिंग कर रहे अधिकारियों का वेतन रोका जाए। सेठी ने कहा कि क्षेत्र में सीवर लाईन बिछा रही एजेंसी ने जगह-जगह सड़कें खोद कर छोड़ दी हैं। जिससे लगातार कई घंटो तक हुई बरसात के बाद सड़कों और कालोनियों में पानी भर गया। लोग पानी और कीचड़ में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। आरोप लगाया कि अधिकारी साइट पर मिलते ही नहीं है। अनुभवहीन कर्मचारी या सुपरवाइजर कैसे काम कर रहे है। इसे कोई नहीं जान सकता। बिना कंक्रीट और बजरी के पाइप मिट्टी से दबा दिए गए हैं। जिससे अब बरसात में सड़के बैठ रही हैं। जगह-जगह गड्ढों में पानी भर रहा है। दोनों किनारों की टाइल भी बैठ गई है। जिससे कोई देखने वाला नहीं है। लोग घरों में कैद हैं। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। भारी अनियमिताओं के साथ कार्य कर रही है एजेंसी की बड़े स्तर पर जांच हो जाए तो बडा भ्रष्टाचार उजागर होगा। लालजी यादव, दीपक उप्रेती, देव माहेश्वरी, सुशील शर्मा, हरीश साहनी, शलभ गुप्ता, हरीश अरोड़ा, गौरव कुमार, राजेश पांडे, महेश कालोनी, राजू जोशी, रमन सिंह, दीपक मित्तल, डा.स्मिथ ऐरन, राजेश भाटिया, मंगल शर्मा, हरिओम तनेजा, निशा सिंह, अरुण बंसल सहित क्षेत्रीय निवासियों ने भी जांच और कार्रवाई की मांग की।

# जलभराव के चलते लोगों को करना पड़ा दिक्कतों का सामना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** लगातार हुई मूसलाधार बारिश के चलते हुए जलभराव की वजह से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उपनगरी ज्वालापुर के बाजारों में दो से तीन फीट पानी भर गया। पानी उतरने तक दुकानें नहीं खुली और बाजार बंद रहा। इसके अलावा चंद्राचार्य चौक, भगत सिंह चौक, रेल पुलिया के नीचे बरसाती पानी भरने से आवागमन पूरी तरह ठप्प रहा। बरसात के कारण नेहरू युवा केंद्र से आगे सड़क पर पेड़ गिरने से लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। भगत सिंह चौक, रेलवे पुलिया, चंद्राचार्य चौक पर जलभराव की वजह से आवाजाही पूरी थम गयी। श्यामपुर हाईवे पर भी लोगों को जलभराव के कारण दिक्कतें झेलनी पड़ी। एक कार समेत कई वाहन



हाईवे पर भरे पानी में फंस गए। उत्तरी हरिद्वार और कनखल में भी कई स्थानों पर जलभराव हुआ। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देश पर अधिकारी जलभराव क्षेत्र का जायजा लेने सड़कों पर उतरे। सबसे ज्यादा परेशानी चंद्राचार्य चौक, भगत सिह चौक और रेल पुलिया के नीचे हुए जलभराव के कारण हुई। कई वाहन तीन से चार फीट पानी में फंस गए। जिन्हें कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया। दोपहर तक हुई तेज बारिश के चलते जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त रहा। दोपहर बाद बारिश रूकने पर लोगों बाहर निकले और जनजीवन सामान्य हुआ।

## मेयर ने दिए नगर निगम की आय बढ़ाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नगर निगम की मेयर किरण जैसल ने सोमवार को टैक्स अनुभाग के अधिकारियों एवं लिपिक वर्ग के साथ एक आवश्यक बैठक की। मेयर कार्यालय पर आयोजित बैठक में मेयर ने नगर निगम क्षेत्र में आने वाले आवासीय एवं व्यावसायिक भवनों से टैक्स वसूली की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए। मेयर किरण जैसल ने कहा कि नगर निगम के खाते में जितना अधिक राजस्व एकत्र होगा, उतनी ही तेजी से शहर के विकास कार्यों को गति मिल सकेगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बकाया टैक्स की वसूली में लापरवाही न बरती जाए और नियमित रूप से समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में आने वाली नई कालोनियों को टैक्स के दायरे में लाने के लिए अधिकारी रूपरेखा तय करें।

## शिव ही सत्य और सनातन : साध्वी अनन्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** साध्वी अनन्या सरस्वती ने कहा कि शिव ही सत्य और सनातन हैं। शिव को पाना है तो पूर्ण श्रद्धाभाव से उनके शरणागत होना होगा। परमार्थ आश्रम में 26 दिन से अखंड शिव आराधना कर रही साध्वी अनन्या सरस्वती ने कहा कि समदृष्टि से पूरे संसार को देखने वाले भगवान शिव को प्रसन्न करना अत्यंत सरल है। जो व्यक्ति मन, वचन और कर्म से भगवान शिव के शरणागत होकर उनकी आराधना करता है। शिव अपने उस भक्त की श्रद्धा और भाव से प्रसन्न होकर सबकुछ प्रदान कर देते हैं। शिवकृपा से वह इस धराधाम पर सभी सुखों का अधिकारी बनता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव को प्रकृति से बेहद लगाव है। उन्होंने अपना निवास भी संसार के कोलाहाल से दूर कैलाश पर बनाया है। भगवान शिव केवल सावन में कैलाश



छोड़कर हरिद्वार आते हैं और कनखल में दक्षेश्वर महादेव के रूप में विराजमान रहकर संसार का संचालन करते हैं। शिव कृपा से सभी का अवश्य कल्याण होगा।

# राजकमल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रों का हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** राजकमल साइंस एंड मैनेजमेंट कॉलेज बहादराबाद हरिद्वार में बी.एससी. व बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशी छात्रों के लिए श्दीक्षारंभश कार्यक्रम पारंपरिक हवन व मंत्रोच्चार के साथ शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। ज्योतिषाचार्य प्रिंस शर्मा ने विद्यार्थियों को हवन का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि इससे न केवल मानसिक व शारीरिक शुद्धि होती है बल्कि आसपास का माहौल भी प्रदूषण मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि हवन से एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और हवन में भाग लेने वाला प्रत्येक व्यक्ति नवस्फूर्ति से अपने काम में लग जाता है। राजकमल कालेज के प्राचार्य डा. राघवेंद्र चौहान ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में नव प्रवेशी छात्र -छात्राओं को महाविद्यालय आगमन पर शुभकामनाएं दी। तथा नए शैक्षणिक सत्र में अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण व खूब मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। डा. चौहान ने विद्यार्थियों को स्कूल जीवन से निकलकर कॉलेज जीवन में आने वाले बदलाव के बारे में बताया। डा. चौहान ने कहा कि एक नए जीवन की शुरुआत ही नहीं करनी है बल्कि कुछ नए वादे भी करने हैं। आने वाले शैक्षणिक सत्र में उन वादों को अंजाम तक पहुंचने की राह को सुनिश्चित करना है। डा. नीरज शर्मा विभागाध्यक्ष वाणिज्य ने बताया गया कि छात्र-छात्राओं को कॉलेज में प्रतिदिन निर्धारित ड्रेस कोड में आना अनिवार्य है। तथा कॉलेज में सालभर चलने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं,



सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेल गतिविधियों की जानकारी भी दी गई। इससे छात्र अपनी रुचि अनुसार भागीदारी सुनिश्चित कर सकेंगे और सर्वांगीण विकास की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. दीपा रमन ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय की समय सारिणी, नियमों, अकादमिक संरचना, पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली, खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों से अवगत कराया। गणित विभागाध्यक्ष अजय कुमार ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने और अनुशासित रहने की सलाह दी। तथा विद्यार्थियों को कॉलेज मे नियमित रहने के लिए सचेत किया। उन्होंने ने कहा कि कॉलेज में अपने शिक्षकों का आदर करे। तथा शिक्षा का सबसे पहला मंत्र अनुशासन ही है। दीक्षारंभ कार्यक्रम में श्रीमती राजेश देवी सचिव राजकमल कॉलेज, तथा महाविद्यालय के प्रबंध समिति सदस्य दुष्यंत प्रताप, नितिन चौहान, मनीष कुमार चौहान प्रबंधक अशोका इंटरनेशनल स्कूल व प्रवक्तागण डा. दीक्षा चौहान, डा. अनिरुद्ध कुमार, विनीत कुमार, प्रवीण कुमार, इशिका पंडित, आस्था यादव, सिया पाल, प्रिया सैनी, ईशा राजपूत, नैनसी चौहान, शिखा राठी, राजदीप रावत, स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## भगवान शिव की महिमा अनंत : कैलाशानंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य म.मं. स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि भगवान शिव और माता पार्वती ही संसार की परम शक्ति हैं। श्री दक्षिण काली मंदिर में आयोजित शिव साधना के दौरान स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि भगवान शिव की महिमा अनंत है। जिसे शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं है। केवल निर्मल भक्ति से ही उन्हे जाना और पाया जा सकता है। काल के प्रवाह से भी परे भगवान शिव ही सभी विद्याओं के जनक हैं। तंत्र मंत्र और योग से समाधि तक प्रत्येक क्षेत्र के आदि और अंत भगवान शिव ही हैं। संगीत के आदि सृजनकर्ता और नटराज के रुप में कलाकारों के आराध्य भी भगवान शिव हैं। वे देवों के भी देव होने के कारण महादेव हैं और काल अर्थात समय से परे होने के कारण महाकाल भी हैं। वे देवताओं, दानवों और मनुष्यों पर समान रूप से कृपा करते हैं। स्वामी अवंतिकानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि यूपी के पूर्व मंत्री संगीत सोम ने दक्षिण काली मंदिर पहुंचकर विधि विधान से भगवान शिव का पूजन किया और स्वामी कैलाशानंद गिरी से आशीर्वाद लिया।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
**डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741
**संतोष कुमार**
मो.: 9760287392

# पुलिस ने दबोचा ठगी गैंग का सदस्य चाकू और 12 एटीएम कार्ड बरामद

## कार्ड बदलकर करता था लोगों से ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** थाना सिडकुल पुलिस ने ठगी गैंग के सदस्य को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किए गए आरोपी से कब्जे से विभिन्न बैंकों के 12 एटीएम कार्ड भी बरामद हुए हैं। आरोपी ठगी की कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बरामद हुए एटीएम कार्ड के विषय में भी पुलिस बैंकों से जानकारी जुटा रही है। आपराधिक घटनााओं पर रोक लगाने के लिए एसएसपी ने विशेष चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। एसएसपी के निर्देशों के अनुपालन में कांस्टेबल हरि सिंह व सुंदर सिंह आईएमसी चौक के पास चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान संदिग्ध प्रतीत होने पर उन्होंने एक व्यक्ति को रोककर



उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से चाकू और 12 एटीएम कार्ड बरामद हुए। पूछताछ में उसने अपना नाम जॉनी पुत्र विजयपाल निवासी चंद्रपुर थाना बड़ागांव जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश हाल पता सूर्य नगर कॉलोनी रोशनाबाद हरिद्वार बताया। उसने बताया कि वह एटीएम कार्ड बदलकर सीध सादे लोगों के साथ ठगी करता है।

## सखि बहिनपा मैथिलानी समूह इकाई हरिद्वार ने मनाया तीज मिलन समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सखी बहिनपा मैथिलानी, हरिद्वार समूह के तत्वावधान में तीज (सावन) मिलन मिलन समारोह का आयोजन स्थानीय होटल धूमधाम से मनाया गया। पारंपरिक मैथिली एवं फिल्मों गीतों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। हर्ष और उल्लास के माहौल में सखियों ने जमकर आनंद लिया और शानदार भोजन का लुत्फ उठाया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक रश्मि झा ने कहा कि मिथिला की परंपरा और संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन सखि बहिनपा मैथिलानी समूह का महत्वपूर्ण योगदान है। पूरे विश्व में संस्था से जुड़ी महिलाएं मिथिला का मान सम्मान बढ़ाने का कार्य कर रही है।

वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेत्री रंजीता झा ने कहा कि मैथिली भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संस्था की ओर से निरंतर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शिक्षिका मोनी ठाकुर ने कहा कि मिथिला के सभी पर्व त्यौहार प्रकृति पर आधारित है। ऐसे में मध श्रावणी पूजा पाठ मे फल फूल पत्ते एवं प्रकृति के संरक्षक सर्प की पूजा कर नाग पंचमी के दिन दूध लावा भी चढाया जाता है।

इस अवसर पर सखी बहिनपा मैथिलानी समूह हरिद्वार ईकाई संयोजिका रश्मि झा,एडमिन मोनी ठाकुर, रंजीता झा, राखी झा, वाणी झा, रीना झा, पिंकी झा, श्वेता झा, ज्योति झा, मुन्नी झा, सोनी झा, ममता झा, नीतू झा, मीनाक्षी चौधरी, सहित अन्य मौजूद रही।

## अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने आचार्य बालकृष्ण को अवतरण दिवस की दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण को अवतरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि योग और आयुर्वेद भारत की प्राचीन विरासत है। आचार्य बालकृष्ण आयुर्वेद के बड़े विद्वान हैं। उन्होंने स्वामी रामदेव के साथ योग और आयुर्वेद को पूरे विश्व में प्रतिष्ठापित किया है। उन्होंने कहा कि आज भारत सहित पूरी दुनिया में उपचार के लिए आयुर्वेद को अपनाया जा रहा है। लोग तेजी से आयुर्वेदिक उपचार पद्धति की और लौट रहे हैं तो इसका बड़ा श्रेय आचार्य बालकृष्ण को जाता है। भारत माता मंदिर के महंत म.मं. स्वामी ललितानंद गिरी ने भी आचार्य बालकृष्ण को जन्म दिवस की बधाई दी और कहा कि आचार्य बालकृष्ण के प्रयासों से लाखों लोगों को आयुर्वेद के क्षेत्र में रोजगार मिला है। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी, स्वामी हरिचेतनानंद, महंत राघवेंद्र दास, महामंडलेश्वर स्वामी वेदमूर्ति पुरी, महामंडलेश्वर स्वामी आदियोगी पुरी, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, स्वामी हरिहरानंद, महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद सरस्वती, महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती, स्वामी ऋषि रामकृष्ण, महामंडलेश्वर स्वामी गर्व गिरी, स्वामी विजय, स्वामी निर्मल दास, स्वामी दिनेश दास ने भी आचार्य बालकृष्ण को जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी।

# आतंकवादी हमले की सूचना पर मचा हड़कंप

## डाकपत्थर बैराज पर मॉकड्रिल में पुलिस ने तीन आतंकवादियों को मार गिराया





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** विकासनगर के डाकपत्थर बैराज इलाके में सोमवार को उस वक्त अफरातफरी मच गई। जब पुलिस को डाकपत्थर बैराज पर आंतकवादियों के होने की सूचना मिली।

सूचना मिलने पर पुलिस और संबंधित विभाग के अधिकारी तत्काल डाकपत्थर बैराज पहुंचे और पूरे इलाके को घेर तीन आंत. कवादियों को मार गिराया। जानक. ारी के मुताबिक डाकपत्थर बैराज पर आंतकवादियों के द्वारा बैराज को बम से उड़ाने की सूचना डाकपत्थर चौकी इंचार्ज को प्राप्त हुई।

सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ता, एलआईयू इंटेलिजेंस ब्यूरो की इंस्पेक्टर कमला चौहान, सीओ विकासनगर भास्कर लाल शाह, स्थानीय पुलिस, एंटी टेरेरिस्ट स्कवाड, बीडीएस टीम, फायर सर्विस, मेडिकल स्टाफ, स्थानीय प्रशासन की टीम समेत संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने हिमाचल प्रदेश से आने वाले लोगों और डाकपत्थर की तरफ जाने वाले लोगों की आवाजाही रोक दी। पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही में तीन आंतकवादियों को मार गिराया।

सीओ विकासनगर भास्कर लाल शाह ने बताया कि डाकपत्थर बैराज से सूचना मिली कि बैराज के कंट्रोल रूम में कुछ आंतकवादी घुस गए है और बैराज के कर्मचारियों को बंधक बनाया लिया है जिस पर हमारे जवानों व संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा तत्काल आप्रेशन किया गया और डाकपत्थर बैराज पर मुठभेड़ में तीन आंत. कवादियों को मार गिराया गया। बताया जा रहा ह

जवाबी कार्यवाही में दो सुरक्षा कर्मी भी शहीद हुए। मॉकड्रिल की टीम में डाकपत्थर चौकी इंचार्ज विवेक भंडारी, सीओ विकासनगर भास्कर लाल शाह, इंटेलिजेंस ब्यूरो की अधिकारी कमला चौहान मौजूद रही। इस मॉकड्रिल में जिला चिकित्सालय विकासनगर की एंबुलेंस भी मौके पर मौजूद रही।

# पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली सहित वाहन चोर को किया गिरफ्तार

**चोरी में तीन लोगों को किया गया वांछित धारा 303(2) बीएनएस दर्ज भेजे जेल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** थाना सहसपुर पुलिस द्वारा चोरी के ट्रैक्टर ट्राली सहित गिरफ्तार किया वाहन चोर को। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। ट्रैक्टर ट्राली में तीन लोगों को वांछित किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 24 जून 25 को जोगिन्द्र सिह पुत्र रोडा सिह निवासी ग्राम धर्मावाला थाना सहसपुर द्वारा थाना सहसपुर पर आकर एक तहरीर बाबत अज्ञात चोर द्वारा घर के बाहर से ट्राली ( ट्रैक्टर) चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में दी

। पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना सहसपुर में धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमे की विवेचना उ0नि0 विजय थपलियाल थाना सहसपुर के सुपुर्द की गयी, प्रभारी निरीक्षक सहसपुर द्वारा अज्ञात चोरो की गिरफ्तारी हेतु उ0नि0 कविन्द्र राणा थाना सहसपुर के नेतृत्व में टीम का गठन कर रवाना किया गया था गठित पुलिस टीम द्वारा आज सोमवार को आरोपी अंकित पुत्र राकेश निवासी ग्राम भुड लोंधेवास थाना चिल्काना जिला सहारनपुर उ0प्र0 को चोरी हुई ट्राली के साथ प्रतीतपुर शिव मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया।

आरोपी अंकित द्वारा पुछताछ पर बताया की मेरे द्वारा यह ट्राली मेरे साथी जोगिन्द्र पुत्र रामधन, पिन्कु पुत्र नैत्रपाल, सुशील उर्फ शिलु पुत्र नेत्रपाल निवासी ग्राम भुड लोंधेवास थाना चिल्काना जिला सहारनपुर उ0प्र0 के साथ मिलकर चोरी की थी। जोगिन्द्र पुत्र रामधन, पिन्कु पुत्र नैत्रपा, सुशील उर्फ शिलु पुत्र नेत्रपाल को मुकदमे में वांछित किया गया जिनकी गिरफ्तारी के पुलिस प्रयास में पुलिस जुट गई

पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक शंकर सिह बिष्ट, उ0नि0 कविन्द्र सिह राणा, उ0नि0विजय थपलियाल, सिपाही कुलदीप सिह, राजबीर भण्डारी, नरेश पंवार, सन्दीप कुमार शामिल रहे।

# भोले के जयकारों से गूंजा छावनी बाजार

**हरिद्वार से लौटी कांवड़ यात्रा का भव्य स्वागत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** सावन माह की पावन कांवड़ यात्रा सोमवार सुबह चकराता पहुंचने पर छावनी बाजार 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा। हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर लौटे शिवभक्तों का स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर उत्साहपूर्वक स्वागत किया। श्रद्धालुओं के लिए जलपान के स्टॉल भी लगाए गए।

यह पवित्र यात्रा बीते शनिवार को चकराता स्थित चिंताहरण महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुई थी।

शिवभक्तों ने नीलकंठ पहुंचकर हरिद्वार से गंगाजल भरा और पैदल यात्रा करते हुए सोमवार को पुनः चकराता लौटे। कांवड़ियों का जोश देखते ही बनता था। सफर की थकान के बावजूद उनका उत्साह अडिग था। छावनी बाजार में यात्रा के स्वागत के दौरान व्यापारी वर्ग भी पीछे नहीं रहा। कई स्थानीय व्यापारी शिव भजनों की धुन पर थिरकते नजर आए। क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया।

कांवड़ियों ने चकराता छावनी क्षेत्र स्थित चिंताहरण मंदिर, बरोरी शिव मंदिर, सनातन धर्म मंदिर, लालकुर्ती शिव मंदिर एवं चिलमिरी शिव मंदिर में विधिवत जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की।

# जलस्तर बढ़ने पर लोगों को किया सतर्क



सेलाकुई/सहसपुर। मौसम विभाग द्वारा भारी वर्षा होने व नदी नालो का जल स्तर बढ़ने की संभावना के दृष्टिगत थाना सेलाकुई पुलिस व सहसपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में स्थित नदी नालों के समीप निवास करने वाले लोगों को सतर्क रहते हुए सुरक्षित स्थानों पर रहने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया गया सभी लोगो से वार्ता कर समझाया गया।

# लगातार बारिश के कारण जजरेड पहाड़ी से भारी मलबा आने से मार्ग अवरुद्ध

**सड़क के दोनो तरफ वाहनों की लगी रही लंबी कतार**

**किसान अपनी नकदी फसलें लेकर समय से नहीं पहुंचे मंडी, आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** लगातार हो रही भारी बारिश के कारण जौनसार बावर को जोड़ने वाला मुख्य मोटर मार्ग कालसी चकराता के लैंड स्लाइड जोन जजरेड पहाड़ी से बड़े बड़े पत्थर और मलबा आने से मार्ग अवरुद्ध हो गया। जिससे सडक के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगी रहीं।

सुबह आठ बजे से कालसी चकराता मोटर मार्ग बंद होने से यात्रियों को बारिश में काफी परेशानीयां झेलनी पडी। किसान अपनी नगदी फसलों को विकासनगर मंडी समय से नहीं पहुंचा पाए। जजरेड पहाड़ी से आ रहे मलबे को हटाने के लिए लोक निर्माण विभाग की एलएनटी मशीन व डोजर द्वारा मलबा हटाया जा रहा है लेकिन पहाड़ी से बड़े बड़े पत्थरों के आने से पांच घंटे बाद भी मार्ग नहीं खुल पाया। जिसके चलते कई वाहन वापिस मूड गए। बारिश और कोहरे के कारण कुछ दिखाई नहीं देने से पहाड़ी से मलबा हटाने में काफी मुश्किल बनी रही। कोहरे में कुछ दिखाई नहीं देने से मलबा हटा रही एलएनटी मशीन में पहाड़ी से पत्थर आ गिरा जिससे मशीन में तकनीकी खघ्राबी आने से मशीन बंद हो गई। अब केवल डोजर ही साइड पर मलबा हटा रहा है।

**एक नजर .......**

## सामान्य ज्ञान पर आधारित पुस्तक अग्रिका का किया विमोचन

**कोटद्वार ।** नगर निगम के अंतर्गत जूनियर हाईस्कूल पदमपुर सुखरौ स्थित अजीम प्रेमजी फाउंडेशन सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक राजीव थपलियाल द्वारा लिखित सामान्य ज्ञान पर आधारित पुस्तक अग्रिका का विमोचन किया गया। इस मौके पर राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज लालपानी की प्रधानाचार्य वन्दना भारद्वाज, सहायक प्रोफेसर डॉ. अनुराग शर्मा, सुभाष चन्द्र नौटियाल, सरोजनी कुक. रेती, मीनाक्षी थपलियाल, संजीव थपलियाल, जयप्रकाश केष्टवाल, राज. ेश डबराल, निधि नौटियाल, आरती रावत, ज्योति बौंठियाल, रविन्द्र कुमार, गरिमा रावत, रूपेंद्र रावत, चंद्र मोहन सिंह रावत, जसपाल असवाल, सीमा भारद्वाज, अमित गोयल और शंकर प्रसाद ध्यानी आदि उपस्थित थे।

## जड़ी बूटी दिवस पर किया पौधरोपण

**कोटद्वार ।** पतंजलि योग पीठ के अध्यक्ष आचार्य बाल कृष्ण के जन्म दिवस एवं जड़ी बूटी दिवस पर पौधरोपण किया गया। ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमांजलि समागम समिति की ओर से कण्वाश्रम में पीपल, बरगद एवं नीम के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर समिति संस्थापक निदेशक राम भरोसा कंडवाल ने कहा कि पौधरोपण असल देव अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है। इस अवसर पर समिति उपाध्यक्ष दिनेश चौधरी, कोषाध्यक्ष मनमोहन काला व संगठन मंत्री नंदन सिंह नेगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए अतिरिक्त काउंटर खोलने की मांग

**कोटद्वार ।** नगर निगम के पार्षदों ने तहसील में आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए अतिरिक्त काउंटर खोलने की मांग की है। कहा कि आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए एक ही काउंटर होने से आम जन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में सोमवार को पार्षद संजय भंडारी के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में पार्षदों ने कहा है कि वर्तमान में राशन कार्ड सत्यापन के लिए लोगों को आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ रही है। तहसील में आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए एक ही काउंटर होने के कारण लोगों के प्रमाण पत्र बनने में लंबा समय लग रहा है। इसलिए जनहित को देखते हुए तहसील में आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए अतिरिक्त काउंटर खोला जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में हिमांशु वर्मा, सोनिया नेगी और विजय सिंह शामिल रहे।

## सावन के अंतिम सोमवार को शिव मंदिर में उमड़ा जनसैलाब



**विकासनगर।** सावन के अंतिम सोमवार को हनुमान धाम विकासनगर के शिव मंदिर में उमड़ा जन सैलाब, वही मंदिर में शिव नाम का 1008 बार शिव नाम लेकर भारत देश के समस्त सनातनियों के लिए वह जनता के लिए उनकी मनोकामना स्वास्थ्य खुशी के लिए प्रार्थना की गई। आचार्य आकाश ने बताया की सावन के समय सोमवार शिव की पूजा के लिए सावन मास बहुत पवित्र है जो इस मास के समस्त सोमवार को व्रत आदि धारण करते हैं उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कहा सावन के महीने में सोमवार का महत्व उत्तम है अंतिम सोमवार को दशमी तिथि के कारण इस सोमवार का बहुत ही महत्व है, आचार्य जीवन भट्ट, राजेंद्र शर्मा ने रुद्राभिषेक सामूहिक कराकर संपूर्ण विश्व के लिए मंगल कामना की। इस मौके पर मंदिर के महंत विष्णु महावर, विकास शर्मा, पंडित विनय प्रसाद उनियाल, मदन शर्मा, सूरज, प्रियंका नागपाल, नर्मदा शर्मा, शाश्वत, कपिल, विजय गुप्ता, डॉक्टर सुभाष चावला आदि शामिल रहे।

# भूस्खलन वाले संवेदनशील स्थानों पर बनाए रखें निगरानी : डीएम

**बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी, डीएम ने कंट्रोल रूम से लिया स्थिति का जायजा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** प्रदेश में अगले 48 घंटे बारिश के लिहाज से खासे मुस. ीबत भरे हो सकते हैं। बीती आधी रात से ही प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में बारिश देखने को मिल रही है। उत्तरकाशी जिले में तो भारी बारिश से भूस्खलन स्थिति बन रही है। सोमवार को गंगोत्री यमुनोत्री राजमार्ग खुलने और बंद होने का दौर जारी रहा।

वहीं, मौसम विभाग ने 4 और 5 अगस्त के लिए बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। ऐसे में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

वर्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रशांत आर्य द्वारा जनपद आपदा कंट्रोल रूम पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और सभी संबंधित एजेंसियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए तथा कहा कि सभी नोडल/सेक्टर अधिकारी निगरानी करते हुये सम्बन्धित से समन्वयक कर निरन्तर कण्ट्रोल रूम में सूचना देना सुनिश्चित करेंगे।

इस दौरान जिलाधिकारी ने यमुनोत्री क्षेत्र में भू-धंसाव और भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों की भी जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को निरंतर निगरानी करते रहने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग में संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त मशीनरी/ऑपरेटर को तैनात रखने और मार्ग बाधित होने पर तत्काल सुचारू करवाए तथा एन एच, लोनिवि , पीएमजेएसवाई बीआरओ आदि किसी भी मोटर मार्ग के बाधित होने की दशा में उसे तत्काल खुलवाना सुनिश्चित करेंगे। समस्त राजस्व निरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, समस्त सेक्टर क्षेत्रों में बने रहेंगे। तेज वर्षा होने पर अपने-अपने क्षेत्रों से वर्षा/रोड़ की सूचना आपदा कन्ट्रोल रूम में देना सुनिश्चत करेंगे।

# बारिश से प्रभावितों को तात्कालिक सहायता राशि के सौंपे चेक



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को मूसलाधार बारिश के चलते पथरियापीर नीलकंठ विहार में बांस ढहने से आवासीय भवन को हुए आंशिक नुकसान और पुस्ता ढहने से प्रभावित परिवारजनों को जिला प्रशासन के माध्यम से दोनों प्रभावित को 6500 -6500 के तात्कालिक सहायता राशि के चेक प्रदान किया। कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में सरकार हर पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रहने और स्थिति पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। साधु शरण व प्रदीप को चेक दिए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत भी उपस्थित रहे।

# श्री बाल रामलीला कमेटी के संजय रावत व संजय मित्तल बने संयुक्त रूप से अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** श्री बाल रामलीला कमेटी के सदस्यों की रविवार को आयोजित बैठक में कमेटी की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में संजय रावत व संजय मित्तल को अध्यक्ष व नितिन गुप्ता को सचिव चुना गया। कमेटी के मीडिया प्रभारी प्रेम प्रजा. पति ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में 18 सितंबर 2025 से रामलीला मंचन करने का निर्णय भी लिया गया।

साथ ही सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए अध्यक्ष और सचिव के अतिरिक्त विपिन डोबरियाल को कार्यवाहक अध्यक्ष, नीरज रावत को सहसचिव व रोहित जोशी को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया। वहीं मेयर शैलेंद्र सिंह रावत सहित सुरेश बंसल, राकेश अग्रवाल, कुसुम मोंगिया व ओमप्रकाश भाटिया को कमेटी संरक्षक का दायित्व सौंपा गया। साथ ही सुरेश चंद्र गोयल को कोषाध्यक्ष, संजय शर्मा को सहकोषाध्यक्ष, मीना सेमवाल, डा. घनानंद शर्मा, आरती भाटिया, सुनीता माहेश्वरी और सरदार महेंद्र सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और डा. सौरव मिश्रा, अजय कश्यप, महेश कुकरेती, संजय नौडियाल, अनिल नेगी, सुबोध कर्णवाल, अशोक चौधरी, आलोक गुप्ता, रणजीत सिंह नेगी, नीतिश गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, कमल आर्य व ज्योति चौधरी को कमेटी उपाध्यक्ष चुना गया।

# निर्माण कार्य पर मानकों के उल्लघंन का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर क्षेत्रांर्गत दुग्डडा-कोटी मोटर मार्ग पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण में स्थानीय लोगों ने अनियमिताओं एवं कार्य को गुणवत्तपरक न करने का आरोप लगाया है। स्थानीय लोगों का कहना है मोटरमार्ग के निर्माण कार्य में अनेदखी कि जाने पर आक्रोश व्यक्त किया है। बता दें कि 11 करोड़ की लगात से लगभग 15 किमी लंबे इस मोटर मार्ग पर सड़क चौडीकरण का कार्य चल रहा है, लेकिन ठेकेदार द्वारा स्वीकृत डंपिंग जोन के इतर सड़क किनारे ही मलबा डंप किया जा रहा है।

पूर्व प्रधान सुनय कुकशाल ने आरोप लगाया कि मोटरमार्ग के निर्माण कार्य में अनियमिताओं बरती जा रही है। बताया कि मार्ग के चौड़ीकरण कर निकाले जा रहें मलबे को वन भूमि पर डाला जा रहा है। जिससे बेसकिमती पेड पौधों को नुकसान पहुंच रहा है। बताया कि मामले में कई बार वन विभाग को भी इसकी शिकायत की जा चुकी है, बावजूद भी कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई है। बताया कि मार्ग में कई स्थानों पर अवैध डंपिंग जोन बनाए गए हैं, जो भविष्य में भारी बरसात के समय गंभीर खतरा बन सकते हैं। साथ ही, बरसाती गदेरों से पानी निकासी के लिए बनाए जा रहे सक्रबर की गुणवत्ता भी मानकों के अनुरूप नहीं बनाएं जा रहें है। कहा कि सक्रबर में न तो फाउंडेशन को मजबूती दी जा रही है और न ही तय अनुपात में मसाला डाला जा रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) कीर्तिनगर के अधिशासी अभियंता शिवम रावत ने बताया कि कुछ मिट्टी और पत्थर निर्माण कार्य में उपयोग के लिए रखे गए हैं। सड़क से नीचे मलबा फेंके जाने की जानकारी उन्हें नहीं है, लेकिन स्थलीय निरीक्षण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि निम्न गुणवत्ता को लेकर अब तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

# मंत्री डॉ. रावत को सम्मानित करने पर खुशी

**श्रीनगर।** बार एसोसिएशन श्रीनगर ने कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को भारत युवा पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर खुशी जाहिर की है। बार एसोसिएशन श्रीनगर के संरक्षक अनूप श्री पांथरी ने कहा कि डॉक्टर धन सिंह रावत द्वारा शिक्षा स्वास्थ्य सहकारिता के क्षेत्र में अभूतपूर्व उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं एवं जन सेवा शिक्षा एवं स्वास्थ्य में नवाचार प्रयोग के लिए उनका योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। ऐसे समय में उन्हें भारत के प्रतिष्ठित भारत युवा पुरस्कार से सम्मानित किया जाना ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक है।

# जिपं अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज

## जिला पंचायत अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी से ही बनेगा: प्रीतम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** चकराता विकासखंड में त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो चुके हैं। अब जिला पंचायत अध्यक्ष और प्रमुख पदों के चयन की प्रक्रिया शेष रह गई है, जिसे लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। खासकर चकराता और कालसी विकासखंड में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों की जीत से कांग्रेस खेमे में उत्साह का माहौल है। इस बार जिला पंचायत अध्यक्ष की सीट महिला वर्ग के लिए आरक्षित की गई है, जिससे राजनीतिक समीकरणों में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। इसी बीच चकराता विधायक एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रीतम सिंह ने दावा किया है कि देहरादून जिले का जिला पंचायत अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी से ही बनेगा।

देहरादून स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया विधिसम्मत नहीं रही और इसमें पक्षपात की संभावना को नकारा नहीं जा सकता।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता का दुरुपयोग करते हुए चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है, लेकिन हालिया चुनाव परिणामों ने साबित कर दिया है कि जनता भाजपा की कार्यशैली से असंतुष्ट है। प्रीतम सिंह ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के होते हुए भी पार्टी प्रत्याशी जीत दर्ज नहीं कर पाए, जो इस बात का प्रमाण है कि जनता अब बदलाव चाहती है।

उन्होंने विश्वास जताया कि देहरादून सहित राज्य के अनेक जिलों में कांग्रेस अपने प्रत्याशियों के माध्यम से जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त करेगी और पंचायत स्तर पर भी कांग्रेस की मजबूत उपस्थिति देखने को मिलेगी। इस मुद्दे पर टीकम सिंह राणा ने भी भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार ने जिस प्रकार से जिला पंचायत अध्यक्ष पद का आरक्षण चुनाव प्रक्रिया के बीच में किया, वह नियम विरुद्ध और पूर्व नियोजित प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार में पारदर्शिता होती, तो आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया चुनाव अधिसूचना के साथ ही सार्वजनिक की जाती, जैसा कि कांग्रेस शासन में हुआ करता था।

टीकम सिंह राणा ने कहा कि एक योग्य प्रत्याशी की जीत यह सिद्ध करेगी कि जनता भाजपा की नीतियों को नकार चुकी है। उन्होंने भरोसा जताया कि जनता सब कुछ समझती है और सही समय पर इसका उचित उत्तर भी देगी।

# पिता के जन्मदिन पर बालिकाओं को प्रदान की शैक्षिक सामग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक अश्वनी गुप्ता की धर्मपत्नी मनु गुप्ता ने अपने पिता डॉ सतेंद्र कुमार श्रीवास्तव के जन्मदिन की स्मृतिदिवस पर विद्यालय की बालि. काओं को शैक्षिक सामग्री का वितरण किया ।सोमवार को विद्यालय में आयोजित वितरण कार्यक्रम में संच. ालन करते हुए शिक्षक संतोष सिंह नेगी ने बताया कि डॉ सत्येन्द कुमार श्रीवास्तव एक अत्यन्त ज्ञानी, विद्वान, गम्भीर, ईमानदार एवं दयालु प्रवृति के व्यक्ति थे। इनका जन्म 4 अगस्त 1936 को लखनऊ में हुआ था वह एक अत्यन्त मेधावी छात्र थे। उन्होंने लखनऊ युनिवर्सिटी से वनस्पति विज्ञान में स्नातकोत्तर किया एवं गोल्ड मैडल प्राप्त किया। उसके बाद पीएचडी की तत्पश्चात आगे रिसर्च के लिये अमेरिका गये। वहाँ उनके कई रिसर्च पेपर प्रकाशित हुए । वापस भारत आ कर उन्होंने मेरठ कॉलेज में प्रवक्ता के पद पर आजीवन पाठन किया। अपने कार्यकाल में उन्होंने वनस्पति शास्त्र पर अनेको पुस्तके लिखी जोकि स्नातक व स्नातकोत्तर के छात्रों को पढ़ाई जाती थी। उनके द्वारा मेडिकल की प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए लिखी गई पुस्तकें छात्रों में काफी प्रचलित रहीं । कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मोहन सिंह रावत, पदमेश बुढ़ाकोटी, मुकेश रावत, डबल सिंह रावत, मनमोहन चौहान , सुरभि सचदेवा के करकमलों से बालिकाओं को शैक्षिक सामग्री बैग, कॉपियां, पेन का वितरण किया गया । कार्यकम में कक्षा 6, 7, 8, 9 की लगभग 50 बालिकाओं हेतु सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में बोलते हुए शिक्षक पद्मेश बुढ़ाकोटी ने कहा कि डॉ सतेंद्र श्रीवास्तव के जीवन से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए ।कार्यक्रम के समापन में विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहन सिंह रावत द्वारा चिकित्सक दंपति के इस पुनीत कार्य का आभार व्यक्त किया गया

# नगर निगम ने जल भराव की समस्या दूर करने को तैनात किए 12 डीवाटरिंग पम्प

## निगम की टीम के साथ ग्राउंड जीरो पर उतरीं नगर आयुक्त नमामि बंसल, लिया स्थिति का जायजा





**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** मुख्यमंत्री के दिए गए निर्देशो के क्रम में नगर निगम की टीम ग्राउण्ड जीरो पर जन समस्याओं के निदान कार्य में जुटी हुई हैं। आज सुबह से हो रही भारी वर्षा के चलते नगर निगम के चारों जोनल कार्यालयों एवं मुख्यालय में अपने स्तर से कुल 12 डीवाटरिंग पम्प तैनात किए गए हैं, इसके साथ ही आपदा कट्रोल रुम में प्राप्त शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जा रहा हैं।

नगर निगम द्वारा भारी वर्षा के दौरान भी लगातार प्रिंस चौक एवं शहर के अन्य मुख्य मार्गो में डीसील्टिंग पम्पों के माध्यम से बड़े नालों के सिल्ट एवं कूड़ा साफ किया जा रहा है, जिसके चलते मुख्य मार्गो पर 15 मिनट से अधिक का जल भराव नहीं हो रहा है एवं निगम द्वारा नदी/नालों की ससमय सफाई करवाए जाने के परिणामस्वरुप इस वर्ष में जल भराव की शिकायतों में काफी कमी आई है, पिछले साल की तुलना में अभी तक आधे से भी कम शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

अभी तक नगर निगम में जल भराव की कोई बड़ी शिकायत प्राप्त नहीं हुई, जिससे यातायात अथवा सामान्य जन-जीवन प्रभावित हुआ हो। भारी वर्षा के दृष्टिगत नगर आयुक्त नमामि बंसल द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत जलभराव वाले स्थलों का निरीक्षण किया गया एवं नगर निगम की आपदा नियंत्रण टीम को 24गुणा7 अलर्ट मोड में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान कहां-कहां नगर आयुक्त नमामि बंसल के साथ सहायक नगर आयुक्त राजवीर सिंह चौहान भी मौजूद रहे।

# भीम आर्मी में शामिल हुए लक्ष्मीकांत

**हल्द्वानी।** कुमाऊं कॉलोनी दमुवाढूंगा में पूर्व पार्षद लक्ष्मीकांत के निवास पर भीम आर्मी की सदस्यता ग्रहण करने के अवसर पर एक सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता सिराज अहमद ने की, जबकि संचालन नफीस अहमद खान ने किया। इस मौके पर लक्ष्मीकांत ने अपने कुछ साथियों के साथ भीम आर्मी की सदस्यता ग्रहण की। सभा में नफीस अहमद खान ने सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की और कहा, यह नाकारा सरकार गरीब बच्चों के भविष्य को समाप्त करने के लिए दलित-मुस्लिम एकता को तोड़ने का काम कर रही है। सरकार स्कूलों को बंद करके बच्चों को शिक्षा से वंचित कर रही है, जो कि उसकी सुनियोजित मंशा है। खान ने आगे कहा वहां हर मोड़ पर टैक्स वसूला जाता है, लेकिन सरकार यह कहती है कि स्कूलों को चलाना मुश्किल हो रहा है, यह झूठ है। सड़कों पर टोल देने के बाद भी गढ्डे हैं और पेट्रोल पर टैक्स बढ़ता जा रहा है, फिर भी शिक्षा की स्थिति बदतर होती जा रही है। सरकार नहीं चाहती कि लोग पढ़े-लिखे हों, क्योंकि पढ़े-लिखे लोग व्यवस्था पर सवाल उठाते हैं। संगठन के जिला अध्यक्ष नफीस अहमद खान ने लक्ष्मीकांत को भीम आर्मी में उनके योगदान के लिए जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। इस मौक े पर जीवन राम, सुरेश आर्य, मनोज आर्य, अभिषेक आर्य, रविकांत, अंकित आर्य समेत कई लोग मौजूद रहे।

**राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी**

(ई-निविदा सूचना)

पत्रांक: 1118/GMC/G-1/विज्ञापन दिनांक: 04.08.2025

**राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी** एवं डॉ0 सु0ति0 राजकीय चिकित्सालय, हल्द्वानी में "**गार्डिनिंग/लॉन मैन्टीनेंस**" के कार्यो हेतु इच्छुक निविदादाताओं से जिनके पास उत्तराखण्ड के राजकीय मेडिकल कॉलेज/राजकीय चिकित्सालय इत्यादि में गार्डिनिंग/लॉन मैन्टीनेंस इत्यादि के कार्यो 03(तीन) वर्ष का अनुभव हो से "**अनुबन्ध**" के आधार पर "**वार्षिक**" रिनुवल करते हुए अधिकतम 03 (तीन) वर्ष के लिए निर्धारित "**शर्तो एवं प्रतिबन्धों**" के अन्तर्गत "**ई-निविदा**" आमंत्रित की जाती है। अन्य विस्तृत जानकारी वैबसाईट http://uktenders.gov.in पर उपलब्ध है, जिन्हें दिनांक 05.08.2025 (अपरान्ह 5:30 बजे) से दिनांक 18.08.2025 के पूर्वान्ह 12:00 बजे तक डाउनलोड (Download) किया जा सकता है।

Advt.No - 407 Date: 04/08/2025

प्राचार्य,
राजकीय मेडिकल कॉलेज,
हल्द्वानी (नैनीताल)

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज महोदय कीर्तिनगर टिहरी गढ़वाल।**

वाद संख्या-07 सन-2025

**वादी-** दुर्गा प्रसाद पुत्र जीतमणी निवासी ग्राम-गोरसाली, पट्टी-चौरास, तहसील-कीर्तिनगर, जिला-टिहरी गढ़वाल।

**बनाम**

**प्रतिवादी- 1.** सम्पूर्णानन्द पुत्र राजेन्द्र प्रसाद ग्राम-गोरसाली, पट्टी-चौरास, तहसील-कीर्तिनगर, जिला टि०ग०।
2. विजय प्रसाद पुत्र राजेन्द्र प्रसाद ग्राम-गोरसाली, पट्टी-चौरास, तहसील-कीर्तिनगर, जिला टि०ग०।
3. संजय पुत्र राजेन्द्र प्रसाद ग्राम-गोरसाली, पट्टी-चौरास, तहसील-कीर्तिनगर, जिला टि०ग०।
4. जमुना देवी पत्नी राजेन्द्र प्रसाद ग्राम-गोरसाली, पट्टी-चौरास, तहसील-कीर्तिनगर, जिला टि०ग०।
5. ग्राम पंचायत गोरसाली जरिये प्रधान ग्राम पंचायत गोरसाली, तहसील कीर्तिनगर, टि०ग०।
6. सरकार उत्तराखण्ड जरिये श्रीमान कलेक्टर महोदय टिहरी गढ़वाल नई टिहरी।
7. समस्त रिश्तेदार एवं आम जनता।

**नोटिस बनाम हर आम व खास को**

चूंकि वादी दुर्गा प्रसाद पुत्र जीतमणी उपरोक्त ने मेरे न्यायालय में एक वाद अपने भाई सत्यप्रसाद पुत्र जीतमणी की दीवानी मृत्यु की उपधारणा की घोषणा हेतु अन्तर्गत धारा-34 विशिष्ट अनुतोष अधिनियम सपठित धारा-11 भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रस्तुत किया है। जिसमें सुनवाई की तिथि **दिनांक 20-08-2025** नियत है।

अतः हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति को इस मामले मे कोई आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो ये नियत तिथि पर ठीक 10 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय मे प्रस्तुत करें। अन्यथा न्यायालय द्वारा वाद की सुनवाई एक पक्षीय रूप से की जायेगी। सूचना जानें।

आज दिनांक 01-08-2025 को इस न्यायालय की मुद्रा व हस्ताक्षर से जारी।

**आज्ञा से**
**प्रबन्धक/रीडर**
**सिविल जज**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी**
**कीर्तिनगर**

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, गोपेश्वर (चमोली)
कारपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UR2001SGC025867

**निविदा तिथि विस्तार सूचना**

इस खण्ड की निविदा सं0-02/2025-26 से निविदा संख्या-07/2025-26 जो दिनाक- **05.08.2025** खोली जानी थी, अपरिहार्य कारण से अब दिनाक-**07.08.2025** को दोपहर 12:00 बजे तक प्राप्त एवं दिनांक-**08.08.2025** को 12.00 बजे तक जमा की जा सकती है व उसी दिवस अपराह्न में निविदादाताओं के सम्मुख सांय 14:00 बजे सार्वजनिक रूप से क्रमवार खोली जायेंगी, अन्य नियम व शर्ते यथावत् रहेंगी।

पत्रांक 682/वि0वि0ख0गोपे0/टी-1 दिनांक 04/08/2025 **अधिशासी अभियन्ता**

राष्ट्र हित में बिजली बचाये, बिजली बचाने हेतु एलईडी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं0 1912) विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 1800 180 4185/फैक्स संख्या- 0135-2760911 पर दें।)

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल", महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष सं0 : 0135-2763808, फैक्स 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट: www.ujvnl.com

RO No. 532 **अल्पकालिन ई-निविदा सूचना** Dated : 04/08/2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (आई०सी०एण्ड सी०एम०), गंगा भवन, यमुना कालोनी, देहरादून इच्छुक निविदादाताओ से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित करता है।
निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नावत है:
निविदा सं० 02/EE(IC&CM)/2025-26
कार्य/पूर्ति/सेवायें का नाम: यूजेवीएन लिमिटेड के विभिन्न विद्युत गृहों/साइटों हेतु New Transformer Oil (Naphthenic & paraffinic base) की आपूर्ति।
अनुमानित लागत : रु0 32,70,960.00 मात्र (जी०एस०टी० रहित)
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 04.08.2025 को 17:00 बजे से।
वेबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 19.08.2025 को 16:00 बजे तक।
अन्य जानकार हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://uktenders.gov.in देखें।

**अधिशासी अभियन्ता (आई०सी०एण्ड सी०एम०)**

"बिजली के दुरुपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष संख्या: 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com

पत्रांक. 536 **ई-निविदा सूचना** दिनांक 04.08.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-तृतीय), लखवाड़ बहुददेशीय परियोजना, यूजेवीएन लिमिटेड, डाकपत्थर (देहरादून) इच्छुक निविदादाताओं से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:-
निविदा सं0- 08/EE(Civil-III)/LMP/2025-26
कार्य का नाम - डाकपत्थर स्थित लखवाड़ भवन-द्वितीय की साफ-सफाई, रखरखाव, बागवानी एवं लघु मरम्मत कार्य।
अनुमानित लागत- Rs. 47,28,684/- (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि-05.08.2025 को 11:00 बजे से
वेबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि-26.08.2025 को 16:00 बजे तक
अन्य विस्तृत जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://uktenders.gov.in" देखें।

**अधिशासी अभियन्ता (जानपद-तृतीय)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# परीक्षा पास कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़

## अभ्यर्थियों से वसूलते थे चार-चार लाख रुपये, दो सरगना समेत 9 गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एसएससी परीक्षा की परीक्षा पास कराने के नाम पर लोगों से चार-चार लाख रूपये लेने वाले सॉल्वर गैंग का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने उस समय इस गैंग को पकड़ा जब सॉल्वर गैंग ने टीपीनगर चौकी क्षेत्र में रामपुर रोड स्थित होटल को अपना ठिकाना बना रखा था और पर्चा सॉल्व करने के लिए एक कंप्यूटर सेंटर को लीज पर लिया था।

6 अगस्त को एसएससी की होने वाली यह परीक्षा में जालसाज अपनी नीयत में कामयाब हो पाते उससे पहले ही पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने गैंग के दो लीडर सहित 9 गुर्गों को सलाखों के पीछे भेज दिया। छापेमारी के दौरान सॉल्वर गैंग के कब्जे से लैपटॉप, वाईफाई के डोंगल और 11 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। सभी आरोपी उत्तर प्रदेश के हाथरस, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ व हरियाणा के रहने वाले हैं। गुडवर्क करने वाली टीम को एसएसपी पीएन मीणा ने ढाई हजार रुपये इनाम दिया है। सोमवार को पुलिस बहुउद्देश्यीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी पीएन मीणा ने बताया कि एक सूचना के आधार पर पुलिस और एसओजी ने देवलचौड़ स्थित एक होटल में छापेमारी की। खबर थी कि 8 से 10 लोग पिछले कई दिनों से होटल में रुके हैं और उनकी एसएससी परीक्षा में धांधली की तैयारी है।

पुलिस ने घेराबंदी कर कमरा नंबर 103 से नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गैंग के सरगना बागपत उत्तर प्रदेश निवासी परविंदर सिंह व सुनील कुमार हैं। दोनों ने पुलिस को बताया कि गिरोह में शामिल सभी पर कर्ज है और इससे मुक्ति पाने के लिए उन्होंने सॉल्वर गैंग बनाया। प्लान के तहत कम्प्यूटर लाईब्रेरी किसी से लीज पर लेकर उत्तराखंड में होने वाली आनलाइन परीक्षा में प्रतिभागियों से चार-चार लाख रुपये में भर्ती कराएंगे। लाइब्रेरी में कुछ साल्वर बैठाकर एनीडेस्क और एमी एडमिन रिमोट डेस्कटाप एप के माध्यम से नकल कराकर उन लड़कों को पास करा देंगे और पैसे बांट लेंगे। इसी योजना के तहत दिसम्बर 2024 में हल्द्वानी मानपुर पश्चिम में स्थित ज्ञानकोश डिजिटल लाईब्रेरी देहरादून निवासी दीपक कन्नौजी से लीज पर ली। इस काम के लिए रमाकांत उर्फ राहुल को भी शामिल किया। राहुल ने बताया कि वह दिल्ली में आईटी वाले से सेटिंग कर लेगा। जिससे ऑनलाइन परीक्षा के दौरान नकल करा देंगे। ज्ञानकोश डिजिटल लाईब्रेरी हल्द्वानी में इस काम को सफल बनाने के लिए इनविजीलेटर भी अपने पार्टनर आफताब खान, अरुण कुमार को रख लिया। इसके बाद परीक्षार्थियों की जरुरत थी, जो पैसा देकर नौकरी पाना चाहते हों। अभ्यर्थियों को लाने व पैसे का लेन-देन करने का काम करने के लिए गिरोह में विशाल गिरी, शिव सिंह व जसवीर को बतौर पार्टनर रख लिए।

इसके बाद परीक्षा केंद्र में अपनी सुविधानुसार ऑनलाइन नकल कराने के लिए लैपटाप परीक्षा केंद्र के अंदर भेजने व इन्स्टाल, कनेक्ट करने के लिए आइटी वाले लड़के की जरुरत थी। इस काम के लिए अभिषेक कुमार को रख गया। ज्ञानकोश डिजीटल लाईब्रेरी में 26 जुलाई से एक अगस्त तक एसएससी की ऑनलाइन परीक्षा थी। जिसमें सभी ने अपने-अपने स्तर से नौकरी पाने वाले लड़कों को प्रलोभन देकर नियुक्ति के लिए चार-चार लाख रुपये की धनराशी तय किए और उनके प्रवेश पत्र वाटसएप पर मंगा लिए, लेकिन उनकी लैब में काम करने वाले हिमांशु बिष्ट ने लैब में लैपटाप लगाने व सिस्टमों में छेड़छाड़ करने से मना करते हुए आपत्ति कर दी। जिस कारण इस ऑनलाइन प्रतियोगिता परीक्षा में एनीडेस्क रिमोट के माध्यम से दिल्ली बैठे साल्वर से पेपर साल्व कराने के अपने प्लान में सफल नहीं हो पाए। परविंदर व सुनील की बातों का सभी ने समर्थन करते हुए अपने ऊपर हुए कर्ज व लोन चुकाने के लिए लालच के कारण ऑनलाइन प्रतियोगिता परीक्षा में एनीडेस्क रिमोट के माध्यम से दिल्ली बैठे साल्वर से पेपर साल्व कराने का काम करा रहे थे, लेकिन सफल नहीं हो पाए। इसके बाद छह अगस्त से आयोजित होने वाली ऑनलाइन एसएससी परीक्षा में नकल कराने की तैयारी थी, लेकिन इससे पहले पुलिस ने गिरोह को दबोच लिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया। पत्रकार वार्ता में एसपी सिटी प्रकाश चन्द्र, सीओ नितिन लोहनी शामिल रहे। टीम में कोतवाल राजेश कुमार यादव, एसएसआई महेन्द्र प्रसाद, एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़, एसआई प्रेम राम विश्वकर्मा, एसआई गौरव जोशी, एसआई फिरोज जालम, हैड कांस्टेबल मनोज टम्टा, इसरार नवी, कांस्टेबल ललित मेहरा, अनिल टम्टा, अमर सिंह, सुभाष राणा, भूपेन्द्र ज्येष्ठा, कुन्दन सिंह, धीरेन्द्र अधिकारी, अरविन्द राणा, संतोष विष्ट, अरुण राठौर शामिल रहे।

### पुलिस के हत्थे चढ़े यह आरोपी

पकड़े गए सॉल्वर गैंग के लोगों ने गैंग लीडर सुनील कुमार पुत्र बलबीर सिंह ग्राम बामनोली थाना दोघट जिला बागपत यूपी, (दूसरा गैंग लीडर) परविंदर कुमार पुत्र कालूराम ग्राम लोहारी थाना बडौत जिला बागपत हाल निवासी कुंतु वाला चौक शिव मंदिर कॉलोनी देहरादून, रमाकांत शर्मा उर्फ राहुल, पुत्र सुरेन्द्र कुमार शर्मा ग्राम कोतवाली थाना अहमदगढ़ बुलंदशहर यूपी, अभिषेक कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी ग्राम बढार पोस्ट शहादाबाद हाथरस यूपी, विशाल गिरी पुत्र सतीश गिरी निवासी ग्राम कूंठखास थाना रोटा रोड मेरठ हाल पता ग्राम बेगमपुर खेतड़ी बहादराबाद हरिद्वार, आफताब खान पुत्र याकूत अली निवासी ग्राम कल्याणपुर पोस्ट तोडा थाना रतनपुरी मुजफ्फरनगर, अरुण कुमार पुत्र राजकुमार निवासी तुल्हेडी मीरापुर मुजफ्फरनगर, शिव सिंह पुत्र रघुवीर सिंह निवासी ग्राम बढार थाना शहादाबाद हाथरस यूपी, जसवीर सिंह पुत्र जोगीराम निवासी ग्राम अस्थल बोहर थाना अर्बन स्टेट जिला रोहतक मूल ग्राम मुहाना जिला जींद हरियाणा शामिल हैं।

# नाले में बहकर एक युवक की मौत

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र में रविवार को मूसलधार बारिश के बाद उफनाए नाले को पार करने की को. शिश में तीन युवक बह गए। ग्रामीणों ने अपनी जान जोखिम में डालकर दो युवकों को तो बचा लिया, लेकिन तीसरा युवक तेज बहाव में बह गया। रेस्क्यू अभियान के बाद सोमवार सुबह युवक का शव भाखड़ा नदी से बरामद किया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान पीपल पोखरा, फतेहपुर मुखानी निवासी योगेश सुयाल (32 वर्षीय) के रूप में हुई है। रविवार शाम को भारी बारिश के कारण मुखानी क्षेत्र के बेल बसानी में नाला ऊनाया था। नाला पार करने के दौरान तीन युवक बह गए, जिनमें से दो को ग्रामीणों ने सुरक्षित निकाल लिया, जबकि योगेश सुयाल पानी के तेज बहाव में बह गए। घटना के बाद, पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम ने रातभर रेस्क्यू अभियान चलाया, लेकिन अंधेरे के कारण तलाश बंद कर दी गई। सोमवार सुबह अभियान फिर से शुरू हुआ और सुबह योगेश का शव भाखड़ा नदी से बरामद किया गया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि ग्राम शिब्बूनगर, पट्टी सुखरौ, कोटद्वार के खाता संख्या 78, खेत संख्या 22 मध्ये मेरी भूमि क्षेत्रफल 0.038 हे०, जिसके पूरब में श्रीमती शकुंतला देवी का भवन, पश्चिम में आम रास्ता, उत्तर में रास्ता बाद श्री संजय बड़वाल की भूमि व दक्षिण में श्री सुरेश कुमार द्विवेदी का भवन है, का पिछला मूल विक्रय विलेख / रजिस्ट्री, जो विक्रेता श्री संजय कुमार बड़थ्वाल पुत्र स्व० परमानन्द बड़थ्वाल द्वारा श्रीमती रेनू धस्माना पत्नी श्री अनिल कुमार के पक्ष में निष्पादित है और उप निबन्धक कार्यालय कोटद्वार में बही-1, जिल्द 209, पृष्ठ 303, एडी० बही-1, जिल्द 254 के पृष्ठ 143 से 152 पर क्रमांक 18 पर दिनांक 02/01/2010 को पंजीकृत है । वास्तव में खो गई है और अप्राप्य है।

श्रीमती अर्चना बड़थ्वाल द्वारा उपरोक्त भूमि को पंजाब नेशनल बैंक शाखा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार के पक्ष में बन्धक करने का प्रस्ताव दिया है। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त गुमशुदा विक्रय विलेख को पाता है या विलेख में वर्णित सम्पत्ति में किसी हित या स्वामित्व का दावा करता है, तो इस प्रकाशन की तिथि से 07 दिनों के भीतर पंजाब नेशनल बैंक शाखा कार्यालय बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल से सम्पर्क कर अपना पक्ष / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। आपत्ति/ दावा प्राप्त न होने की दशा में सम्पत्ति के बंधक की अग्रेतर कार्यवाही कर दी जाएगी।

**मुख्य प्रबन्धक पंजाब नेशनल बैंक, बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार।**

**उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लिमि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड गोपेश्वर (चमोली)
कारपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UR2001SGC025867

**निविदा सूचना**

एतदद्वारा विद्युत वितरण खण्ड गोपेश्वर के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त विद्युत कार्यो के लिए ए-क्लास लाइसेन्स धारक वर्ष 2025-2026 मे नवीनीकरण व अनुभवी निविदादाताओ से मुहरबन्द निविदाये दो भागो मे प्रथम भाग निर्धारित धरोहर राशि जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक, डाकघर की सीडीआर/एफडीआर/एनएससी के रूप में अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड गोपेश्वर के नाम बन्धक हो तथा द्वितीय भाग में नियम, शर्ते एवं दरें जो कि 180 दिनों के लिए वैध हो, निविदा निम्नवत् आमंत्रित की जाती है, निविदा में वही निविदादाता भाग ले सकेंगे जो कर्मचारी आयकर, ई०पी०एफ०, जी०एस०टी० में पंजीकृत हो, किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा। उपरोक्त तिथि को यदि अवकाश होता है तो निविदायें अगले कार्य दिवस में विक्रय अथवा खोली जायेंगी एवं विवरण निम्नवत् है-:

| निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित) रूपये में | धरोहर राशि | अनुमानित लागत लाख में | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 08/2025-26 | उपखण्ड पोखरी के विकास खण्ड पोखरी के अन्तर्गत बिभिन्न उपभोक्ताओ को एलटी/एचटी संयोजन अवमुक्त करने हेतु 11 केवी लाइन, एलटी लाइन एवं उपसस्थानो का निर्माण एव क्षमता वृद्धि का कार्य। मद एनएससी। | 1180.00 | 30000.00 | 10.00 | 18.08.2025 (12.00 बजे तक) | 19.08.2025 (12.00 बजे तक) | 19.08.2025 (16.00 बजे) |
| 09/2025-26 | श्री बद्रीनाथ धाम में 11/0.04 केवी लाइन व 1x250 केवीए अतिरिक्त परिवर्तक स्थापना एवं एलटी लाइन को निर्माण कार्य मय विकेन्द्रीकृत सामग्री। मद ओ०एण्ड०एम०। | 295.00 | 15000.00 | 3.70 | 18.08.2025 (12.00 बजे तक) | 19.08.2025 (12.00 बजे तक) | 19.08.2025 (16.05 बजे) |

पत्रांक: 683/वि0वि0ख0गोपे0/टी-1 दिनांक: 04/08/2025 **अधिशासी अभियन्ता**

राष्ट्र हित में बिजली बचाये, बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं0 1912) विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 1800 180 4185/फैक्स संख्या- 0135-2760911 पर दें।)

# बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त

## गौला नदी का जलस्तर बढ़ा, जिले में कई सड़कें बंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लगातार बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। सोमवार को भी हल्द्वानी सहित आसपास जमकर बारिश हुई। लगातार हो रही बारिश अब लोगों की मुश्किलें भी बढ़ाने लगी है। भारी बारिश से जहा गौला नदी का जल स्तर बढ़ता जा रहा है, वही मलवा आ जाने से जिले के कई मार्ग बाधित हो गए हैं। भारी बारिश के चलते जिले में 2 राज्य मार्ग और 11 ग्रामीण मार्ग बाधित हो गए है। इधर रकसिया नाला भी अब उफान मारने लगा है। प्रशासन ने लोगों को नदी किनारे न जाने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने भी बारिश का अलर्ट जारी करते हुए माध्यम से बहुत भारी बारिश होने और भूस्खलन होने की सम्भावना जताई है। महानगर हल्द्वानी सहित जिलेभर में सोमवार को भी जमकर बारिश हुई। बारिश के चलते शहर के कई इलाको में नाले ओवरफ्लो हो गए। वही गौला नदी भी अपने उफान पर आ गयी है जिसके चलते गौला बैराज के गेट खोलने पड़े। सोमवार शाम चार बजे तक जिले में सबसे अधिक 162.0 एमएम बारिश हल्द्वानी में दर्ज हुई। जबकि नैनीताल में 44.0 एमएम और कालाढूंगी में 9.0 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गयी। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से मिली जानकारी के अनुसार गर्जिया-घुघुतियाधार-बेतालघाट मार्ग और रामनगर-भण्डारपानी-आमगढ़ी-भुजान राज्य मार्ग बाधित है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9
ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट
CAN- UA 40109 UP 2001 SGC 025867

**ई-निविदा सूचना**

अधिशासी अभियनता, विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों को कराने हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त लाईसेन्सधारी ठेकेदारों/ आपूर्तिकर्ता जो आयकर, ई०पी०एफ०, जी०एस०टी० में पंजीकृत हों, से मुहरबन्द निविदायें दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि, सम्बन्धित प्रपत्र, नियम शर्तें एवं द्वितीय भाग में दरें) जो कि अनुबन्ध की तिथि से 180 दिन वैध हों, ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा में प्रथम भाग में लगाये जाने वाले प्रपत्र का मूल्य विवरण तथा अन्य समस्त नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र से अवलोकन करना सुनिश्चित करे, जो कि उत्तराखण्ड शासन की ई-निविदा वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर प्राप्त किये जा सकते है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (जी०एस०टी० अतिरिक्त) रू० लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी०एस०टी० सहित) रू० लाख में | धरोहर धनराशि रू० लाख में | निविदा क्रय करने हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन एवं ऑफ लाईन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | ऑनलाईन एवं ऑफ लाईन निविदा खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13/25-26 | विद्युत वितरण खण्ड बड़कोट के अन्तर्गत खण्ड कार्यालय, एवं विद्युत वितरण उपखण्ड पुरोला के कार्यालय कार्य हेतु 01 वर्ष के लिए बाह्य एजेंसी के माध्यम से संपादित कराये जाने का कार्य। | 10.52 | 1180.00 | 0.32 | 18.08.2025 (14:30 बजे तक) | 18.08.2025 (14:30 बजे तक) | 19.08.2025 (12:30 बजे तक) |

पत्रांक : 1550/वि०वि०ख०ब०/टी०-7 दिनांक : 02/08/2025 **अधिशासी अभियंता**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" "टोल-फ्री नं० -1912"

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) Corporate Identity No. U40109UR2001SGC025867/2358, विक्टोरिया क्रॉस विजेता गबर सिंह उर्जा भवन, कांवली रोड, देहरादून-248001 दूरभाष संख्या : 91-135-2763672-76, फैक्स 91-135-2760289, वेबसाईट www.uktenders.gov.in

**ई-निविदा सूचना**

उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लि०, देहरादून निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित करता है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| क0 सं0 | सामग्री का नाम | निविदा विशिष्टीकरण संख्या | मात्रा | अनुमानित लागत (₹) | विगत तीन वित्तीय वर्षों का औसत टर्न ओवर i.e. 2021-2022, & 2022-2023 2023-2024 (₹ में) | धरोहर राशि (₹ में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी०एस०टी० सहित (₹ में) | आनलाईन माध्यम से निविदा पूर्व आयोजित सभा की तिथि एवं समय | निविदा हेतु आनलाईन आवेदन करने एवं आनलाईन एवं आफलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | आनलाईन एवं आफ लाईन निविदा भाग-एक खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 11 के0वी0 एक्स एल पी ई एल्यूमिनियम केबिल 3x50 Sq.mm | सी सी पी-I/11/2025-2026 | 60 कि. मी. | 3,13,85,005.80 | 4,70,78,000.00 | 6,28,000.00 | 17,700.00 | 13.8.2025 को 12:00 बजे | 25.8.2025 को 17:00 बजे तक | 26.8.2025 के 15:45 बजे |
| 2. | कम्प्यूटरीकृत राजस्व रसीद बुक | सी सी पी-I/12/2025-2026 | 21 लाख शीट | 10,50,000.00 | 31,50,000.00 | 31,500.00 | 1,180.00 | | 25.8.2025 को 17:00 बजे तक | 26.8.2025 के 16:00 बजे |

अन्य विवरण के लिए कृपया वेबसाईट www.uktenders.gov.in को देखे।

No.:- 451/EE(cm)/UPCL/A-2 Dated :- 04/08/2025 अधीक्षण अभियन्ता कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-प्रथम)

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"। बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. ब्लब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं० 1912)
विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं० 1800 180 4185 /फैक्स नं० 0135-2760911 पर दे)

# भारत की रोमांचक जीत, सीरीज बराबर

## ओवल टेस्ट: इंग्लैंड के आखिरी 4 विकेट एक घंटे में गिरे, मोहम्मद सिराज का पंजा, छह रन से जीता मैच




**लंदन, वार्ता।** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (पांच विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने पांचवें टेस्ट मैच के पांचवें दिन सोमवार को पहले सत्र में इंग्लैंड को दूसरी पारी में 367 रन पर समेट कर मुकाबला छह रनों से जीत लिया।

इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 2-2 की बराबरी कर ली। भारतीय कप्तान शुभमन गिल को पूरी सीरीज में उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' और मोहम्मद सिराज को आखिरी मैच में नौ विकेट लेने के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' नवाजा गया। इंग्लैंड ने कल के छह विकेट पर 339 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में 78वें ओवर की तीसरी गेंद पर मोहम्मद सिराज ने ध्रुव जुरेल के हाथों जेमी स्मिथ (दो) को कैच आउट कराकर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद सिराज ने जेमी ओवर्टन (नौ) को पगबाधा आउटकर भारत को जीत के करीब पहुंचा दिया। इसके बाद प्रसिद्ध कृष्णा ने ब्लॉक होल में गेंद डालकर जॉश टंग (शून्य) को बोल्ड कर भारत को नौंवी सफलता दिलाई। 86वें ओवर की पहली गेंद पर मोहम्मद सिराज ने गस ऐटकिसन का ऑफ स्टंप उखाड़ कर मैच भारत की झोली में डाल दिया। ऐटकिसन ने 29 गेंदों में 17 रन बनाकर इंग्लैंड को जीत के करीब ले जाने की कोशिश की लेकिन सीराज की योकर ने उनका ऑफ स्टंप उखाड़कर भारतीय खेमे को जीत की खुशी से सराबोर कर दिया। इसी के साथ भारत ने इंग्लैंड को 367 के स्कोर पर ऑल आउट कर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर कर ली है। भारत की ओर से मोहम्मद सिराज ने 30.1 ओवर में 104 रन देकर पांच विकेट लिये। जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 27 ओवर में 126 रन देकर चार विकेट झटके। आकाश दीप ने एक बल्लेबाज को आउट किया। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाये थे। इंग्लैंड ने पहली पारी में 247 रन बनाकर 23 रनों की मामूली बढ़त हासिल की थी।

# मैं अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हूं: कप्तान स्टोक्स



**● दोनों ही टीमों ने इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया और अपनी पूरी ऊर्जा के साथ खेली**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि मैं अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हूं। भारत के छह रन से मैच जीतने पर बेन स्टोक्स ने कहा कि गेम ना खेल पाना कठिन है। दोनों ही टीमों ने इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया और अपनी पूरी ऊर्जा के साथ खेला। इस सीरीज का हिस्सा रहना गर्व का हिस्सा रहा और मैं अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हूं। (वोक्स को बल्लेबाजी के लिए भेजने पर) यह दर्शाता है कि इन खिलाड़ियों के लिए देश के लिए खेलना कितना मायने रखता है। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड और भारत की सीरीज हमेशा एक बड़ी सीरीज होती है और कई बार भावनाएं खुलकर सामने आ जाती हैं। हर कोई अपने देश का प्रतिनिधित्व करने आता है। जब आप मैच की शुरुआत में एक गेंदबाज कम हो जाते हैं तो अन्य गेंदबाजो के ऊपर अतिरिक्त जिम्मेदारी आ जाती है।

## ● प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे गिल

# हमें पता था कि इंग्लैंड के खेमे में दबाव है: गिल

**लंदन, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि हमें पता था कि इंग्लैंड के खेमे में दबाव है और हम इसी सोच के साथ मैदान में आए कि उन पर दबाव बनाये रखना है।

मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में शुभमन गिल ने कहा इस सीरीज में दोनों टीमों ने बढ़िया प्रदर्शन किया हर मैच अंतिम दिन तक पहुंचा जो कि दोनों टीमों के प्रदर्शन के बारे में बताता है।

प्लेयर ऑफ द सीरीज से सम्मानित गिल ने कहा कि सिराज और प्रसिद्ध जैसे गेंदबाज जब गेंदबाजी कर रहे होते हैं तो

**● सिराज और प्रसिद्ध जैसे गेंदबाज जब गेंदबाजी कर रहे होते है तो बतौर कप्तान अधिक चिंता की बात नहीं**

बतौर कप्तान अधिक चिता करने की जरूरत नहीं होती। दोनों गेंदबाज जानते हैं कि गेंद को कैसे हरकर कराना है। हमें पता था कि इंग्लैंड के खेमे में दबाव है और हम इसी सोच के साथ आए थे कि उनके ऊपर से दबाव कम नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन से मैं बेहद खुश हूं और इस सीरीज से पहले मैंने बेहद मेहनत की थी।







**संक्षिप्त खेल समाचार**

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में 15 से 21 अगस्त तक ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में होने वाले चार मैचों के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी। भारतीय टीम का यह दौरा 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में होने वाले महत्वपूर्ण हीरो एशिया कप से पहले एक महत्वपूर्ण माना जा रहा। एशियाकप विश्व कप क्वालीफायर टूर्नामेंट है। भारतीय टीम का नेतृत्व दिग्गज ड्रैगफ्लिकर, डिफेंडर हरमनप्रीत करेंगे व गोलकीपर के रूप में कृष्ण व सूरज शामिल होंगे। टीम में डिफेंडर सुमित, जरमनप्रीत, संजय, अमित, नीलम संजीप , जुगराज सिंह शामिल हैं, जबकि कर्नाटक के पूवन्ना सीबी टीम में एक नए चेहरे के रूप में शामिल हैं।

### तीरंदाजी लीग के पहले संस्करण की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय तीरंदाजी संघ ने सोमवार को दुनिया भर के पुरुष और महिला रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाजों के लिए फ्रैंचाइजी-शैली वाली पहली तीरंदाजी लीग की घोषणा की। विश्व तीरंदाजी, विश्व तीरंदाजी एशिया और भारतीय खेल मंत्रालय के प्रोत्साहन से आयोजित होने वाली इस लीग में दुनिया के शीर्ष 10 विदेशी तीरंदाजों के साथ-साथ शीर्ष भारतीय तीरंदाज भी शामिल होंगे, जो सभी छह फ्रैंचाइजी टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस लीग का उद्देश्य देश के ओलंपिक आंदोलन का समर्थन करने और इस खेल की वैश्विक लोकप्रियता को बढ़ाने के लिए भारतीय तीरंदाजों के विकास के लिए एक पेशेवर मंच बनना है। लीग का पहला संस्करण इस साल अक्टूबर में नई दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 11 दिनों तक चलेगा।

# पाक ने विंडीज को हराया, सीरीज जीती

**● पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को 13 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली**

**लॉडरहिल, वार्ता।** सैम अयूब (66 रन/एक विकेट) तथा साहिबजादा फरहान (74) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने तीसरे टी-20 मुकाबले में सोमवार को वेस्टइंडीज को 13 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए जेवेल एंड्रयू और ऐलेक ऐथनेज की सलामी जोड़ी ने अभी 44 रन जोड़े थे कि पांचवें ओवर में हारिस रउफ ने जेवेल एंड्रयू 15 गेंदों में 24 रन को आउटकर पवेलियन भेज दिया। नौवें ओवर में मोहम्मद नवाज ने शाई होप (सात) को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए शरफेन रदरफोर्ड ने ऐलेक ऐथनेज के साथ तीसरे विकेट के लिए 36 रन जोड़े। 13वें ओवर में सैम अयूब ने ऐलेक ऐथनेज को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। ऐलेक ऐथनेज ने 40 गेंदों में आठ चौके और एक छक्के की मदद से 60 रनों की पारी खेली। रॉस्टन चेज (15) रिटायर्ड आउट हुए। सुफियान मुकिम ने जेसन होल्डर (शून्य) बोल्ड आउट किया। आखिरी ओवर में हसन अली ने शरफेन रदरफोर्ड को साहिबजादा फरहान के हाथों कैच आउट कराकर वेस्टइंडीज के मैच जीतने की उम्मीद को ध्वस्त कर दिया। शरफेन रदरफोर्ड ने 35 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए (51) रन बनाये। वेस्टइंडीज की पूरी टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन ही बना सकी और मुकाबला 13 रनों से हार गई। 74 रनों की पारी खेलने वाले साहिबजादा फरहान को'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं सीरीज में सात विकेट लेने वाले मोहम्मद नवाज को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' पुरस्कार मिला। पाकिस्तान के लिए हसन अली, मोहम्मद नवाज, हारिस रउफ, सैम अयूब और सुफियान मकीम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सैम अयूब और साहिबजादा फरहान की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 138 रन जोड़े। 17वें ओवर में शमार जोसेफ ने साहिबजादा फरहान को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। साहिबजादा फरहान ने 53 गेंदों में पांच छक्के व तीन चौके लगाते हुए (74) रन बनाए।

### फखर जमान हैमस्ट्रिंग, वेस्टइंडीज सीरीज से बाहर

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज फखर जमान वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। वे तीसरे टी-20 में भी खेलने नहीं उतरे। यह फैसला लाडरहिल में खेले गए दूसरे टी-20 मैच के दौरान उनकी बाईं हैमस्ट्रिंग (जांघ की मांसपेशी) में चोट लगने के कारण लिया गया। उनकी जगह तीसरे टी-20 मैच के लिए खुशदिल शाह को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया था। फखर जमान को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 में फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी। इसके बाद टीम के मेडिकल स्टाफ ने जांच की और उनकी बाईं हैमस्ट्रिंग में हल्की खिंचाव की पुष्टि की। लाहौर में होगा रिहैबिलिटेशन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बताया कि फखर 4 अगस्त को पाकिस्तान लौटेंगे।

## ● मैन ऑफ द मैच रहे मोहम्मद सिराज ●

# मैंने सोचा मैं कर सकता हूं कि स्क्रीनशॉट का वॉलपेपर लगाया: सिराज

**● हम अंत तक मिलकर लड़े और मेरी एक ही योजना थी कि निरंतरता के साथ सही लेंथ हिट करता रहूं**

**लंदन, वार्ता।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि सुबह उठने के बाद मैंने सोचा कि मैं कर सकता हूं, मैंने गूगल से एक स्क्रीनशॉट लिया और उसे वॉलपेपर लगाया। इंग्लैड पर छह रनों की रोमांचकारी जारी के बाद सिराज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हर किसी ने कड़ी मेहनत की और हम अंत तक मिलकर लड़े। मेरी एक ही योजना थी कि मैं निरंतरता के साथ सही लेंथ हिट करते रहूं। प्लेयर ऑफ द मैच सिराज ने कहा कि सुबह उठने के बाद मैंने सोचा कि मैं कर सकता हूं, मैंने गूगल से एक स्क्रीनशॉट लिया और उसे वॉलपेपर लगाया। ब्रूक का विकेट गेम चेंजिग मोमेंट था, अगर मैंने वो कैच ले लिया होता तो मैच शायद इस स्थिति में पहुंचता नहीं है। ब्रूक ने बेहतरीन पारी खेली। लॉड्र्स में आउट होने दिल तोड़ने जैसा पल था, जडेजा भाई ने मुझे यही कहा था कि मैं खेलते रहूं और अपने पिता के बारे में सोचते रहूं कि उन्होंने यहां तक मुझे पहुंचाने के लिए कितनी मेहनत की थी।

### भारत की रनों के लिहाज से सबसे छोटी जीत

**लंदन, वार्ता।** भारत की इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में 6 की जीत उनके लिए टेस्ट में रनों के मामले से उनकी सबसे छोटी जीत है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 13 रन की जीत के अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। एक रोचक सीरीज का अंत रोचक रूप में हुआ। चौथे दिन के खेल के अंतिम चरण तक मैच पूरी तरह से इंग्लैंड के कब्जे में प्रतीत हो रहा था लेकिन दो नियमित विकेट ने मैच का रुख एकतरफा होने से रोका और पांचवें दिन आकर भारत ने इंग्लैंड के जबड़े से जीत छीन ली। सिराज ने पंजा लेकर भारत की झोली में जीत डाली। सिराज ने आते ही दिन के अपने पहले ओवर में स्मिथ को पवेलियन भेजा और फिर ओवर्टन को लेग बिफोर आउट किया। प्रसिद्ध कृष्णा ने भी जोश टंग को पवेलियन लौटाया लेकिन ऐटकिसन ने बड़े प्रहार कर इंग्लैंड को जल्द से जल्द जीत दिलाने की कोशिश की लेकिन सिराज ने अपने 31वें ओवर की पहली गेंद पर ऐटकिसन को बोल्ड करते हुए मैच भारत के पक्ष में झुका दिया।

# सूर्या पूरी तरह फिट होने के लिए एनसीए में



**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव सर्जरी के बाद एशिया कप से पहले पूरी तरह फिट होने के लिए इस समय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में है।

सूर्यकुमार यादव ने हाल ही में पुनर्वास और फिटनेस आकलन के लिए बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर में रिपोर्ट की थी। पूरी तहर फिट न होने के कारण उन्हें पश्चिम क्षेत्र के चयनकर्ताओं ने दलीप ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय टीम से बाहर रखा। ऐसा माना जा रहा है कि सूर्यकुमार ने उन्हें सूचित कर दिया था कि उन्होंने सीओई जांच करा ली है। म्यूनिख में हुई उनकी हर्निया की सर्जरी के बाद वह पुनर्वास की प्रक्रिया में है। सूर्यकुमार का अगला बड़ा टूर्नामेंट नौ से 28 सितंबर तक यूएई में होने वाला एशिया कप है। इस तेजतर्रार टी-20 बल्लेबाज से इस टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करने की उम्मीद है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों के अनुसार, उन्हें इस आयोजन से पहले पूरी तरह फिट होने का भरोसा है। उन्हें आखिरी बार आईपीएल के दौरान मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए देखा गया था। इस बीच, पता चला है कि श्रेयस अय्यर पिछले हफ्ते फिटनेस टेस्ट के लिए सीओई आए थे। अब वह मुंबई लौट गए हैं और माना जा रहा है कि यह दौरा नियमित जांच के लिए था। बताया जा रहा है कि वह पूरी तरह फिट हैं और खेलने के लिए तैयार हैं। एशिया कप के लिए चुने जाने तक, उन्हें दलीप ट्रॉफी में खेलना चाहिए। अय्यर आखिरी बार आईपीएल फाइनल में पंजाब किग्स फैंचाइजी की कप्तानी करते हुए देखे गए थे। आईपीएल के बेहद सफल सीजन के बाद, एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए भारतीय टेस्ट टीम में उनके शामिल होने की काफी अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन अपेक्षित चयन नहीं हो पाया।

# क्रिस वोक्स बल्लेबाजी के लिए उपलब्ध है: रूट

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर जो रूट ने कहा है कि चोटिल तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स कंधे की चोट के बावजूद ओवल टेस्ट के आखिरी दिन बल्लेबाजी के लिए उपलब्ध हैं। वोक्स ने रविवार को स्टेडियम के इनडोर फैसल्टी में एक हाथ से बल्लेबाजी का अभ्यास किया और शाम के सत्र में अपनी किट पहने भी नजर आए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वह नंबर 11 पर बल्लेबाजी कर सकें।

इंग्लैंड को जीत के लिए 35 रन और चाहिए और उनके पास चार विकेट शेष हैं। जो रूट ने कहा कि वोक्स की तैयारी यह दिखाती है कि वह टीम के लिए कितने समर्पित हैं। रूट ने कहा कि वह शेष खिलाड़ियों जैसे पूरी तरह से तैयार हैं। यह ऐसी सीरीज रही है, जिसमें खिलाड़ियों को अपनी सीमाओं से आगे जाना पड़ा है। हालांकि उम्मीद है कि हमें उनकी आवश्यकता नहीं पड़ेगी। लेकिन उन्होंने आज थ्रोडाउन लिए हैं और वह टीम के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। यह देखना बाकी है कि वोक्स दाएं हाथ से बल्लेबाजी करने का प्रयास करेंगे या चोट के कारण बाएं हाथ से बल्लेबाजी करेंगे, जैसे एक बार सलीम मलिक ने किया था। या हो सकता है कि वह मैल्कॉम मार्शल की तरह एक हाथ से खेलें। उन्होंने कहा कि इस बारे में मुझे नहीं पता।



**● जो रूट ने कहा कि वोक्स की तैयारी यह दिखाती है कि वह टीम के लिए कितने समर्पित है**

मैंने उन्हें अभी अभ्यास करते नहीं देखा है। शायद सुबह अगर वह थ्रोडाउन लेते हैं, तो जरूर साफ हो जाएगा। इंग्लैंड ने अभी वोक्स की चोट की पूरी जानकारी नहीं दी है और मैच के बाद वह स्कैन के लिए जाएंगे। लेकिन उनके इस समर में दोबारा खेलने की संभावना बहुत कम है और 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले ऐशेज टेस्ट में भी वह शायद ही खेल सकें। रूट ने कहा कि यह स्पष्ट है कि वह काफी दर्द में हैं। इस सीरीज में कई खिलाड़ियों को चोट लगी, फिर भी वे खेलते रहे। पंत ने टूटी टांग के साथ बल्लेबाजी की, टीम के लिए यह बहुत मायने रखता है। यह दिखाता है कि उनमें कितना जज़्बा है। उम्मीद है कि वोक्स को ऐसा ना करना पड़े, लेकिन अगर करना पड़ा तो वह हमें जीत दिलाने के लिए उतरेंगे। रूट ने कहा कि उनका मानना है कि उनके पास निचले क्रम में ऐसे बल्लेबाज है जो शेष 35 रन बना सकते है और भारत को सीरीज ड्रॉ करने से रोक सकते है। उन्होंने कहा कि मेजबान टीम सोमवार को पहली एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी अपने नाम करेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे पास वह सब कुछ है, जो हमें जीत दिला सकता है। यह एक शानदार सीरीज़ रही है और हमारे ड्रेसिग रूम में आत्मविश्वास है। हमें भरोसा है कि हमारे पास वे खिलाड़ी हैं, जो हमें जीत दिला सकते हैं। लेकिन यह उन सीरीज में से एक है, जहां हर मैच में दोनों टीमों के पास बढ़त बनाने का अवसर था। हमें कल एक शानदार दिन देखने को मिलेगा। इंग्लैंड को सोमवार सुबह भारी रोलर इस्तेमाल करने का अवसर मिलेगा, जिससे रविवार की तरह उन्हें रन बनाने में मदद मिल सकती है।

# दिनदहाड़े नाबालिग का अपहरण तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

❖मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के बूढ़पुर गांव में आया एक नाबालिग लड़की के अपहरण का सनसनीखेज मामला

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** कोतवाली क्षेत्र के बूढ़पुर जट गांव से दिनदहाड़े एक नाबालिग लड़की के अपहरण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 2 अगस्त को वह अपनी पत्नी और बेटे के साथ किसी कार्य से बाहर गया हुआ था। इस दौरान उसकी नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी। उसी समय गांव के ही तीन युवक सुमित, सौरभ और शुभम जबरन उनके घर में घुस आए और लड़की का अपहरण कर अपने घर ले गए। आरोप है कि तीनों युवकों ने किशोरी को अपने घर में बंद कर रखा और रात के समय किसी गंभीर आपराधिक वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। परिजनों का कहना है कि आरोपी पूर्व में भी परिवार के साथ विवाद कर चुके हैं और पहले भी कई बार लड़की को परेशान कर चुके थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाली प्रभारी शांति कुमार गंगवार ने बताया कि सुमित, सौरभ और शुभम के खिलाफ अपहरण और अन्य गंभीर धाराओं में केस पंजीकृत किया गया है। मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नाली निर्माण को लेकर जैनपुर में चली गोलियां गांव में दहशत

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** क्षेत्र के जैनपुर में पुरानी रंजिश नाली के विवाद को लेकर गांव में गोलियां चल गई जिससे गांव में भगदड़ सी मच गई और ग्रामीणों में दहशत फैल गई ।

ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि जैनपुर गांव में नाली बनाई गई थी जिसमें दूसरे पक्ष ने अपनी तरफ नाली बनने से इनकार कर दिया था इसी बात को लेकर पहले से ही पुरानी रंजिश चली आ रही थी बताया जा रहा है कि सोमवार को भी सुबह एक पक्ष के द्वारा बच्चों के साथ मारपीट की गई जब इस बात का दूसरे पक्ष को पता लगा कि यह लोग हमारे बच्चो के साथ मारपीट कर रहे हैं तो एक पक्ष में उन्हें ऐसा करने से मना किया और विरोध किया ।लेकिन आप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने पहले तो पथराव किया उसके बाद गोलीयां चलाई जिससे एक पक्ष के लोग बाल-बाल बचे । इस घटना के बाद गांव में अफरातफरी फैल गई और ग्रामीण दहशत में है । बताया जा रहा है कि एक पक्ष में पुलिस में शिकायती पत्र देकर म गोली चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। पुलिस मामले की गहराई से छानबीन में जुटी हुई है और गोली चलने के सबूत इकट्ठा कर रही है

# दहेज में कार न मिलने पर विवाहिता को घर से बाहर निकाला

पुलिस ने पति समेत ससुराल के छह लोगों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** दहेज में कार नहीं मिलने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। आरोप है कि दोनों पक्षों की पंचायत में बात हुई तो ससुराल पक्ष के लोगों ने मायके पक्ष के लोगों को पीट दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत ससुराल के छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

रुड़की कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि अमरजीत सिंह निवासी तीतरो पोस्ट कलसी नकुड़ जिला सहारनपुर के साथ 22 अगस्त 2021 को विवाह हुआ था। विवाह में परिवार ने लाखों रुपये का दान दहेज दिया था। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने कार की डिमांड करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर ससुराल पक्ष के लोग मारपीट करते थे। एक बच्चे के जन्म के बाद भी ससुराल पक्ष के लोगों के व्यवहार में सुधार नहीं हो पाया। आरोप है कि सितंबर 2024 को दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया था। जिसके बाद जनवरी 2025 में दोनों पक्षों के बीच पंचायत हुई थी। जहां ससुराल पक्ष के लोगों ने मायके पक्ष के लोगों को पीट दिया था। इंस्पेक्टर मनी भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि पति अमरजीत सिंह, सास नीता उर्फ अनीता, देवर नवदीप, तेजपाल, रामेश्वर निवासी कलसी तीतरो नकुड़ जिला सहारनपुर और रमेश निवासी दथेड़ा झिझाना शामली उत्तर प्रदेश के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# दहेज में 25 लाख न मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला पति समेत पांच पर केस दर्ज

शाह टाइम संवाददाता

**रुड़की।** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को ससुराल पक्ष ने मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। आरोप है कि दहेज में 25 लाख रुपये की डिमांड की जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत ससुराल के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गंगनहर कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि आशीष लाम्बा निवासी गणेश विहार शेखपुरी से 27 नवंबर 2024 को विवाह हुआ था। विवाह में परिवार ने लाखों रुपये का दान दहेज दिया था। आरोप है कि विवाह के बाद ससुराल पक्ष ने 25 लाख रुपये फ्लैट खरीदने के लिए मांगने शुरू कर दिए थे। विरोध करने पर ससुराल पक्ष मारपीट कर शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न करता था। आरोप है कि अप्रैल में ससुराल पक्ष ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया था। दोनों पक्षों के बीच समझौते को लेकर भी वार्ता हुई थी लेकिन ससुराल पक्ष के लोगों ने बिना दहेज के साथ रखने से साफ इनकार कर दिया था। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि पति आशीष लाम्बा, सास राधा, ससुर छबीलदास, जेठ शुभम लाम्बा, और ननद सोनिया के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## लखनौता के पास रेलवे अंडरब्रिज का नजारा

# पानी भरने से आमजन व छात्र परेशान

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेडा।** रेलवे अंडरपास में बारिश का पानी भरने से जहां लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा वहीं दोनों और की आवाजाहीं भी बंद हो गई स्कूल जा रहे बच्चे भी वापस अपने घर लौटने पर मजबूर हो गए।

कस्बा झबरेडा लखनोता मार्ग पर रेलवे द्वारा अंडरपास बनाया गया था रेलवे द्वारा बनाया गया अंडरपास लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है 2 दिन से हो रही बारिशका पानी इतना भर गया कि लोगों का आना-जाना बंद हो गया वहीं वाहन भी अंडरपास को पार नहीं कर पाए स्कूल जाने वाले बच्चे भी स्कूल नहीं जा सके उनको अंडरपास के पहले से ही घर वापस लौटना पड़ा कस्बा वह क्षेत्र के गांव निवासी राजपाल यशवीर सिंह अश्विनी कुलदीप रोहित अरविंद रविंदर प्रदीप सुशील अमित प्रजापति सौरभ अनुज आदि का कहना है कि केंद्र और राज्य सरकार को कई बार पत्र के माध्यम से रेलवे अंडरपास के बराबर में सड़क मार्ग लेवल पर अंडर पास बनाने की मांग की गई परंतु उसपर कोई कार्रवाई न होने पर यहां से आने जाने वाले लगभग हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जो लोग कस्बे में अपना व्यापार करते हैं उनको अपने व्यापार पर आने के लिए उनका रास्ता लगभग 15 किलोमीटर बढ़ जाता है लोगों का कहना है कि अंडरपास में लगभग 3.5 फुट पानी होने से स्कूल के बच्चे भी स्कूल में नहीं जा पाए वही कुछ किसान अपने खेतों से पशुओं का चारा नहीं ला पाए और जिन लोगों ने अपने वाहन के साथ अंडरपास को पार करने की कोशिश की तो उनके वहां वहीं बंद हो गए और खराब हो गए इसीलिए लोगों में रेलवे तथा राज्य सरकार के प्रति भारी रोष व्याप्त है। क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र जाति का कहना है कि उनके द्वारा भी अंडरपास को दुरुस्त करने का प्रयास कहीं बार किया गया लेकिन इस और सरकार तथा रेलवे विभाग सुनने को तैयार नहीं है।



# बारिश से सड़क पर गिरा पेड़ वन विभाग ने खोला रास्ता

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** सोमवार की सुबह हुई मूसलाधार बारिश ने लक्सर-रायसी रोड पर स्थित खड़ंजा कुतुबपुर गांव के पास जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। भारी बरसात के कारण एक विशालकाय पेड़ अचानक सड़क पर गिर गया, जिससे यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। इस घटना के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासियों ने तत्काल इस घटना की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही, वन रेंज अधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने बिना समय गंवाए एक टीम को मौके पर भेजा। भारी बारिश और मुश्किल परिस्थितियों के बावजूद, वन विभाग के कर्मचारियों ने मजदूरों के साथ मिलकर तुरंत पेड़ को हटाने का काम शुरू कर दिया। टीम की तत्परता और कड़ी मेहनत रंग लाई। कई घंटों की मशक्कत के बाद, उन्होंने उस भारी-भरकम पेड़ को काटकर सड़क से हटाया। जैसे ही रास्ता साफ हुआ, यातायात फिर से सामान्य हो गया, जिससे जाम में फंसे लोगों और वाहन चालकों ने राहत की सांस ली।वन रेंज अधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया, हमें जैसे ही सड़क बाधित होने की जानकारी मिली, हमारी टीम तुरंत मौके पर पहुंची। भारी बरसात के बावजूद, हमने यह सुनिश्चित किया कि रास्ता जल्द से जल्द खोला जाए ताकि लोगों को परेशानी न हो। वन विभाग की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की स्थानीय जनता ने जमकर तारीफ की।

# लंढौरा में संदिग्ध हालत में युवती की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**लंढौरा।** संदिग्ध हालत में 22 वर्षीय युवती की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

लंढौरा निवासी युवती की शादी छह माह पहले ज्वालापुर क्षेत्र के गांव निवासी युवक के साथ हुई थी। कुछ दिनों से युवती मायके में ही रह रही थी। रविवार रात को युवती की हालत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने युवती को रुड़की के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान युवती की मौत हो गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रुड़की सरकारी अस्पताल भेज दिया है। चौकी प्रभारी नवीन चौहान का कहना है कि अभी तक परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मामले की छानबीन की जाएगी।

## बरसात से आमजन का हाल बेहाल

# अब अपना फर्ज निभाए सरकार : राव मशकूर

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** लगातार हो रही तेज बारिश ने उत्तराखंड के किसानों और मजदूरों की कमर तोड़ दी है। खेतों में खड़ी धान की फसल पूरी तरह से खराब हो चुकी है। भारतीय मुस्लिम राजपूत संगठन के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष राव मशकूर राणा ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि वह शीघ्र सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को मुआवजा उपलब्ध कराए और मजदूरों को राशन तथा जरूरी सामान तत्काल वितरित करवाए। राणा ने कहा कि भगवानपुर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों किसानों की



फसलें बर्बाद हो गई हैं। किसानों ने कर्ज लेकर धान की बुवाई की थी, लेकिन तेज बारिश, हवा और जलभराव के कारण उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हो गया है। धान के साथ-साथ सब्जियों की फसलें भी पूरी तरह से नष्ट हो चुकी हैं।

# हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना करने पर लंढौरा नपं ईओ को नोटिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**लंढौरा।** खलिहान की भूमि पर बने भवनों को हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी न तोड़े जाने तथा हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना करना तत्कालीन तीन अधिशासी अधिकारियों को भारी पड़ गया है। शहरी विकास विभाग ने तत्कालीन तीनों अधिशासी अधिकारियों को नोटीस जारी करते हुए मामले में कोई कार्रवाई न करने के कारणों का स्पष्टीकरण मांगते हुए एक सप्ताह का समय दिया है।

कस्बें में वर्ष 2011 में निर्बल आवास योजना के अंतर्गत खसरा नंबर 780 पर करीब 12 करोड़ रुपये की लागत से 240 सरकारी भवनों का निर्माण शुरू किया गया था। इसी दौरान लंढौरा निवासी तहसीन ने हाईकोर्ट में रिट दायर कर सरकारी भवनों के खलियान और तालाब की भूमि निर्माण होने की बात कही थी। वर्ष 2015 में हाई कोर्ट ने खलियान और तालाब की भूमि पर बनाये गए सरकारी भवनों को ध्वस्त करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद नगर पंचायत की ओर से सरकारी भवनों का निर्माण सही बताते हुए डबल बैंच में अपील की थी। साल 2018 में हाईकोर्ट ने नगर पंचायत की रिट को खारिज करते हुए नगर पंचायत को हाईकोर्ट द्वारा पूर्व में जारी आदेशों का पालन करने की बात कही थी। शहरी विकास विभाग के उप सचिव प्रदीप कुमार शुक्ला ने साल 2015 से लेकर अब तक नगर पंचायत लंढौरा में अधिशासी अधिकारी के पदों पर रहे नौशाद हसीन, सुरेंद्र कुमार, राजकुमार भारती पर शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने हाईकोर्ट द्वारा जारी आदेश के 6 साल बाद भी भवनों को न तोड़ने तथा आवासों में रहने वाले लोगों के सामने पैदा होने वाले संकट को देखते हुए नगर पंचायत द्वारा हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर न करने के कारणों के संबंध में नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगते हुए तीनों को एक सप्ताह का समय दिया है। उपसचिव ने नोटिस का जवाब न देने पर तीनों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की बात भी कही है।

# पुलिस ने दो वारंटियों को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। लक्सर पुलिस द्वारा न्यायालय से जारी आदेशिकाओं की तामिल के लिए पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए दो वारंटीयो को न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार किया गया जिनके नाम रामपाल पुत्र पुन्ना निवासी ग्राम दरगाहपुर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार इदरीश पुत्र कल्लू निवासी भीकमपुर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार को गिरफ्तार किया गया उनको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी नीरज रावत उप निरीक्षक दीपक चौधरी हेड कांस्टेबल प्रदीप कनौजिया कांस्टेबल महेंद्र सिंह संजय पवार शामिल रहे।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अजमत व पुत्रवधु श्रीमति जीनत का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने अजमत व जीनत को अपनी तमाम चल व अचल संपत्ति से बे दखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। आज के बाद उक्त दोनों के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**अहसान पुत्र स्व. मकसूद, नि. हाल मौहल्ला पांवधोई, सददीक वाली कॉलोनी, ज्वालापुर, हरिद्वार।**

## नारसन बीईओ के बाबू के बच्चों के कक्ष पर अतिक्रमण करने पर

# छात्रों ने बाल संरक्षण आयोग से लगाई न्याय की गुहार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** खंड शिक्षा अधिकारी नारसन के बाबूओ द्वारा बच्चों के कक्षा कक्ष पर अतिक्रमण को लेकर राजकीय हाई स्कूल किला मंगलौर के छात्र छात्राओं ने बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्षा को कक्षा कक्ष खाली करने हेतु गुहार लगाईह है। प्रधानाध्यापक द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी नारसन को लिखें पत्र पर कार्रवाई न होने के कारण स्कूल के बच्चों ने स्वयं आगे आकर उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्षता श्रीमती गीता खन्ना को उनका कक्षा कक्ष लिपिको के चंगुल से मुक्त करने के लिए पत्र लिखा जिसमें छात्र-छात्राओं ने लिखा कि उनके विद्यालय में छात्र संख्या अधिक है एक कक्ष में 80 बच्चे बैठने के लिए मजबूर है। परंतु खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय नारसन के लिपिक कामेश्वर उनियाल द्वारा हठधर्मिता की जा रही है, इससे परेशान होकर छात्र-छात्राओं ने माननीय अध्यक्षा को गुहार लगाई। कार्यालय के लिपिक कामेश्वर प्रसाद उनियाल पहले ही विवादों में घिरे रहते हैं श्री अशोक पाल सिंह अध्यापक के साथ उक्त लिपिक दुर्व्यवहार कर चुके हैं अब देखने वाली बात यह होगी उक्त बाबू की गुंडागर्दी कब तक चलेगी। शिकायत करने वाले बच्चे अलिश, नाजिया, अलविरा, फलक, सदफ, सुहाना, जीनत,अक्शा, समीर, उजैफ, कसीम, फरियाद, उजैफ आदि शामिल है।

# मोटरसाइकिल चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्ससंवाददाता

**पिरान कलियर।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। नसरतपुर उर्फ नसीरपुर लक्सर निवासी इनाम अली ने तहरीर देकर बताया कि 25 जुलाई को उसने अपनी मोटरसाईकिल साबरी तालाब के पास खड़ी कर दरगाह में जियारत करने अंदर चला गया। कुछ देर बाद वह जब वापस आया तो उसकी मोटरसाईकिल वहां नही थी।किसी अज्ञात चोर ने उसकी मोटरसाईकिल को चोरी कर लिया है।उसने अपनी मोटरसाईकिल को काफी तलाश किया लेकिन कुछ पता नही चल पाया है।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं।

# मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू

**रुड़की।** संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई युवती के अपहरण का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। गंगनहर कोतवाली को सलेमपुर राजपूताना निवासी महिला ने बताया कि पुत्री उपासना (23) 16 अप्रैल को सुबह 9 बजे बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी, जो आज तक वापस नहीं लौटी। अब पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## बीएसएम पीजी कॉलेज में एक दिवसीय छात्र प्रेरणा कार्यक्रम संपन्न

# डिजिटल एजुकेशन से मिल रहा रोजगार : लोहानी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** बी.एस.एम.पीजी कॉलेज रुड़की में आयोजित एक दिवसीय छात्र प्रेरण कार्यक्रम में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नवीन चंद्र लोहनी ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। प्रोफेसर लोहानी ने कहा कि उत्तराखंड की दूरस्थ शिक्षा व्यवस्था में नवाचार, ओपन लर्निंग, डिजिटल एजुकेशन को बढ़ावा देकर रोजगारोन्मुखी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। किसके लिए, स्किल आधारित कार्यक्रमों पर हम लोग अधिक फोकस कर रहे हैं। जिससे उन छात्र-छात्राओं का नामांकन बढ़ाया जा सके जो अपनी शिक्षा को अधूरा छोड़ चुके हैं। इस अवसर पर बीएसएम पीजी कॉलेज की प्रबंध समिति का प्रतिनिधित्व करते हुए एडवोकेट ममतेश शर्मा ने कहा कि हमारा संस्थान उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के सभी छात्राओं को न सिर्फ एक अच्छी आधारिक संरचना उपलब्ध कराता है बल्कि उन्हें किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो इस बात का भी ध्यान रखता है। इस अवसर पर उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के श्री कुलसचिव खेमराज भट्ट ने कहा कि हम लोगों का प्रयास है कि हर स्टडी सेंटर की समस्याओं को हम समझे और उनका उचित निदान कर सकें जिससे विद्यार्थियों को होने वाली समस्याओं को कम किया जा सके। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉक्टर बृजेश बनकोटी ने कहा कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हर तरह के शैक्षणिक कोर्स उपलब्ध कराता है जिसे आप ऑनलाइन के एक क्लिक से प्राप्त कर सकते हैं। इसमें नामांकन करना सबसे आसान है और फीस भी कम है, हमारा उद्देश्य हर उस व्यक्ति तक पहुंचना है, जो शिक्षा प्राप्त करना चाहता है।



इस अवसर पर बीएसएम पीजी कॉलेज के क्षेत्रीय निदेशक प्रोफेसर मेजर गौतम वीर ने महाविद्यालय के अंतर्गत आने वाले 20 अध्ययन केंद्रो की समस्याओं को सात बिंदुओं के साथ विज्ञप्ति के रूप में कुलपति को सौंपा। कुलपति ने इन समस्त समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डॉक्टर रीमा सिन्हा, डॉक्टर अर्चना त्यागी, डॉक्टर सुनीता कुमारी, डॉक्टर शिखा जैन, डॉक्टर अलका तोमर, डॉ राजेश पालीवाल, डॉक्टर संदीप पोसवाल, डॉक्टर इंदु अरोड़ा, डॉ सीमा गुप्ता डॉक्टर भरत अरोड़ा, डा नेहा आर्य, डॉक्टर संजय चौबे,योगेश सिंघल सहित क्षेत्रीय अध्ययन केंद्रो के सभी व्यवस्थापक और समस्त छात्राए उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सुजीत सिंह ने किया।

# राउमावि नन्हेड़ा में पौधे लगाओ एडमिशन पाओ योजना की शुरुआत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नन्हेड़ा में आज प्रभारी प्रधानाचार्य ताजीम अली के दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के अवसर पर पौधे लगाओ एडमिशन पाओ योजना का शुभारंभ किया गया। इसके अलावा विद्यालय विकास पंजिका जिसमें गत दो वर्ष के विकास कार्यों का विवरण दर्ज है और सुर्खियों में विद्यालयष्नाम से एक संग्रह जारी किया गया है जिसमें पिछले दो वर्ष के दौरान अखबारों में प्रकाशित खबरों का संग्रह है विकास पंजिका मे कैलीग्राफी श्रीमती रूपाली वशिष्ठ और चित्रांकन बच्चों ने किया।

प्रधानाचार्य ताजीम अली ने कहा कि हम पौधे लगाओ एडमिशन पाओ योजना को आगे भी मजबूती से चलाएंगे क्योंकि इसकी सफलता से सरकार और विभाग के सभी



उद्देश्य पूरे होंगे साथ ही हमारा लक्ष्य अपना विद्यालय अपनी ऑक्सीजन भी पूरा होगा। प्रधानाचार्य ने आगे कहा कि मुख्य शिक्षा अधिकारी केव गुप्ता और खंड शिक्षा अधिकारी आकांक्षा राठौर के कुशल मार्गदर्शन में अधिक से अधिक कार्य करने की कोशिश की जा रही है इस संबंध में पूरे स्टाफ का भरपूर सहयोग मिल रहा है। श्रीमती रूपाली वशिष्ठ ने कहा कि विद्यालय और छात्रों के लिए काम करके हमें संतुष्टि मिलती है साथ ही कार्य करने से व्यक्ति का महत्व बढ़ता है। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक अभिषेक राज चंदन ट्यूटर कंचन नौटियाल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 5 अगस्त 2025

# अमेरिका का अड़ियल रुख

विश्व में अमेरिकी धौंस बनाए रखने के लिए वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बराबर देशों को धमका रहे हैं। कभी वह युद्ध रुकवाने के नाम पर विदेशों को धमकी देते दिखाई देते हैं तो कभी व्यापार को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसा करते हुए भी वह दोस्त व दुश्मन में भी कोई भेद करते दिखाई नहीं दे रहे हैं। सभी को एक डंडे से हांक रहे हैं। भारत की ही बात करें, भारत को मित्र देश की श्रेणी में भी रखते हैं, रणनीतिक साझेदार भी बताते हैं, लेकिन साथ ही 25 प्रतिशत का टैरिफ भी लगाते हैं और दलील देते हैं कि भारत रूस से तेल खरीद रहा है और वह तेल का पैसा रूस को मजबूत कर रहा है। जिससे रूस को यूक्रेन के साथ युद्ध करने में मदद मिल रही है और यह तब है जब अभी व्यापार को लेकर भारत व अमेरिका के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता चल रही है।

ऐसा ही रुख वह चीन के प्रति भी दिखा रहा है। चीन को भी सीधे धमकी दे रहा है और रूस व इरान से तेल न लेने के लिए दबाव बना रहा है और बात न मानने की सूरत में सौ फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दे रहा है। चीन ने हालांकि साफ कर दिया कि वह अमेरिका की धमकियों से पीछे हटने वाला नहीं है। ईरान और रूस से वह अपना तेल लेना जारी रखेगा। यह भी तब है जब स्कॉटहाम में व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए दोनों देश बैठक कर रहे हैं। अमेरिका कितना आक्रामक है यह अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट की एक्स पर की गई टिप्पणी से स्पष्ट हो जाता है, जिसमें उन्होंने कहा है कि जब रूस से तेल खरीदने की बात आती है तब चीन अपनी संप्रभुता को गंभीरता से लेता है। वैसे देखा जाए तो यह सीधे-सीधे खुली गुंडागर्दी की तरह है। हर देश की अपनी एक संप्रभुता है, अपनी जरूरत है और अपनी क्षमता है। उसी के अनुसार किसी भी देश को अपनी नीति बनानी पड़ती है। बनानी भी चाहिए, लेकिन कोई बड़ा देश उसको अपनी नीति छोड़ने के लिए कहने लगे, इसका कैसे समर्थन किया जा सकता है।

आखिर अमेरिका क्या कर रहा है। अमेरिका भी तो अपने हित ही देख रहा है, बल्कि अपने हितों की पूर्ति करने के लिए वह किसी भी हद तक जाने को आतुर दिखाई दे रहा है। यह दबंगई नहीं तो और क्या है, ऐसा करते हुए वह अपने आचरण को छुपा भी नहीं रहा है। खुल्लमखुल्ला लोगों को धमका रहा है। कोई भी समझ सकता है कि अगर देश रूस से व्यापार करने को लेकर पीछे हटते हैं तो रूस भी हाथ पर हाथ रखकर तो बैठेगा नहीं। अगर रूस इतना कमजोर होता तो वह ट्रम्प की बात कब की मान चुका होता। चीन ने भी उसकी बात मानने से साफ इन्कार कर दिया है। भले ही अमेरिकी राष्ट्रपति को लग रहा हो, वह टैरिफ के माध्यम से न सिर्फ कमजोर देशों को झुका देंगे, बल्कि उसके द्वारा होने वाली आमदनी से वह अमेरिका को मजबूती देंगे, लेकिन उन्हें समझना होगा कि हर चीज के दो पहलू होते हैं, यह दांव उल्टा भी पड़ सकता है। जिसकी कई अर्थशास्त्री आशंका भी जता चुके हैं। ऐसी भी खबरें हैं कि अमेरिका में महंगाई बढ़ने लगी है। कुल मिलाकर जिस तरह युद्धों के भय से पहले ही दुनिया डरी हुई थी, अब ट्रम्प के टैरिफ वॉर ने इसमें और आग में घी का काम किया है।

## सुरक्षा बलों के पराक्रम पर सवाल



भाजपा विरासत के संरक्षण के साथ-साथ विकास के लिए भी संकल्पित है, विरासत के संरक्षण के लिए मां शाकंभरी देवी कारिडोर बन रहा है, किसी भी मौसम में देशभर के श्रद्धालु आ सकते हैं, इसी तरह महाकुंभ में इतने श्रद्धालु आए, इससे कांग्रेस और उसके सहयोगी दल परेशान हैं, अगर आतंकी वारदात होती है, तो यह संरक्षण देने के लिए छाती चौड़ी करके आगे बढ़ने का काम करते हैं, हाल ही में दो घटनाओं पर न्यायालय ने निर्णय दिया, महाराष्ट्र के मालेगांव में कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने हिंदुओं को अभियुक्त बनाया था, कांग्रेस और उसके सहयोगी दल का यह कृत्य राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में आता है, कांग्रेस आतंकी हमला करने वालों को क्लीन चिट देती है और सुरक्षा बलों के पराक्रम पर सवाल खड़ा करती है।

-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र

# डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत को तोहफा





विनीत नारायण

हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत से आयात होने वाले सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ और रूस से तेल और हथियारों की खरीद के लिए अतिरिक्त दंड की घोषणा की। यह कदम भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है, विशेष रूप से तब जब दोनों देश एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। ट्रम्प ने भारत और रूस को 'मृत अर्थव्यवस्था' (डेड इकॉनमी) कहकर निशाना बनाया और भारत के उच्च टैरिफ और गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाओं को इसका कारण बताया।

डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में वैश्विक व्यापार को प्रभावित करने वाली आक्रामक टैरिफ नीतियों को अपनाया है। 7 अगस्त 2025 से लागू होने वाले 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान करते हुए, ट्रम्प ने भारत के रूस से तेल और सैन्य उपकरणों की खरीद को प्रमुख कारण बताया। उनके अनुसार, भारत रूस का सबसे बड़ा ऊर्जा खरीदार है, जो यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान के समय में अस्वीकार्य है। इसके अतिरिक्त, ट्रम्प ने भारत के उच्च टैरिफ ᳚जिसे उन्होंने दुनिया में सबसे अधिक बताया᳚ और गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाओं की भी आलोचना की।

यह टैरिफ अचानक भारत के लिए एक झटके के रूप में आया है, क्योंकि भारत और अमेरिका पिछले कुछ महीनों से एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे थे। ट्रम्प ने पहले 20-25 प्रतिशत टैरिफ की संभावना जताई थी, लेकिन अंतिम घोषणा में अतिरिक्त दंड भी शामिल किया गया। यह कदम भारत के फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, रत्न और आभूषण और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है, जो अमेरिका के साथ भारत के व्यापार का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

कांग्रेस के नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ट्रम्प के 'मृत अर्थव्यवस्था' वाले बयान का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, ह्हां, ट्रम्प सही हैं। हर कोई जानता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मृत है, सिवाय प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के। मुझे खुशी है कि ट्रम्प ने यह तथ्य सामने रखा। पूरी दुनिया जानती है कि भारतीय अर्थव्यवस्था खत्म हो चुकी है। भाजपा ने अडानी को मदद करने के लिए अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया।

राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाए, विशेष रूप से नोटबंदी और 'त्रुटिपूर्ण' जीएसटी को अर्थव्यवस्था के पतन का कारण बताया। उन्होंने यह भी पूछा कि ट्रम्प के भारत-पाकिस्तान सीजफायर को लेकर बार बार किए जा रहे दावों पर प्रधानमंत्री की चुप्पी क्यों है?

कांग्रेस पार्टी ने इस टैरिफ को भारत की विदेश नीति की विफलता के रूप में चित्रित किया। कांग्रेस नेता सुप्रिया नेत ने कहा, राहुल गांधी ने पहले ही इस बारे में चेतावनी दी थी। यह टैरिफ हमारी अर्थव्यवस्था, निर्यात, उत्पादन और रोजगार पर असर डालेगा। हम अमेरिका को फार्मास्यूटिकल्स निर्यात करते हैं और 25 प्रतिशत टैरिफ से ए महंगे हो जाएंगे, जिससे मांग कम होगी और उत्पादन व रोजगार पर असर पड़ेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाए और टैरिफ को भारत के व्यापार, एमएसएमई और किसानों के लिए हानिकारक बताया।

अन्य विपक्षी नेताओं ने भी इस मुद्दे पर सरकार की आलोचना की। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने इसे भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बुरे दिनों की शुरुआत बताया, जबकि असदुद्दीन ओवैसी ने ट्रम्प को व्हाइट हाउस का जोकर कहकर उनकी आलोचना की। हालांकि, कांग्रेस के कुछ नेताओं ने राहुल गांधी के रुख से अलग हटकर अधिक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया। शशि थरूर ने चेतावनी दी कि टैरिफ भारत-अमेरिका व्यापार को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकते हैं और भारत को अपने निर्यात बाजारों में विविधता लाने की आवश्यकता है।

वहीं अर्थशास्त्रियों ने इस टैरिफ के भारत की अर्थव्यवस्था पर संभावित प्रभाव को लेकर मिश्रित राय व्यक्त की है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि इसका प्रभाव सीमित होगा, जबकि अन्य ने दीर्घकालिक नुकसान की चेतावनी दी है। ईन्वेस्टमेंट इनफार्मेशन एंड क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ऑफ इंडिया (आईसीआरए) की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, प्रस्तावित टैरिफ और दंड हमारी अपेक्षा से अधिक हैं और इससे भारत की जीडीपी वृद्धि पर असर पड़ सकता है। प्रभाव की गंभीरता दंड के आकार पर निर्भर करेगी। अर्नेस्ट एंड यंग इंडिया (ई-वाई) के व्यापार नीति विशेषज्ञ अग्नेश्वर सेन ने बताया कि टैरिफ से समुद्री उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, चमड़ा और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित होंगे। यह क्षेत्र भारत-अमेरिका व्यापार में मजबूत हैं, और टैरिफ से इनकी प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो सकती है।

फाउंडेशन फॉर इकोनॉमिक डेवलपमेंट के राहुल अहलूवालिया ने चेतावनी दी कि टैरिफ भारत को वियतनाम और चीन जैसे अन्य एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कमजोर स्थिति में ला सकता है। उनके अनुसार, निर्यात आपूर्ति श्रंखलाओं का भारत की ओर स्थानांतरण अब संभावना नहीं है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने आशावादी रुख अपनाया। फिक्की के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहा, हालांकि यह कदम दुर्भाग्यपूर्ण है और हमारे निर्यात पर असर डालेगा, हमें उम्मीद है कि यह एक अल्पकालिक घटना होगी और दोनों पक्ष जल्द ही एक स्थाई व्यापार समझौते पर पहुंच जाएंगे। भारत सरकार ने इस मुद्दे पर सतर्क और संयमित रुख अपनाया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में कहा, हम राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। भारत ने एक दशक में फ्रैजाइल फाइव से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनने का सफर तय किया है। सरक. ारी सूत्रों ने संकेत दिया है कि भारत तत्काल जवाबी टैरिफ लगाने के बजाय बातचीत के रास्ते को अपनाएगा।

एक सूत्र ने कहा, चुप्पी सबसे अच्छा जवाब है। हम बातचीत की मेज पर इस मुद्दे को हल करेंगे। कुल मिलाकर डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ और अतिरिक्त दंड ने भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में एक नया तनाव पैदा कर दिया है। राहुल गांधी और विपक्ष ने इसे सरकार की आर्थिक और विदेश नीति की विफलता के रूप में प्रस्तुत किया, जबकि अर्थशास्त्रियों ने इसके मिश्रित प्रभावों की ओर इशारा किया है। जहां कुछ क्षेत्रों पर तत्काल असर पड़ सकता है, वहीं भारत के पास अन्य बाजारों में विविधता लाने और बातचीत के जरिए समाधान खोजने का अवसर है। यह स्थिति न केवल आर्थिक बल्कि भूराजनीतिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत को अपनी रणनीतिक स्वायत्तता और आर्थिक हितों को संतुलित करना होगा। देखना यह है कि आने वाले दिनों में सरकार इस समस्या से कैसे निपटती है।

# अगस्त में इन हसीन जगहों को करें एक्सप्लोर

**केरल की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में फेमस त्रिशूर घूमने के लिहाज से एक परफेक्ट डेस्टिनेशन है। यह केरल का ऐतिहा. सिक और धार्मिक शहर माना जाता है। त्रिशूर में आपको खूबसूरती से लेकर स्थानीय संस्कृति का बेजोड़ नमूना देखने का मौका मिलेगा। आप यहां पर अथिरापल्ली झरना, वड़ाकुमनाथन मंदिर आदि को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।**



जब भी दक्षिण भारतीय राज्यों में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले केरल का नाम लेते हैं। अरब सागर के तट पर स्थित केरल एक बेहद खूबसूरत राज्य है। जहां पर हर दिन हजारों पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। केरल में कपल्स को हिल स्टेशन्स से लेकर समुद्री इलाके सबसे आकर्षिक करते हैं। इसलिए हर महीने दर्जन से भी अधिक कपल्स केरल रोमांटिक वेकेशन पर जाते हैं। अगस्त साल का एक ऐसा महीना है, जब कपल्स केरल में छुट्टियां मनाने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको केरल की कुछ रोमांटिक डेस्टिनेशन के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप भी अपने पार्टनर के साथ हसीन पल बिताने के लिए पहुंच सकते हैं।

**अल्लेप्पी**

अगस्त के महीने में केरल की सबसे खूबसूरत और रोमांटिक जगह घूमने की बात की जाती है, तो कई कपल्स सबसे पहले अल्लेप्पी पहुंचते हैं। यह जगह अपनी खूबसूरती और मेहमान नवाजी के कारण केरल के टॉप हनीमून डेस्टिनेशन माना जाता है। यह जगह अपने सबसे सुंदर बैकवाटर, लैगून और खूबसूरत बीचेज के लिए जाना जाता है। यहां पर समुद्र तट के किनारे कई ऐसे रिसॉर्ट और विला हैं, जो कपल्स का शानदार वेलकम करते हैं। वहीं आप खूबसूरत बीच के किनारे खुशनुमा सुबह से लेकर हसीन शाम का लुत्फ उठा सकते हैं। वहीं पार्टनर के साथ हाउसबोट्स का भी आनंद ले सकते हैं।

**वायनाड**

वैसे केरल का मुन्नार तो हर कोई घूमने जाता है, लेकिन अगर आप किसी भीड़-भाड़ से दूर शांत और खूबसूरत हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना चाहते हैं। तो आपको वायनाड को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक और क्वांटिटी टाइम बिता सकेंगे।


वायनाड एक बेहद शानदार और खूबसूरत हिल स्टेशन है। जोकि अपने चाय-काफी के बागान, हरियाली और शानदार वॉटरफॉल के लिए फेमस है। यहां पर कई ऐसे रिसॉर्ट और विला हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक पल बिता सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर कुरुवा द्वीप, चेम्बरा पीक और बाणासुर सागर बांध जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**कोवलम**

केरल के सबसे खूबसूरत और लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में कोवलम का नाम भी शामिल है। यह अरब सागर के तट पर स्थित है। यहां पर सिर्फ अगस्त के महीने में नहीं बल्कि हर महीने पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यह जगह अपने अधिक समुद्र तटों और प्राकृतिक सुंदरता के लिए भी जाना जाता है। यहां पर हवा बीच, लाइट हाउस बीच और कोवलम बीच के किनारे कई कपल्स हनीमून के लिए भी पहुंचते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अगस्त क्रांति: स्मृतियों के बीच राष्ट्रभक्ति पर सुलगते सवाल





वीरेश तरार

भारत छोड़ो आंदोलन, जिसे इतिहास में अगस्त क्रांति के नाम से जाना जाता है, केवल एक राजनीतिक घोषणापत्र नहीं था। यह भारत की आत्मा से उपजे उस आक्रोश की आवाज थी, जो वर्षों से दबाई जा रही थी। यह अंग्रेजों के विरुद्ध तो था ही, लेकिन उससे कहीं गहरे जाकर यह उन तमाम शक्तियों के विरुद्ध भी था, जो भारत की स्वतंत्र चेतना को दबाए रखना चाहती थीं, फिर चाहे वे विदेशी हुक्मरान हों या देश के भीतर छिपे उनके साझेदार।

इस क्रांति की शुरुआत आठ अगस्त, उन्नीस सौ बयालीस को मुंबई में गांधी जी के करो या मरो के आह्वान से हुई, लेकिन इसकी चेतना कई दशक पहले उपज चुकी थी। लाहौर अधिवेशन, 1929 यही वह क्षण था जब भारतीय स्वतंत्रता संग्राम ने पूर्ण स्वराज को अपना लक्ष्य घोषित किया। इस प्रस्ताव का नैतिक बल था। भगत सिंह और उनके साथियों द्वारा जगाई गई वह क्रांति-चेतना, जो केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक और मानसिक मुक्ति की आकांक्षा से प्रेरित थी। भगत सिंह ने केवल ब्रिटिश सत्ता को चुनौती नहीं दी थी, बल्कि उन्होंने उस प्रत्याशा और जड़ता को भी तोड़ा था जो डोमिनियन स्टेटस के नाम पर अंग्रेजी कृपा की प्रतीक्षा कर रही थी। उनका विचार था कि अधूरी आजादी, दरअसल गुलामी की ही एक और शक्ल है। उनकी शहादत के बाद जो पीढ़ी सामने आई, उसमें छात्र, नवयुवक, किसान और मजदूर सभी में एक छटपटाहट थी। यह वर्ग अंग्रेजों से सिर्फ इसलिए नहीं टकरा रहा था कि वे विदेशी थे, बल्कि इसलिए भी कि वे उस शोषण-व्यवस्था के रक्षक बन चुके थे जिससे भारतीय जन-जीवन त्रस्त था। गांधी जी ने लंबे समय तक ब्रिटिश शासन को एक नैतिक सत्ता माना और वे डोमिनियन स्टेटस के पक्षधर रहे, लेकिन जब विश्व युद्ध के बीच अंग्रेजों की साम्राज्यिक कमजोरी सामने आई और भारतीय जनमानस की बेचैनी असहनीय हो गई, तब गांधी जी को पूर्ण स्वतंत्रता की मांग करनी पड़ी। यही वह बिंदु था, जहां क्रांतिकारी चेतना और गांधीवादी नेतृत्व एक बिंदु पर आकर मिलते हैं।

अगस्त क्रांति का सबसे बड़ा सत्य यही था कि जब कांग्रेस का संपूर्ण नेतृत्व गांधी, नेहरू, पटेल आदि गिरफ्तार कर लिया गया, तब भी आंदोलन नहीं रुका। यह एक जन-आंदोलन था, जिसमें नेतृत्व का अभाव भी ऊर्जा को रोक न सका। छात्र, किसान, स्त्रियां, मजदूर सबने अपने-अपने ढंग से ब्रिटिश सत्ता को चुनौती दी। परंतु, इस व्यापक जनक्रांति के बीच कुछ ऐसे चेहरे और संगठन भी थे जिन्होंने मौन धारण कर लिया और यह मौन केवल रणनीतिक नहीं, वैचारिक था।

हिंदू महासभा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आंदोलन से खुद को दूर रखा। सावरकर के निर्देश पर हिंदू महासभा के नेता प्रांतीय सरकारों में अंग्रेजों के साथ कार्यरत रहे। बंगाल और सिंध में मुस्लिम लीग के साथ मिलकर हिंदू महासभा ने सरकार चलाई उस समय जब देश के नौजवान जेलों में थे, यातनाएं झेल रहे थे, गोलियां खा रहे थे। आरएसएस ने प्रत्यक्ष भागीदारी नहीं की और आज जो संगठन राष्ट्रवाद का सबसे ऊंचा झंडा उठाते हैं, वे तब भारत की पुकार पर मौन थे। यह ऐतिहासिक सत्य है, जिसे विस्मृत नहीं किया जाना चाहिए विशेषकर तब, जब यही संगठन आजादी के आंदोलन में कांग्रेस की भूमिका पर बार-बार सवाल उठाते हैं।

भारत की रियासतों का एक बड़ा हिस्सा, विशेषत: राजपूताना, हैदराबाद, कश्मीर, ग्वालियर आदि, अंग्रेजों का स्थाई साझेदार बना रहा।

ये रियासतें कर वसूली और जागीरदारी के माध्यम से सत्ता में भागीदारी करती थीं और उन्हें स्वतंत्र भारत की कोई इच्छा नहीं थी। यह वर्ग कृ जमींदार, रईस, बड़े व्यापारी, ब्रिटिश सरकार के सहयोगी अधिकारी 1857 की क्रांति में क्रांति को विफल करने में सक्रिय भूमिका निभा चुके थे और 1942 में भी वही भूमिका दोहरा रहे थे। वे भारत को नहीं, अपने लाभ को बचाना चाहते थे। इसके बरक्स वह वर्ग था किसान, मजदूर, छोटा दुक. ानदार, दैनिक श्रमिक कृ जो अंग्रेजी शासन से त्रस्त था और जिसकी पीड़ा ही अगस्त क्रांति की आग में घी का काम कर रही थी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की भूमिका अगस्त क्रांति में जटिल रही। 1941 में सोवियत संघ पर हिटलर के आक्रमण के बाद, सोवियत हितों की रक्षा के नाम पर कम्युनिस्टों ने ब्रिटिश युद्ध प्रयासों को समर्थन देना शुरू किया। उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन से दूरी बनाई, यद्यपि कई स्थानीय स्तरों पर कार्यकर्ता आंदोलन से जुड़े रहे। यह एक उदाहरण है जब अंतर्राष्ट्रीय वामपंथी वैचारिक प्रतिबद्धताएं राष्ट्रीय आंदोलन से टकराईं।

डॉ. भीमराव अंबेडकर, इस समय वायसराय की कार्यकारिणी परिषद में श्रम सदस्य के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने आंदोलन का प्रत्यक्ष समर्थन नहीं किया। उनके लिए स्वतंत्रता से भी पहले सामाजिक समता और दलित अधिकारों की गारंटी जरूरी थी। यद्यपि वे ब्रिटिश सत्ता के स्थाई बने रहने के पक्षधर नहीं थे, पर उन्होंने कांग्रेस की नीयत पर सवाल उठाए और आंदोलन को अधूरी सामाजिक दृष्टि से देखा। हालांकि, इस लेख में उनकी भूमिका को विश्लेषण के लिए पृथक लेख में स्थान देना अधिक उचित होगा।

भारत छोड़ो आंदोलन केवल कांग्रेस का नेतृत्व आंदोलन नहीं था, बल्कि भारतीय जनता की निर्णायक भागीदारी का वह क्षण था जब लोग खुद आगे बढ़कर आंदोलन को जीवित रखते हैं। इसमें वही संगठन चुप थे, जो आज राष्ट्रवाद की ठेकेदारी करते हैं। इतिहास का यह चेहरा, हर बार स्मरण किया जाना चाहिए, क्योंकि जब आज सत्ता पक्ष आजादी के आंदोलन में कांग्रेस की भूमिका को धुंधलाने का प्रयास करता है, तो यह सवाल बार-बार पूछा जाना चाहिए कि 1942 ,जहां पूरा भारत सड़कों पर था और उसका नेतृत्व जेलों में, तब आप कहां थे? यहां इन पंक्तियों में हम केवल इतिहास का स्मरण नहीं कर रहे हैं बल्कि वर्तमान राजनीतिक विमर्श के बीच इस ऐतिहासिक सवाल को रख ना भी इसलिए जरूरी समझ रहे है क्योंकि स्वाधीनता केवल एक तारीख नहीं एक चेतना है, जिसे हर पल जिंदा रखना जरूरी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अपनी मर्जी से तेल खरीदेगा चीन

## बीजिंग ने सख्त रुख अपनाया, अमेरिका की मांग को ठुकराया

**बीजिंग।** अमेरिका, रूस और ईरान से कच्चा तेल खरीदने वाले देशों पर सख्ती कर रहा है। हालांकि चीन ने अमेरिका की इस मांग को मानने से साफ इन्कार कर दिया है। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर भी बातचीत चल रही है और उम्मीद जताई जा रही है कि दोनों देशों में व्यापार समझौता जल्द हो सकता है, लेकिन रूस और ईरान से तेल न खरीदने की बात पर चीन ने सख्त रुख अपनाया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि चीन हमेशा देशहित को ध्यान में रखते हुए अपनी ऊर्जा जरूरतों की आपूर्ति सुनिश्चित करेगा।

अमेरिका ने रूस और ईरान से तेल खरीदने पर चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। जिस पर चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि चीन हमेशा देशहित को ध्यान में रखते हुए अपनी ऊर्जा जरूरतों की



### ईरान का 80-90 फीसदी तेल खरीद रहा चीन

आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। चीन ने कहा कि दबाव बनाने और जबरदस्ती से कुछ हासिल नहीं होगा। चीन अपनी संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की दृढ़ता से रक्षा करेगा। चीन की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय सामने आई है, जब दोनों देशों के अधिकारी स्टाकहोम में व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। चीन के सख्त रुख पर तंज कसते हुए अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने कहा कि जब रूस से तेल खरीदने की बात आती है, तब चीन अपनी संप्रभुता को बहुत गंभीरता से लेता है। गौरतलब है कि अमेरिका का कहना है कि रूस से जो देश तेल खरीद रहे हैं, उससे रूस की सेना की मदद हो रही है और यूक्रेन में युद्ध जारी है। वहीं ईरान भी तेल बिक्री के पैसों से पश्चिम एशिया में आतंकी संगठनों को फंडिंग दे रहा है। ऐसे में अमेरिका में रूस और ईरान के वित्तपोषण पर रोक लगाना चाहते हैं। अमेरिका ने भारत पर भी इसके लिए 25 प्रतिशत टैरिफ और पेनल्टी लगाने की घोषणा की है। एशिया सोसाइटी पालिसी इंस्टीट्यूट के प्रतिष्ठित फेलो डैनी रसेल ने कहा कि रूस से तेल खरीदना जारी रखने से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शी जिनपिंग की 'रणनीतिक एकजुटता' बनी रहती है और चीन की आर्थिक लागत में भी उल्लेखनीय कमी आती है।

### तेल खरीदकर रूस की मदद कर रहा भारत



**राष्ट्रपति ट्रम्प के करीबी सहयोगी व्हाइट हाउस में डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ स्टीफन मिलर ने फिर लगाया आरोप**

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक वरिष्ठ सहयोगी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारत मास्को से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध में रूस को प्रभावी ढंग से वित्तीय मदद दे रहा है। ट्रम्प की ओर से नई दिल्ली पर रूस से तेल खरीदना बंद करने का दबाव बढ़ाने के बाद अमेरिकी अधिकारी ने यह आरोप लगाया है।

व्हाइट हाउस में डिप्टी चीफ आफ स्टाफ और शासन में ट्रम्प के सबसे प्रभावशाली सहयोगियों में से एक स्टीफन मिलर ने कहा, राष्ट्रपति टंप ने बहुत स्पष्ट रूप से कहा कि रूस से तेल खरीदकर भारत का इस युद्ध को वित्तपोषित करना स्वीकार्य नहीं है। मिलर ने फाक्स न्यूज से कहा लोग यह जानकर हैरान होंगे कि रूसी तेल खरीदने में भारत खासकर चीन के साथ जुड़ा हुआ है। यह एक आश्चर्यजनक तथ्य है। हालांकि मिलर ने अपनी आलोचना को नरम करते हुए ट्रम्प के भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संबंधों का उल्लेख किया और इसे जबरदस्त बताया। मिलर की ओर से की गई भारत की यह आलोचना ट्रम्प प्रशासन की ओर से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के प्रमुख साझेदारों में से एक के बारे में की गई अब तक की सबसे कड़ी आलोचनाओं में से एक थी। वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास ने इस टिप्पणी का तुरंत जवाब नहीं दिया।

# यूक्रेनी सेना में महिलाओं का दबदबा

## साढ़े तीन साल में तादाद एक लाख पहुंची, ड्रोन से लेकर मोर्चे पर तोपें संभाल रहीं

- युद्ध शुरू होने के बाद महिलाएं सेना में शामिल होने के लिए खुद आगे आ रही
- 2022 में रूस के आक्रमण से पहले सेना में 15 प्रतिशत महिलाएं थीं, अब उनकी संख्या दोगुनी हो गई है



**कीव।** यूक्रेन और रूस युद्ध के बीच यूक्रेन की सेना में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। बीते साढ़े तीन साल में सेना में महिलाओं की संख्या बढ़कर एक लाख हो गई है। फिलहाल यूक्रेनी सेना में कुल 10 लाख सैनिक हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, युद्ध शुरू होने के बाद महिलाएं सेना में शामिल होने के लिए खुद आगे आ रही हैं।

सशस्त्र बलों की सलाहकार ओक्साना ग्रिगोरिएवा बताती हैं कि रूस के खिलाफ फिलहाल साढ़े पांच हजार महिलाएं सीधे मोर्चे पर हैं। ये महिलाएं ड्रोन से लेकर सीधे मोर्चे पर तोपें संभाल रही हैं। इसके अलावा ये मेडिकल सपोर्ट, फ्रंटलाइन ट्रांसपोर्ट जैसी डयूटीज भी निभा रही हैं। बता दें कि 2022 में रूस के आक्रमण से पहले सेना में 15 प्रतिशत महिलाएं थीं। अब उनकी संख्या दोगुनी हो गई है। ग्रिगोरिएवा कहती हैं कि सैन्य स्कूलों और कालेजों में अब 20 प्रतिशत छात्राएं हैं, जो बड़ा बदलाव है। पूर्व पेशेवर हेप्टाथलीट अलीना शुख ने शुरू में प्रतिष्ठित अजोव ब्रिगेड में भर्ती होने की कोशिश की, लेकिन उन्हें बताया गया कि उनके लिए कोई पद नहीं है। इसके बाद वे खर्टिया ब्रिगेड में शामिल हुईं। शुख कहती हैं कि वह अपनी ब्रिगेड में ज्यादातर पुरुष सैनिकों से मजबूत हैं। वहीं, तोपखाने की कमांडर ओल्हा बिहार कहती हैं कि टेक्नोलाजी युद्ध को बदल रही है। अब सबसे अच्छा सैनिक ड्रोन पायलट हो सकता है, जिनकी उगलियां तेज चलती हैं। वे कहती हैं कि मुझे उम्मीद है कि मैं एक दिन रक्षा मंत्री बनूंगी। इनविजिबल बटालियन के एक रिसर्च प्रोजेक्ट में मदद करने वाली मारिया बर्लिंस्का रूस के शुरुआती आक्रमण के बाद से महिलाओं के लिए ज्यादा भूमिकाएं खोलने की कोशिश कर रही हैं। वे बताती है, हर युद्ध ने तकनीकी प्रगति और महिलाओं की आजादी को बढ़ावा दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### इज़रायल ने यमन से दागे गए ड्रोन को रोका

**यरूशलम/सना।** इज़रायल की सेना ने यमन से उसके क्षेत्र की ओर दागे गए एक ड्रोन को रोक दिया है। सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। सेना ने एक बयान में कहा कि दक्षिणी इज़रायल के बेनी नेत्ज़ारिम में सायरन यमन से प्रक्षेपित एक ड्रोन की घुसपैठ के कारण सक्रिय हो गए। बयान में यह भी कहा गया है कि ड्रोन को रोक लिया गया और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### कैमरून के एंग्लोफोन में चार अलगाववादी लड़ाके मारे गए

**याउंडे।** कैमरून के अशांत दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में एक सैन्य अभियान में कम से कम चार अलगाववादी लड़ाके मारे गए हैं। सुरक्षा सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक क्षेत्रीय सैन्य अधिकारी ने बताया कि सैन्य बलों ने शनिवार देर रात एंग्लोफोन क्षेत्र के मौमू इलाके में लड़ाकों पर घात लगाकर हमला किया। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया, अपने सूत्रों से सूचना मिलने के बाद हमारे बहादुर सैनिकों ने नियमित गश्त पर निकले और नागरिकों को आतंकित करने वाले अलगाववादी आतंकवादियों पर घात लगाकर हमला किया।

### मेक्सिको की जेल में हुए दंगे में सात कैदियों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के पूर्वी राज्य वेराक्रूज़ के टक्सपैन शहर में शनिवार को एक जेल में हुए दंगे में कम से कम सात कैदियों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। राज्य के लोक सुरक्षा सचिवालय ने रविवार को यह जानकारी दी।

# रूस के ऑयल डिपो पर यूक्रेन का ड्रोन अटैक

## आग लगी, विस्फोट का वीडियो बनाने वाली दो रशियन लड़कियों को हिरासत में लिया

**मास्को।** यूक्रेन ने रूस के सोची स्थित एक आयल डिपो पर ड्रोन से हमला किया। हमले के बाद डिपो में भीषण आग लग गई। क्रास्नोडार क्षेत्र के गवर्नर वेनियामिन कोंद्रात्येव ने बताया कि ड्रोन के मलबे के तेल टैंक से टकराने के बाद आग लगी, जिसे बुझाने के लिए 120 से ज्यादा दमकलकर्मी लगाए गए।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में डिपो से उठते काले धुएं के गुबार देखे जा सकते हैं। हमले के बाद रूस की नागरिक उड्डयन एजेंसी रोसावियात्सिया ने कुछ समय के लिए सोची एयरपोर्ट पर उड़ानें रोक दीं। इस दौरान 2 रशियन लड़कियां विस्फोट के साथ वीडियो बनाते हुए भी नजर आईं। दोनों के साथ बैकग्राउंड में एक युवक भी मौजूद था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तीनों को



हिरासत में ले लिया। रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रशियन सेना ने शनिवार रात से रविवार सुबह तक रूस और ब्लैक सी के ऊपर यूक्रेन के 93 ड्रोन मार गिराए। हालांकि रूस के वोरोनेज क्षेत्र में एक और यूक्रेनी ड्रोन हमले में चार लोग घायल हो गए। सोची आयल डिपो पर यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद काले धुएं का गुबार उठता नजर आया। दूसरी तरफ रूस भी लगातार यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन हमले कर रहा है। यूक्रेनी वायुसेना के मुताबिक शनिवार रात 2 अगस्त को रूस ने 76 ड्रोन और 7 मिसाइलें दागीं। इनमें से 60 ड्रोन और 1 मिसाइल को मार गिराया गया। बाकी 16 ड्रोन और 6 मिसाइलें आठ अलग-अलग जगहों पर गिरीं। इससे पहले 31 जुलाई को रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में यूक्रेन के 31 लोग मारे गए थे। इनमें 5 बच्चे शामिल थे, जबकि 150 से ज्यादा घायल हुए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को शांति वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए 8 अगस्त तक का अल्टीमेटम दिया है। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि अगर कोई हल नहीं निकला तो रूस पर नए आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाएंगे। हालांकि उन्होंने यह भी कहा- रूसी काफी चालाक होते हैं, अक्सर प्रतिबंधों को चकमा दे देते हैं, देखते हैं क्या होता है। ट्रम्प ने बताया कि उनके विशेष दूत स्टीव विटकाफ बुधवार या गुरुवार को रूस की यात्रा पर जा सकते हैं।

### जापान की सबसे बुजुर्ग व्यक्ति बनीं शिगेको कगावा

**टोक्या।** जापान के स्वास्थ्य, श्रम और कल्याण मंत्रालय के अनुसार, नारा प्रान्त की 114 वर्षीय सेवानिवृत्त चिकित्सक शिगेको कगावा जापान की सबसे बुजुर्ग जीवित व्यक्ति बन गई हैं। इससे पहले 114 वर्षीय मियोको हिरोयासु जापान के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति थे, लेकिन अब उनके निधन के बाद शिगेको कगावा के नाम यह उपलब्धि दर्ज हो गई है। जापान की असाधारण दीर्घायु की प्रतीक कगावा ने द्वितीय विश्व युद्ध से पहले मेडिकल स्कूल से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ओसाका के एक अस्पताल में सेवाएं दीं और बाद में एक प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में खुद के क्लिनिक का संचालन किया। वह 86 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त हुईं। 1

# टैरिफ लगाकर अमेरिका का कर्ज उतारेंगे ट्रम्प

- देश में बहुत सारा पैसा आने वाला है और इतना पैसा देश में कभी एकसाथ नहीं आया होगा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दर्जनों व्यापारिक साझेदार देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने के अपने फैसले का बचाव किया है। ट्रम्प ने कहा कि ऐसा कई साल पहले कर दिया जाना चाहिए था। ट्रम्प ने कहा कि टैरिफ से मिलने वाले पैसों से अमेरिका अपना कर्ज उतारेगा।

मीडिया से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि हम कर्ज का भुगतान करेंगे। देश में बहुत सारा पैसा आने वाला है और इतना पैसा देश में कभी एकसाथ नहीं आया होगा। इससे पहले कर्ज का भुगतान करेंगे। हमें ये कई साल पहले कर देना चाहिए था। मैंने अपने पहले कार्यकाल में चीन के साथ ये किया था, लेकिन कोरोना महामारी के चलते अन्य देशों के साथ ऐसा नहीं हो सका। ट्रम्प ने कहा कि मैं किसी तरह का दबाव नहीं, बल्कि निष्पक्षता चाहता हूं। हम जहां भी और जितना हो सके, पारस्परिक कर देखना चाहते हैं। कभी-कभी, यह उनके लिए बहुत ज्यादा हो जाता है। यह एक बहुत बड़ी राशि होगी। और मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि इससे हमारा देश सैकड़ों अरब डॉलर कमाएगा। व्हाइट हाउस में आने के छह महीनों के भीतर ही ट्रम्प ने वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को तबाह कर दिया और अमेरिका की आर्थिक ताकत का इस्तेमाल कर उन देशों को दंडित देना शुरू किया, जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा है। 2 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने उन देशों से आयात पर 50 प्रतिशत तक पारस्परिक कर लगाने और लगभग सभी अन्य देशों पर 10 प्रतिशत आधारभूत कर लगाने की घोषणा की, जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा है।

### गाजा में अतिरिक्त धनराशि देगा ऑस्ट्रेलिया

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया सरकार ने गाजा में मानवीय सहायता प्रयासों के लिए अतिरिक्त धनराशि देने का वादा किया है। विदेश मंत्री पेनी वोंग और अंतर्राष्ट्रीय विकास मंत्री ऐनी एली ने सोमवार को घोषणा की कि ऑस्ट्रेलिया गाजा में भोजन, चिकित्सा आपूर्ति और अन्य जीवन रक्षक सहायता प्रदान करने वाले संगठनों को अतिरिक्त दो करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (1.29 करोड़ अमेरिकी डॉलर) प्रदान करेगा। नई धनराशि में संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के लिए 60 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (38 लाख अमेरिकी डॉलर) और यूनिसेफ तथा रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति के लिए 50 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (32 लाख अमेरिकी डॉलर) शामिल हैं।

### थाईलैंड और कंबोडिया के अधिकारियों की मलेशिया में बैठक

- संघर्षविराम के बाद तनाव कम की कोशिशें तेज

**कुआलालंपुर।** थाईलैंड और कंबोडिया के अधिकारियों ने सोमवार को मलयेशिया में पहली बार आमने-सामने बैठक की। पिछले हफ्ते दोनों देशों के बीच घातक सीमा संघर्ष के बाद संघर्षविराम लागू हुआ था।

उसके बाद यह पहली औपचारिक बैठक थी। इस संघर्ष में कई दर्जन लोगों की जान गई और 2.6 लाख से ज्यादा लोग बेघर हुए। चार दिन तक चलने वाली सामान्य सीमा समिति की यह बैठक पहले कंबोडिया में होनी थी। लेकिन बाद में दोनों देशों ने एक तटस्थ स्थान के तौर पर मलयेशिया में मिलने पर सहमति बनाई। मलयेशिया इस साल आसियान का अध्यक्ष भी और पिछले महीने दोनों देशों के बीच संघर्ष रुकवाने में मध्यस्थ की भूमिका निभा चुका है। 28 जुलाई को संघर्षविराम तब लागू हुआ, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों देशों को आर्थिक दबाव में लेकर चेतावनी दी कि अगर संघर्ष बंद नहीं हुआ, तो अमेरिका उनके साथ कोई व्यापार समझौता नहीं करेगा। संघर्षविराम के बाद एक अगस्त को अमेरिका ने इन देशों से आयात होने वाले सामान पर टैरिफ 36 फीसदी से घटाकर 19 प्रतिशत कर दिया। आज बातचीत का मुख्य उद्देश्य यह था कि भविष्य में दोबारा कोई झड़प न हो, इसके लिए नियम तय किए जाएं। सीमा विवाद वाले इलाकों पर पुराने दावों को इस चर्चा का हिस्सा नहीं बनाया गया।

### भारतवंशी मथुरा श्रीधरन अमेरिका में सॉलिसिटर जनरल बनी

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की अमेरिकी वकील मथुरा श्रीधरन को ओहियो राज्य की सालिसिटर जनरल नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद मथुरा को आनलाइन ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। कुछ लोगों ने उनकी बिंदी और भारतीय मूल को लेकर सवाल उठाए और कहा कि एक गैर-अमेरिकी को यह पद क्यों दिया गया। इसके जवाब में ओहियो के अटार्नी जनरल डेव योस्ट ने कहा कि कुछ लोग गलत कह रहे हैं कि मथुरा अमेरिकी नहीं हैं। वह अमेरिकी नागरिक हैं, एक अमेरिकी नागरिक से शादीशुदा हैं और उनके माता-पिता भी अमेरिकी नागरिक हैं। अगर उनका नाम या रंग आपको परेशान करता है, तो समस्या आप में है, न कि मथुरा या उनकी नियुक्ति में।



**प्रयागराज।** मानसून के मौसम में गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि के बीच एसडीआरएफ के जवान बाढ़ग्रस्त क्षेत्र से लोगों को निकालते हुए।



# नेहा धूपिया ने 'फ्रीडम टू फीड' अभियान को फिर से किया शुरू

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री-निर्माता और मातृत्व अधिकारों की समर्थक नेहा धूपिया ने अपने सराहे गए अभियान 'फ्रीडम टू फीड' को वर्ल्ड ब्रेस्टफीडिंग वीक 2025 के लिए फिर से शुरू किया है।

वर्ष 2019 में शुरू हुआ यह अभियान, नेहा के अपने मातृत्व के अनुभवों और इस चाह से शुरू हुआ था कि सार्वजनिक स्थानों पर स्तनपान को बिना शर्म या जजमेंट के सहजता से अपनाया जा सके। यह प्लेटफ़ॉर्म अब तक एक ऐसा मंच बन चुका है जहां माताएं और देखभाल करने वाले अपने अनुभव साझा करते हैं और खुलकर बात करते हैं। इस साल नेहा कुछ मशहूर अभिनेत्रियों राधिका आप्टे, युविका चौधरी और सोनाली सहगल के साथ डिजिटल बातचीत करेंगी। इन बातचीतों में वे शरीर पर नियंत्रण, समाज की अपेक्षाएं और मातृत्व से जुड़ी भावनात्मक बातों पर गहराई से चर्चा करेंगी। ये बातचीतें उनके सोशल मीडिया चैनलों पर पूरे हफ्ते साझा की जाएंगी।अब तक इस अभियान को बिपाशा बसु, फ्रीडा पिटो, सोहा अली खान और दिया मिर्ज़ा जैसे कई जाने-माने सितारों का समर्थन मिला है, जिन्होंने ब्रेस्टफीडिंग और महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर खुलकर आवाज़ उठाई है। अभियान को फिर से शुरू करने पर नेहा धूपिया ने कहा कि जब मैंने पहली बार 'फ्रीडम टू फीड' शुरू किया था, तो यह मेरे निजी अनुभव से जुड़ा हुआ था। एक ऐसा समय जब मैं खुद को असहज, जज की गई और अकेली महसूस कर रही थी, जबकि वो मेरी जिंदगी का सबसे नैसर्गिक और सशक्त पल होना चाहिए था।

### ब्राजील में दिल का दौरा पड़ने से 20 साल की लड़की की मौत

**रियोडिजिनेरो।** ब्राजील में एक 20 साल की लड़की की चलती बस में मौत हो गई। उसे दिल का दौरा पड़ा था, लेकिन जब डाक्टरों ने उसका इलाज करना शुरू किया, तो उन्हें उसके शरीर से चिपके हुए 26 आईफोन मिले। यह घटना 29 जुलाई की है। लड़की बस में अकेले सफर कर रही थी। वह साओ पाउलो जा रही थी। इसी दौरान उसने सांस लेने में परेशानी की शिकायत की। उसकी हालत बिगड़ती देख बस स्टाफ ने तुरंत डाक्टरों को बुलाया। डाक्टरों की टीम ने करीब 45 मिनट तक उसे होश में लाने की कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो पाए और उसे मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया।



